सूर्योदय : 6:22
सूर्यास्त : 6:11
अधिकतम तापमान : 33.5
न्यूनतम : 20.5

RNI NO : UPHIN/2010/31173


डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-258 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 10 मार्च 2026
20 रमज़ान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा

www.avadhnama.com



# भारत शांति और कूटनीति का पक्षधर

## मध्य पूर्व के संकट पर राज्यसभा में बोले विदेश मंत्री



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष पर सोमवार को कहा कि भारत तनाव कम करने, संवाद और कूटनीति की ओर लौटने का समर्थक है और क्षेत्र के सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने पर जोर देता है।

संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन विदेश मंत्री जयशंकर ने अपनी ओर से राज्यसभा में दिए गए बयान में कहा कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर सैन्य हमले करने और तेहरान के अमेरिकी ठिकानों तथा इजराइल पर जवाबी हमलों के बाद भारत सरकार के लिए भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और व्यापार जैसे राष्ट्रीय हित सर्वोच्च प्राथमिकता हैं।

जयशंकर ने कहा, 'भारत शांति के पक्ष में है और संवाद व कूटनीति की ओर लौटने की अपील करता है। हम तनाव कम करने, संयम बरतने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की वकालत करते हैं। क्षेत्र में भारतीय समुदाय का कल्याण और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है, और हमारे राष्ट्रीय हित हमेशा सर्वोपरि रहेंगे।'

उन्होंने बताया कि भारत ने शुरू से ही चिंता व्यक्त की और सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव बढ़ाने से बचने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि संवाद और कूटनीति ही इस संकट को हल करने का एकमात्र ठोस रास्ता है। विपक्षी सदस्यों ने पश्चिम एशिया में संघर्ष के मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा किया। आसन से चर्चा की अनुमति न मिलने पर वे सदन से बहिर्गमन कर गए।

जयशंकर ने कहा कि सरकार क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर करीब से नजर रख रही है और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा तथा देश के रणनीतिक हितों की रक्षा के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इजराइल-अमेरिका ने ईरान पर हमले किए और तेहरान ने जवाबी कार्रवाई में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया। यह संघर्ष 28 फरवरी से चल रहा है। इस दौरान ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए। मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति की एक मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें क्षेत्रीय सुरक्षा, आर्थिक गतिविधियों और खाड़ी देशों में रहने वाले बड़े भारतीय समुदाय की सुरक्षा की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि लगभग एक करोड़ भारतीय खाड़ी देशों में रहते और काम करते हैं, जबकि कुछ हजार भारतीय ईरान में अध्ययन या रोजगार कर रहे हैं। यह देखते हुए क्षेत्रीय स्थिरता भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। खाड़ी क्षेत्र भारत की ऊर्जा सुरक्षा और व्यापार के लिए भी अहम है, जिसका व्यापार लगभग 200 अरब अमेरिकी डॉलर का है। जयशंकर ने बताया कि संघर्ष के दौरान वाणिज्यिक पोतों पर हमलों के कारण भारतीय नाविक प्रभावित हुए हैं, कुछ हताहत भी हुए। सरकार ने जनवरी से लगातार यात्रा परामर्श जारी किया है, भारतीय नागरिकों से गैर-जरूरी यात्रा टालने और पहले से वहां रहने वालों को भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने और सुरक्षा अपनाने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय राजनयिक मिशनों ने नागरिकों की अन्यत्र जाने और निकासी में मदद की, जिसमें कुछ भारतीयों को पड़ोसी देशों जैसे आर्मेनिया पहुंचने और वहां से भारत लौटने में सहायता शामिल है।

### पीएम मोदी पश्चिम एशिया की स्थिति पर रख रहे नजर : जयशंकर



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को संसद में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पश्चिम एशिया की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। ईरान जंग की वजह से पश्चिम एशिया के देशों में फंसे भारतीयों को स्वदेशी वापसी के लिए केंद्र सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत ईरान के संपर्क में है। विदेश मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर लगातार नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद से भारत सरकार वहां की स्थिति का लगातार आकलन कर रही है। जयशंकर ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में ईरान के शीर्ष नेतृत्व से संपर्क करना बहुत कठिन है, हालांकि उन्होंने ईरान के विदेश मंत्री से बातचीत की है।

# ईरान में नए युग की शुरुआत

## दिवंगत अली ख़ामेनेई के बेटे मोजतबा ने संभाली कमान, रूस के राष्ट्रपति ने दी बधाई




### परिचय

मोजतबा का जन्म आठ सितंबर 1969 को ईरान के मशहद शहर में हुआ था। वह अपने छह भाई-बहनों में दूसरे स्थान पर हैं। उन्हें लंबे समय से अपने पिता के उत्तराधिकारी और ईरानी सुरक्षा तंत्र के प्रभावशाली चेहरे के रूप में देखा जाता रहा है।

**तेहरान।** ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली ख़ामेनेई के पुत्र मोजतबा ख़ामेनेई को सोमवार को देश का नया सर्वोच्च नेता चुन लिया गया। ईरान के सरकारी मीडिया ने आधिकारिक तौर पर इस फैसले की जानकारी साझा की है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मोजतबा खामेनेई को बधाई दी है। ईरान में नेतृत्व के चयन के लिए उत्तरदायी संस्था 'असेंबली ऑफ़ एक्सपर्ट्स' ने उनके नाम पर मुहर लगाई। गौरतलब है कि यह परिषद 88 सदस्यीय एक शक्तिशाली धार्मिक संस्था है, जो पिछले कुछ समय से नए नेता के चयन की प्रक्रिया में जुटी थी।

परिषद के एक आधिकारिक बयान में कहा गया, 'युद्ध के अत्यंत गंभीर हालातों और हमारी संस्था के विरुद्ध शत्रुओं की सीधी धमकियों के बावजूद, इस्लामी व्यवस्था के नेतृत्व के चयन और उसकी घोषणा की प्रक्रिया एक पल के लिए भी नहीं रुकी।' 88 सदस्यीय 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने अमरीका और इजरायल के साथ युद्ध शुरू होने के एक सप्ताह से कुछ अधिक समय बाद उन्हें इस्लामिक गणराज्य का नया सर्वोच्च नेता नामित किया है। अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के बाद, तीन सदस्यीय एक अस्थायी नेतृत्व परिषद ने नया नेता चुने जाने तक देश का नेतृत्व किया। इस परिषद में जिसमें राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन और न्यायपालिका प्रमुख गुलामहुसैन मोहसेनी-एजेई शामिल थे।

एमएनए के अनुसार, ईरानी सेना, अधिकारियों और जनता ने खामेनेई के प्रति अपनी निष्ठा की शपथ ली है। सोमवार तड़के जारी बयानों में, ईरान के अधिकारियों और संगठनों ने नए चुने गए नेता के प्रति अपनी वफादारी की घोषणा की। ईरान के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ ने खामेनेई के प्रति निष्ठा जताते हुए एक बयान में पुष्टि की कि वे दुश्मनों की साजिशों के खिलाफ खड़े रहेंगे और देश की रक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। शिया धर्मगुरु खामेनेई (56) ईरानी सत्ता के गलियारों में सबसे प्रभावशाली हस्तियों में से एक हैं और उन्हें शक्तिशाली 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' का करीबी माना जाता है। ईरान की असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स ने ईरानी लोगों से नए चुने गए नेता के पीछे खड़े होने और 'एकता बनाए रखने' का आग्रह किया है।




20 रमज़ान 10.03.2026

**सुन्नी हज़रात**

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04:58 | 06:14 |

**शिया हज़रात**

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04:51 | 06:24 |

# गोरखपुर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने सीएम से की भेंट

## पत्रकारों के हितों, सुरक्षा व सम्मान जैसे विषयों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब अध्यक्ष ओंकार धर द्विवेदी के नेतृत्व में पदाधिकारियों व वरिष्ठ पत्रकारों ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को संगठन की आगामी योजनाओं और पत्रकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

भेंट के दौरान प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में सम्मलित होने का आग्रह किया। मुलाकात के दौरान प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने पत्रकारों के हितों, उनकी सुरक्षा, सम्मान और कार्य के बेहतर माहौल जैसे महत्वपूर्ण विषयों को भी मुख्यमंत्री के समक्ष प्रमुखता से रखा। पदाधिकारियों ने कहा कि पत्रकार समाज की आवाज होते हैं और वे जनहित के मुद्दों को सरकार और प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। ऐसे में पत्रकारों के हितों की रक्षा और उनके लिए बेहतर सुविधाओं की व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी है।

अध्यक्ष ओंकार धर द्विवेदी ने कहा कि गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब हमेशा से पत्रकारों की एकजुटता, उनके अधिकारों की रक्षा और समाज के प्रति जिम्मेदार पत्रकारिता को मजबूत करने के लिए कार्य करता रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि संगठन पत्रकारों के कल्याण, सुरक्षा और सामाजिक सरोकार से जुड़े विषयों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। पत्रकार समाज और सरकार के बीच एक सशक्त कड़ी के रूप में कार्य करते हैं और जनभावनाओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की नई कार्यकारिणी पत्रकारिता की गरिमा को बनाए रखते हुए समाज और संगठन के हित में बेहतर कार्य करेगी। इस अवसर पर अध्यक्ष ओंकार धर द्विवेदी के साथ उपाध्यक्ष धनेश निषाद, कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव, मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के उपाध्यक्ष गजेन्द्र त्रिपाठी तथा पूर्व उपाध्यक्ष अजित यादव उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से संगठन के विभिन्न पहलुओं पर सकारात्मक चर्चा की।

## संसद ने टी-20 विश्वकप जीतने पर दी भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई

**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों राज्यसभा और लोकसभा ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 का खिताब जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम को सोमवार को बधाई दी और इस जीत को देश के लिए बहुत गर्व का पल बताया। लोकसभा की कार्यवाही शुरु होते ही पीठासीन अधिकारी जगदंबिका पाल ने भारत की टी-20 क्रिकेट विश्व कप में जीत की सदन को सूचना दी। सदन की ओर से भारतीय टीम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी।

राज्यसभा के सभापति राधाकृष्णन ने कहा, ' देश के लिए गर्व का पल था, जब भारतीय क्रिकेट टीम ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड को बड़े अंतर से हराकर आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप का खिताब जीता। भारत की यह तीसरी बार टी-20 जीत है, खास बात यह है कि यह भारतीय टीम का लगातार दूसरा खिताब है।

# युद्ध क्षेत्र में फंसे भारतीयों पर हो संसद में बहस : अखिलेश

## विदेश नीति की वजह से बढ़ती जा रही महंगाई



**नई दिल्ली।** सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि बड़ी संख्या में लोग युद्ध क्षेत्र में फंसे हैं। महंगाई बढ़ती जा रही है। इसके साथ तमाम बड़े मुद्दे है, जिन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए।अखिलेश ने सोमवार को संसद परिसर में मीडिया से बातचीत में कहा कि इस सरकार ने विदेश नीति को नीलाम कर दिया है। अमेरिका हमारी सरकार को हुकुम दे रहा है। कितने दिन तेल खरीदना है, कहां से खरीदना है, यह भी अमेरिका तय कर रहा है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार युद्ध को लेकर अपनी राय साफ करे। युद्ध प्रभावित देशों में बड़ी संख्या में भारतीय फंसे हुए हैं। नौकरी पेशा, कामकाजी लोग और पर्यटक फंसे है। जो पत्रकार फंसे है, वे कैसे लौटेंगे। महंगाई बढ़ती जा रही है। लोगों के सामने संकट की स्थिति है। इन मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए।

**भारतीय क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास :** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने क्रिकेट टी-20 विश्वकप पुनः जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम और देशवासियों को बधाई दी। अखिलेश यादव ने कहा कि जिस बड़ी सोच के साथ हमने एशियाई शेरों के लिए इटावा लायन सफारी की शुरुआत की थी, वो सोच फलीभूत हो रही है। यहां एशियाई शेरों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

# बीजेपी ने ओबीसी को कुछ नहीं दिया

## राहुल गांधी ने लगाया आरोप, मदद का झूठा दावा



**नई दिल्ली।** लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर पीएम मोदी की नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार का घेराव किया है। कांग्रेस सांसद ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) की मददगार होने का दावा करती है, लेकिन असलियत में उसकी सरकार ने इस वर्ग को कुछ नहीं दिया।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पार्टी के ओबीसी विभाग महिला सदस्यों की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भारत अमेरिका व्यापार समझौते का उल्लेख करते हुए यह आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी पूरी तरह समझौता कर चुके हैं। बीजेपी कहती है कि वो ओबीसी की मदद करती है, लेकिन असलियत में उनकी सरकार ने पिछड़े वर्ग को कुछ नहीं दिया। इसलिए आपको (ओबीसी) मिलकर काम करना है और संगठित होकर आवाज उठानी है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी ब्लैकमेल हो रहे हैं, इसलिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आगे सरेंडर कर चुके हैं।

### विदेश मंत्री जयशंकर के बयान पर उठाया सवाल

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर के संसद में दिए बयान पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जयशंकर ने पश्चिम एशिया पर लंबी बात की लेकिन 'ईरान' का नाम तक नहीं लिया, जो कि क्षेत्र का एक प्रमुख देश है।

# लखनऊ से कोलकाता जा रहे इंडिगो विमान में आई खराबी

## दोनों डिप्टी सीएम केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक घंटे भर फंसे रहे




**लखनऊ।** यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को एक बार फिर विमान में तकनीकी खराबी आने की वजह से दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। इस बार उनके साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी थे। दोनों नेता लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट से कोलकाता जा रही इंडिगो की फ्लाइट में बैठे थे। तकनीकी समस्या के चलते एक घंटे सभी यात्री विमान में ही फंसे रहे।

इंजीनियरिंग टीम ने इंडिगो विमान की जांच की और फिर उड़ान भरने की अनुमति दी। यह मामला इंडिगो की फ्लाइट 6E-505 का है। क्लीयरेंस मिलने के बाद सुबह 7 बजकर 40 मिनट पर लखनऊ से कोलकाता के लिए इंडिगो का विमान रवाना हुआ। विमान में यूपी के दोनों डिप्टी सीएम के भी सवार होने की वजह से हड़कंप की स्थिति मची रही। इस दौरान दोनों उप मुख्यमंत्री विमान में ही बैठे रहे। यह फ्लाइट लखनऊ से 8:43 बजे रवाना हुई और 10:21 बजे कोलकाता में उतरी।

गौरतलब है कि केशव प्रसाद मौर्य इससे पहले शनिवार को भी एक विमान हादसे का शिकार होने से बच गए थे। लखनऊ से कौशांबी के लिए उड़ान भरने के कुछ ही मिनट के भीतर उनके हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई। हेलिकॉप्टर के केबिन में अचानक धुआं भरने लगा। पायलट ने अमौसी एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करवाई।

पायलट की सतर्कता की वजह से विमान को सुरक्षित अमौसी एयरपोर्ट पर लैंड करा लिया गया था। इस घटना में केशव प्रसाद मौर्य पूरी तरह सुरक्षित रहे। हेलिकॉप्टर में खराबी की जानकारी मिलते ही लखनऊ के अधिकारी अमौसी एयरपोर्ट पर पहुंचे। हेलिकॉप्टर में धुआं भरने की घटना की जांच शुरू हो गई है।

### एक घंटे तक रहा अफरा-तफरी का माहौल

विमान रुकने की वजह से करीब एक घंटे तक रनवे पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। दोनों डिप्टी सीएम किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कोलकाता जा रहे थे। विमान में वीवीआईपी की मौजूदगी के कारण एयरपोर्ट अथॉरिटी और सुरक्षा एजेंसियों के हाथ पांव फूल गए थे। सूचना मिलते ही इंजीनियरिंग टीम तुरंत मौके पर पहुंची। करीब घंटे भर की मशक्कत के बाद इंजीनियरों ने विमान को उड़ान के लिए फिट घोषित किया, तब जाकर यात्रियों ने राहत की सांस ली।

## बहरीन में समुद्री पानी को साफ करने वाले प्लांट को बनाया निशाना

# ईरान ने कर दिया बड़ा वार, पानी को तरसेगी खाड़ी

## पर्शियन गल्फ के तट पर सैकड़ों प्लांट



**तेहरान।** ईरान-अमेरिका की लड़ाई के बीच खाड़ी क्षेत्र में जारी संघर्ष ने एक खतरनाक मोड़ ले लिया है। अब तक ईरान जहां अमरीका के सैन्य ठिकानों पर चुन-चुनकर हमले कर रहा था, वहीं अब उसने टारगेट बदलते हुए पहली बार बहरीन में समुद्री पानी को साफ करने वाली डीसैलिनेशन यानी नमक हटाने वाले प्लांट को निशाना बनाया है।

शुरुआत सात मार्च को अमरीका और इजरायल की ईरान के दक्षिणी केश्म द्वीप पर स्थित एक वॉटर प्लांट पर हमले से हुई, जिससे 30 गांवों की जल आपूर्ति बाधित हो गई थी। अब ईरान ने इसका बदला लेते हुए बहरीन में मौजूद पानी के प्लांट को टारगेट किया है। ईरान ने पहले बहरीन में अमरीकी नौसेना बेस पर हमला किया और फिर एक ईरानी ड्रोन ने बहरीन के डिसेलिनेशन प्लांट को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिसमें तीन लोगों के जख्मी होने की भी खबर है। बहरीन ने इसे संघर्ष का नया चरण बताया, क्योंकि खाड़ी देश पानी के शुद्धिकरण पर ज्यादा निर्भर हैं।

यह घटना क्षेत्रीय जल सुरक्षा को खतरे में डाल रही है, जहां ये संयंत्र लोगों की मूलभूत आवश्यकता को पूरा करते हैं. इसे नुकसान पहुंचने से खाड़ी में पानी का संकट जरूर आएगा। इससे पहले, ईरान ने दुबई के जबेल अली बंदरगाह और अन्य ऊर्जा सुविधाओं पर हमले किए थे, जो वॉटर प्लांट के पास थे, लेकिन अब सीधे निशाना बनाना एक नई रणनीति को जन्म देता है, जो और भी ज्यादा घातक है। बता दें कि पर्शियन गल्फ के तट पर सैकड़ों डीसैलिनेशन प्लांट लगे हुए हैं। ये प्लांट समुद्री पानी से नमक अलग करके पीने लायक पानी बनाते हैं। अगर इन प्लांट्स को नुकसान पहुंचता है, तो खाड़ी के कई बड़े शहरों में पानी की भारी किल्लत हो सकती है। खाड़ी देशों की पानी की जरूरत का बड़ा हिस्सा इसी डीसैलिनेशन तकनीक से पूरा होता है। कुवैत में करीब 90 फीसदी पीने का पानी डीसैलिनेशन से आता है। ओमान में यह आंकड़ा लगभग 86 फीसदी है, जबकि सऊदी अरब में करीब 70 फीसदी पीने का पानी डीसैलिनेशन से तरीके से तैयार किया जाता है।

एक्सपर्ट मानते हैं कि अगर पानी के प्लांट्स को जानबूझकर निशाना बनाया जाता है, तो इससे खाड़ी के सभी मुल्क जंग में शामिल होने के लिए भी मजबूर हो सकते हैं। दूसरी तरफ ईरान खुद डीसैलिनेशन पर ज्यादा निर्भर नहीं है। वहां पानी का ज्यादातर हिस्सा नदियों, बांध और भूजल से आता है।

### ईरान के साथ संघर्ष समाप्त करने को लेकर ट्रंप का बड़ा बयान



**वॉशिंगटन।** अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ जारी संघर्ष को कब समाप्त करना है इसका निर्णय इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ मिलकर लिया जाएगा। 'द टाइम्स ऑफ इज़राइल' के साथ एक साक्षात्कार में ट्रंप ने दावा किया कि वर्तमान सैन्य कार्रवाई से पहले ईरान इज़राइल को नष्ट करने के करीब था। उन्होंने कहा, 'ईरान इज़राइल और उसके आसपास की हर चीज़ को तबाह करने जा रहा था। यह पूछने पर कि क्या अभियान को रोकने का अधिकार अमरीका के पास है या इसमें इज़राइल का भी समान प्रभाव है, ट्रंप ने संकेत दिया कि दोनों नेता एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

# आईपीएल में उत्तर प्रदेश का जलवा

## पहली बार उतरेंगे लखनऊ के नमन तिवारी और अमेठी के प्रशांत वीर



**लखनऊ।** 28 मार्च से शुरू होने जा रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें संस्करण में इस बार यूपी के खिलाड़ियों का जलवा देखने को मिलेगा। खास तौर पर लखनऊ के बाएं हाथ के मीडियम पेसर नमन तिवारी और अमेठी के प्रशांत वीर पर सभी की निगाहें रहेंगी। दोनों खिलाड़ी पहली बार आईपीएल में पदार्पण कर रहे हैं और अपने प्रदर्शन से पहचान बनाने को तैयार हैं। नमन तिवारी पहले भारतीय अंडर-19 टीम का हिस्सा रह चुके हैं और उन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने अपनी टीम में शामिल किया है। टीम में पहले से मौजूद मोहसिन खान के साथ नमन को भी इस सीजन में अपनी धारदार गेंदबाजी दिखाने का मौका मिल सकता है।

वहीं अमेठी के प्रशांत वीर ने यूपी लीग में शानदार प्रदर्शन कर सुर्खियां बटोरी थीं। मिनी ऑक्शन में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने उन्हें खरीदा, जिसके बाद वे पहली बार आईपीएल का हिस्सा बनेंगे। इस दौरान उन्हें टीम के कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर करने का मौका मिलेगा, जो उनके लिए बड़े अनुभव की तरह होगा।

### यूपी के एक दर्जन खिलाड़ी अलग-अलग टीमों में

इस सीजन में प्रदेश के करीब एक दर्जन खिलाड़ी विभिन्न फ्रेंचाइजी टीमों का हिस्सा बनकर मैदान में उतरेंगे। रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु की गेंदबाजी की जिम्मेदारी मेरठ के भुवनेश्वर कुमार और प्रयागराज के यश दयाल के कंधों पर होगी। वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए अलीगढ़ के रिंकू सिंह और हापुड़ के कार्तिक त्यागी मैदान में उतरेंगे। दिल्ली कैपिटल्स में कानपुर के कुलदीप यादव, मेरठ के समीर रिजवी और बाराबंकी के विप्रज निगम को जगह मिली है। इसके अलावा सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ के जीशान अंसारी और नोएडा के शिवम मावी पर भरोसा जताया है।

# महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी 11 करेंगी जनसुनवाई

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश लगाने और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती सुजीता कुमारी 11 मार्च को जनपद का दौरा करेंगी। उक्त जानकारी डीपीओ लवकुश कुमार भार्गव ने दी उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में महिला जनसुनवाई करेंगी। इस दौरान पीड़ित महिलाओं की शिकायतें सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की समीक्षा बैठक भी आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे इसके बाद दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक विकास खंड फूलबेहड़ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नारी चौपाल एवं विभागीय योजनाओं से संबंधित विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप में महिलाओं को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और मौके पर ही समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा।

## स्टेशन परिसर में बने पार्क में कृत्रिम घास हटाई गई, नियम के खिलाफ हुए काम पर डीआरएम ने निर्देश देकर इसे हटवाया

**लखीमपुर खीरी।** स्टेशन परिसर में बने पार्क में कृत्रिम घास हटा दी गयी। अमृत योजना के चल रहे काम के चलते ठेकेदार ने नौ लाख रूपये में इसे लगवाया गया। नियम के खिलाफ हुए काम पर डीआरएम ने निर्देश देकर इसे हटवा दिया। लखीमपुर स्टेशन को अमृत भारत योजना के तहत बेहतर और सुंदर बनाया जाना है। इस स्टेशन को एयरपोर्ट जैसा दिखने वाला बनाया जाना है। वहीं दूसरी तरफ पहले फेज में ही संजीव घास की जगह निर्जीव घास लगा दी गयी। इसकी शिकायत डीआरएम लखनऊ से की गयी। डीआरएम ने इसे नियम के खिलाफ बताकर कृत्रिम घास हटाने के निर्देश दिए।इसके बाद इसे हटा दिया गया। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लखीमपुर रेलवे स्टेशन के कायाकल्प और आधुनिकीकरण के लिए लगभग 16 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया है। इस योजना के तहत स्टेशन पर यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं, बेहतर प्रवेश द्वार, कोच गाइडेंस सिस्टम, और 12 मीटर चौड़ा ओवरब्रिज जैसी सुविधाएं प्रदान की जानी हैं। इसके लिए पहले फेज का काम लगभग पूरा हो गया है।

## रामसेवक हत्याकांड का खुलासा कर के पांच अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान भेजा

**लखीमपुर खीरी।** थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम नौसरजोगी में हुए रामसेवक हत्याकांड का पुलिस ने सोमवार को खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस घटना के पांच अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया है। नौसर योगी गांव के निवासी रामसेवक के साढ़ू के लड़के अरविंद, जिसकी ससुराल नौसर जोगी में है उसका अपने ससुरालियों से बीते बृहस्पतिवार को विवाद हुआ था। इसके बाद अरविंद अपनी मां के साथ मौसा रामसेवक के घर रुक गया था। शुक्रवार को फिर विवाद और मारपीट हुई, जिसमें विपक्षियों ने रामसेवक के सिर पर पटरी से वार कर दिया था जिससे गंभीर घायल रामसेवक की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। सोमवार को थाना भीरा पुलिस ने इस घटना के अभियुक्त पूरनलाल, उसके पुत्र अवशेष उर्फ अभिषेक निवासीग्राम ग्राम नौसरजोगी, रामलोटन उर्फ राजकुमार निवासी ग्राम डिमरौल और नीरज व सतेन्द्र निवासीगण ग्राम बीबीपुर थाना को गिरफ्तार कर लिया।

## बाघ ने बनाया सांड को अपना निवाला, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**लखीमपुर-खीरी।** दक्षिण खीरी वन प्रभाग को भरिगवां वन चौकी के अंतर्गत मौठीखेड़ा गांव के पास बीती रात बाघ ने खेतों की तरफ विचरण कर रहे सांड को अपना निवाला बना लिया। सुबह खेतों की तरफ गए मजदूरों ने गन्ने के खेत में सांड का शव पड़ा देखा तो वन विभाग को सूचना दी। ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत बाबरपुर के मजरा मौठीखेड़ा में गांव के दक्षिण बाघ ने खेतों की तरफ विचरण कर रहे एक सांड को अपना निवाला बना लिया। सोमवार की सुबह खेतों की तरफ टहलने गए मजदूरों व किसानों ने श्याम नारायन के गन्ने के खेत में एक सांड को अधखाया शव देखा तो वहां अफरा तफरी मच गई देखते ही देखते वहां भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने वहां आसपास के खेतों में बाघ की मौजूदगी की पुष्टि की है। वन विभाग की टीम ने सांड के शव को दफन करा दिया है। बाघ की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

## घरेलू गैस सिलेंडर बुकिंग की समय सीमा 15 दिन से बढ़कर हुई 21 दिन उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानी

**लखीमपुर खीरी।** घरेलू गैस सिलेंडर बुकिंग की समय सीमा 15 दिन से बढ़ाकर 21 दिन कर दी गई है। नई व्यवस्था के बाद उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। आरोप है कि एजेंसी स्तर पर बड़े पैमाने पर गैस ब्लैकिंग की जा रही है, जबकि जरूरतमंदों को खुलेआम लगभग 1200 में सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है उपभोक्ताओं का कहना है कि समय सीमा बढ़ने का फायदा उठाकर कुछ एजेंसी संचालक मनमानी कर रहे हैं, जिससे आम लोगों को समय पर गैस नहीं मिल पा रही।

## चंद्रकेश मिश्रा बने निघासन अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष

**लखीमपुर-खीरी।** चंद्रकेश मिश्रा बने निघासन अधिवक्ता संघ के अध्यक्षः वीरेंद्र सिंह भदौरिया को 47 वोटों से हराया, मोहम्मद लतीफ खां बने मंत्री।

## अग्निवीर भर्ती को लेकर जिला प्रशासन दिए निर्देश

**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** भारतीय सेना में अग्निपथ योजना के तहत भर्ती को लेकर जिला प्रशासन द्वारा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। भर्ती प्रक्रिया में 12 जनपदों के अभ्यार्थियों के भाग लेने की उम्मीद जताई जा रही है। इस प्रक्रिया के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग को अधिक से अधिक यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भर्ती प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।भर्ती रैली का आयोजन जाट रेजीमेंट सेंटर, बरेली परिसर में 11 से 23 मार्च तक किया जाएगा। अग्निवीर जनरल ड्यूटी के अभ्यर्थी 18 मार्च को रैली में प्रतिभाग करेंगे।

## महिला आयोग के सदस्य 11 को करेंगी जनसुनवाई

**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** महिला आयोग की सदस्या द्वारा आगामी 11 मार्च को महिलाओं से संबंधित मामलों की सुनवाई की जाएगी।

जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या अवनी सिंह द्वारा आगामी 11 मार्च को प्रातः11 बजे लोक निर्माण विभाग, के गेस्ट हाउस में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला जनसुनवाई करेंगी।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित समस्याओं व शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना है। उन्होंने जनपद की समस्त महिलाओं से अपील करते हुए कहा है कि वह अपनी समस्याओं के समाधान हेतु निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर जनसुनवाई का लाभ उठाएं।

## विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे सभी कार्यकर्ताः नवाब अंसारी



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** समाजवादी पार्टी की महानगर कार्यकारिणी की मासिक बैठक में आगामी 2027 के चुनाव को लेकर संगठन को मजबूत करने के साथ ही कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया गया। समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी ने अपने आवास पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और सक्रियता से संगठन को मजबूती मिली है और आने वाले 2027 के चुनाव में भी इसी तरह संगठित होकर काम करना होगा। वरिष्ठ सपा नेता व पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से एसआईआर में बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा लगाए गए फर्जी 7 नंबर फार्म के षड्यंत्र को भी कार्यकर्ताओं ने विफल करने का काम किया और किसी भी पात्र व्यक्ति का वोट कटने नहीं दिया। अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं को पूरी मजबूती से जुटकर अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी की सरकार बनाने के लिए कार्य करना होगा। उन्होंने महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में सहारनपुर महानगर में संगठन को लगातार मजबूत किया जा रहा है। बैठक में महानगर महासचिव राजीव अग्रवाल, इस्लाम देवबंदी, शादाब अंसारी, अकरम खान, पारस, सलीम अहमद, सलीम अख्तर, नफीस खलीफा, अनस अंसारी, मोहसिन मलिक, आशीष, राजकुमार, सनी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 850 बड़े बकायादारों को भेजे कुर्की नोटिस



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम के राजस्व विभाग ने बड़े बकायादारों से वसूली में तेजी लाने के लिए कुर्की के नोटिस जारी करने शुरु कर दिए हैं। करीब साढ़े आठ सौ बकायादारों को कुर्की नोटिस भेजे गए है। निगम अधिकारियों ने बताया कि भवनों को कुर्क करने के बाद उनकी नीलामी की प्रक्रिया शुरु की जायेगी। शहर के सात बकायादारों की सम्पत्तियों को निगम द्वारा सील भी किया गया है।

नगर निगम द्वारा बकाया टैक्स वसूली के लिए भवनों को सील करने व कुर्की आदि की सख्त कार्रवाई शुरु कर दी गयी है। कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर अभी तक करीब साढ़े आठ सौ बड़े बकायादारों को कुर्की नोटिस भेजे गए हैं और अभी अन्य को भी भेजे जा रहे हैं। उन्होंने ऐसे सभी बकायादारों से अपील की है कि वे कुर्की की कार्रवाई से बचने के लिए बकाया टैक्स तत्काल जमा कराएं। उन्होंने बताया कि भवनों को कुर्क करने के बाद उनकी नीलामी की प्रक्रिया भी शुरु की जायेगी।

उन्होंने बताया कि अंबाला रोड, खात्ताखेड़ी, दिल्ली रोड व नखासा बाजार में भवन स्वामियों द्वारा बकाया जमा न करने पर आठ सम्पत्तियों को सील करने की कार्रवाई की गयी है।

# 2 हजार भवन स्वामियों ने जीआईएस नोटिसों पर नही की आपत्ति

## साढे 37 हजार में से केवल पांच हजार ने भरे हैं स्वकर प्रपत्र

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा जीआईएस सर्वे के आधार पर महानगर के करीब साढ़े 37 हजार भवन स्वामियों को स्वकर प्रपत्र के साथ नोटिस भेजे गए थे। इनमें से मात्र पांच हजार भवन स्वामियों ने ही आपत्ति करते हुए स्वकर प्रपत्र जमा कराये हैं। बाकि जिन साढ़े 32 हजार भवन स्वामियों ने स्वकर प्रपत्र नहीं भरे है। नगर निगम द्वारा उनके एकतरफा बिल जारी किये गए हैं।

कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि महापौर डॉ. अजय कुमार और नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर जीआईएस सर्वे के नोटिसों के साथ भवन स्वामियों को स्वकर प्रपत्र भेजे गए थे, ताकि यदि सर्वे के दौरान भवन की माप में कोई त्रुटि आ गयी हो तो उसे ठीक कराया जा सके। उन्होंने बताया कि महानगर के करीब साढ़े 37 हजार भवन स्वामियों को स्वकर




प्रपत्र के साथ नोटिस भेजे गए थे। इनमें से मात्र पांच हजार भवन स्वामियों ने ही आपत्ति करते हुए स्वकर प्रपत्र जमा कराये हैं। बाकि सब भवन स्वामियों के एकतरफा बिल जारी कर दिए गए है जो निगम के पोर्टल पर उपलब्ध है।

उन्होंने भवन स्वामियों से अनुरोध किया है कि यदि किसी भवन स्वामी को बिल प्राप्त नहीं हुआ तो वह नगर निगम कार्यालय से या गूगल पर निगम की वेबसाइट पी टैक्स एसएनएन डॉट कॉम पर अपना पीटीआई या भवन संख्या डालकर सर्च कर बिल प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि भवन स्वामी 31 मार्च तक संशोधित बिल पर 20 प्रतिशत की छूट का लाभ भी प्राप्त कर कसते है। इसके बाद कोई छूट देय नहीं होगी। कर अधीक्षक ने बताया कि जिन आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों के स्वकर प्रपत्र नोटिस के साथ निगम द्वारा भेजे जा रहे हैं उनमें से यदि किसी भवन स्वामी को नोटिस पर आपत्ति है तो वह स्वकर प्रपत्र भरकर निगम में जमा करा सकता है और अपने प्रथम संशोधित बिल पर 20 प्रतिशत की छूट का लाभ प्राप्त कर सकता है।

# होली मिलन समारोह में झूमे चित्रांशजन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां



*अवधनामा संवाददाता*

**पीलीभीत।** कायस्थ सेवा समिति द्वारा रविवार देर शाम कायस्थ भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम में शहर के बड़ी संख्या में चित्रांश समाज के लोग एकत्रित हुए और एक-दूसरे को गले मिलकर एवं फूलों की होली खेलकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अवनीश सक्सेना ने की, जबकि संचालन डॉ. अमित कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान चित्रगुप्त जी की वंदना के साथ हुआ। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई, जिसमें बच्चों और बड़ों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों में आकृति राज, श्रीनिका और अंशिका ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं बड़ों में महिला वर्ग की अध्यक्ष सुनीता जौहरी, वर्षा, विद्या, पुष्पा, अनीता सक्सेना, डॉ. ममता, डॉ. अलका और सरोज जौहरी ने नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में समां बांध दिया। इसके अलावा डॉ. भरत कंचन ने अपने मधुर गीतों से माहौल को और भी रंगीन बना दिया। कार्यक्रम के दौरान चित्रांश समाज के अनिल कमल, अवनीश सक्सेना, विमल सक्सेना, डॉ. अनिल सक्सेना और नितिन सक्सेना ने समाज और समिति के विकास व उत्थान के लिए अपने विचार रखे और समाज के लोगों से एकजुट होकर समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष अवनीश सक्सेना, महामंत्री अविनाश चंद्रा, सुशील बाबू सक्सेना, अनिल कमल, राजेंद्र सक्सेना, डॉ. पी.एन. सक्सेना, डॉ. मुकेश सक्सेना, महेश नारायण सक्सेना, अशोक सक्सेना, कमल सक्सेना, सुधीर जौहरी, नितिन सक्सेना, अखिलेश सक्सेना, विमल सक्सेना, संदीप सक्सेना, सर्वेश सक्सेना, विशाल सक्सेना, तुषार चंद्रा, आयुष सक्सेना, अजय सक्सेना, डॉ. अनिल सक्सेना, डॉ. बी.के. श्रीवास्तव, डॉ. भरत कंचन, डॉ. सचिन, शिरीष सक्सेना, संजय सक्सेना, विपिन सक्सेना, रामजी नाथ, सौरभ सक्सेना, सचिन सक्सेना, मोहित सक्सेना, अभय सक्सेना, अनुज सक्सेना, मनोज सक्सेना, सरोज जौहरी, सुनीता जौहरी, वर्षा सक्सेना, अनीता सक्सेना, डॉ. ममता, डॉ. अलका, विद्या, पुष्पा, मीनू सक्सेना, इति, पूनम, पंकज, कंचन सक्सेना, शीला सक्सेना आदि सहित बड़ी संख्या में चित्रांशजन उपस्थित रहे।

# काव्य संग्रह 'अनुभूति के आयाम' का किया विमोचन

## अतिथियों ने की साधना शर्मा के साहित्यिक योगदान की सराहना



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग की शिक्षक श्रीमती साधना शर्मा द्वारा रचित काव्य संग्रह अनुभूति के आयाम के विमोचन समारोह में वक्ताओं ने काव्य संग्रह की रचना व प्रकाशन के लिए साधना शर्मा के साहित्यिक योगदान की सराहना की।

दिल्ली रोड स्थित एक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर मण्डलायुक्त भानु प्रताप यादव व इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति वीरेंद्र यादव ने कहा कि काव्य संग्रह में पर्यावरण, देश प्रेम, मां, जीव प्रेम, ईश्वर आराधना, बाल्य काल, बाल श्रम जैसे विषयों पर 51 कविताओं में लेखिका द्वारा अपनी भावनाओं को काव्य रूप में अभिव्यक्त किया गया है। जस्टिस वीरेंद्र यादव ने काव्य संग्रह की सराहना करते हुए साधना शर्मा द्वारा निरंतर साहित्य सृजन में संलग्न रहने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि मां जीवन का संविधान है तथा सुप्त बुद्ध कविता का उन्होंने विशेष उल्लेख किया। मुख्य वक्ता डॉ.राम विनय शर्मा, राजकुमार उपाध्याय, डॉ.वीरेंद्र आजम ने भी काव्य संग्रह की रचना व प्रकाशन के लिए साधना शर्मा के साहित्यिक योगदान की सराहना की।

इससे पूर्व मंजू शर्मा ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। रमेश कुमार व डॉक्टर राजेश मोहन द्वारा गीतों की सुन्दर प्रस्तुति दी गई। संचालन डॉ.गोपाल शर्मा ने किया। इस दौरान डॉ.रश्मि शर्मा, सुशील शर्मा, डॉ.राजेश मोहन शर्मा, रजनी शर्मा, डॉ.अंशु शर्मा, डॉ.शुभ्रा चतुर्वेदी, अंकित वशिष्ठ, सपना, प्रज्ञा, राजू सोनी, विदुषी, अयाना, अनूप सिंह, कैप्टन गौरव मिश्रा, अजय गुप्ता, अनिल त्यागी, राजकुमार चौधरी, राजेश तायल, रविंद्र शर्मा, भव्य जैन, शलभ अग्रवाल, मदुरा, शील एरन, रामवीर सिंह, ब्रह्मकुमारी केंद्र की बहन रानी दीदी, पूनम शर्मा, नीता कौशिक, प्रोफेसर विनोद कुमार, संदीप गुप्ता, डैन्नी सक्सेना, अशोक सक्सेना, कवि मस्ताना व राहगीर, राजेंद्र शर्मा व नगर के अनेक गणमान्य, प्रबुद्ध जन सम्मिलित रहे।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से शोध के क्षेत्र में आयेगा क्रान्तिकारी परिवर्तनः प्रो.रविन्द्र



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** हरिद्वार विश्वविद्यालय रूड़की के डीन ऑफ एक्टरनल अफेयर्स प्रो.रविन्द्र कुमार सैनी ने कहा कि वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से शोध कार्यो को अधिक प्रभावी सटीक व सरल बनाया जा सकता है। प्रो.रविन्द्र कुमार सैनी आज यहां मुन्ना लाल एंड जय नारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज में गृह विज्ञान विभाग एवं इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थें। उन्होंने कहा कि चैट जीपीटी और जैमिनी जैसे एआई टूल्स का उपयोग संचार कौशल के विकास, वेबसाइट निर्माण, संगीत रचना, सांख्यिकीय विश्लेषण, शोध परियोजनाओं की तैयारी, ग्राफ निर्माण, भाषा की समझ तथा प्रॉम्प्ट के प्रभावी उपयोग में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एआई के माध्यम से पत्र लेखन, कविता रचना, पुस्तक लेखन आदि कार्य भी आसानी से किए जा सकते हैं। प्राचार्या प्रो. अनुपम बंसल ने अपने संबोधन में कहा कि एआई आने वाले समय में शोध के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाला है और विद्यार्थियों को इसके उपयोग में दक्ष होना चाहिए। इन्क्यूबेशन काउंसिल की अध्यक्ष प्रो.रत्ना त्रिवेदी ने केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली में आयोजित एआई समिट का उल्लेख किया तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान महाविद्यालय की आईआईसी की उपाध्यक्ष डॉ.रीता बोरा, सदस्य असिस्टेंट प्रोफेसर शिखा सिंह, कुमारी आकांक्षा, कु.दीपाली सिंह एवं सभी प्रवक्ताएं व छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लेने वाली छात्राओं ने एआई से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे जिसका मुख्य वक्ता ने सरल भाषा में उत्तर दिया एवं प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल की अध्यक्ष एवं गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो.सीमा रानी द्वारा किया किया।

## हत्या के मुकदमें वांछित दो आरोपी भेजे जेल

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना नानौता पुलिस ने हत्या के मुकदमें में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना नानौता प्रभारी नवीन कुमार सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 8 मार्च को वादी सचिन सैनी पुत्र सौरण निवासी मौहल्ला मकदूम जहाँ सराय बड़ा बगड़ कस्बा व थाना गंगोह की तहरीर पर आरोपियों सोनू पुत्र जयलाल निवासी रंगेल थाना गंगोह सहारनपुर व रुबी पत्नी संदीप निवासी मौहल्ला मकदूम जहाँ सराय बडा बगड कस्बा व थाना गंगोह के खिलाफ वादी के भाई आशू पुत्र सौरण की विगत् 12 नवम्बर को रुहाड़ा नाला कस्बा नानौता मे डुबा कर हत्या करने के संबंध मे थाना नानौता पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उनके व वरिष्ठ उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दो वांछित आरोपियों सोनू पुत्र जयलाल व रुबी पत्नी संदीप को जनपद सहारनपुर से गिरफ्तार कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया।

## 50 दुकानों का हटाया अतिक्रमण, आठ हजार जुर्माना वसूला



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** नगर निगम ने आज सोमवार को भी अतिक्रमण के खिलाफ अपना अभियान जारी रखा। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने मल्हीपुर रोड पर जैन डिग्री कॉलेज तिराहे से पंजाब नेशनल बैंक तक करीब 50 स्थानों से अतिक्रमण हटाया और आठ हजार रुपये का जुर्माना वसूला। आईजीआरएस पर आई एक शिकायत पर भी कार्रवाई करते हुए नवीन नगर में एक टैण्ट दुकानदार द्वारा किया गया अतिक्रमण हटाया गया। प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग ने बताया कि नगरायुक्त के निर्देश पर आज मल्हीपुर रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान करीब 50 दुकानों का अतिक्रमण हटाया गया। पांच दुकानों का स्थायी तथा बाकि दुकानों का अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान एक दर्जन होर्डिंग और बोर्ड जब्त कर नगर निगम लाये गए। कुछ दुकानों के सड़क पर रखे चौनल, गेट, लोहे की सीढ़िया आदि भी जब्त की गयी। लेकिन दुकानदारों द्वारा ये आश्वासन देने के बाद कि वह भविष्य में अतिक्रमण नहीं करेंगे, उन पर जुर्माना लगाकर सामान वापिस कर दिया गया। उन्होंने बताया कि आठ दुकानदारों पर आठ हजार रुपये जुर्माना लगाया गया।

# आयोग सदस्या सपना कश्यप ने की महिला जन सुनवाई

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती सपना कश्यप ने जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मान पत्र देकर सम्मनित किया। सर्किट हाउस सभागार में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस, बाल विवाह मुक्त अभियान, समापन एवं जनसुनवाई कार्यक्रम का शुभारम्भ आयोग सदस्या ने दीप प्रज्जवलित कर किया। तत्पश्चात उन्होंने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं बेटी बचाओ बेटी पढाओं योजना के अन्तर्गत 10 नवजात बालिकाओं को बधाई पत्र व बेबी किट वितरित की। इसके अलावा जनपद की इण्टर मीडिएट व हाईस्कूल की टॉपर बालिकाओं को डेमो चेक व सम्मान पत्र, टी-शर्ट व कैप देकर सम्मानित किया। इसी कड़ी में उप्र मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना के लाभार्थियों को सम्मान पत्र वितरित किये तथा बाल विवाह की रोकथाम हेतु अभियान में विशेष सहयोग प्रदान करने वाली महिलाओं को भी सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

श्रीमती सपना कश्यप ने जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत महिलाओं की शिकायतों की सुनवाई करते हुए उनके त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने 13 प्रकरणों की जनसुनवाई करते हुए उनका त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई कार्यक्रम में प्राप्त शिकायती प्रकरणों में 11 प्रकरण पुलिस विभाग (घरेलू हिंसा), 01 पैसों के लेन-देन से सम्बन्धित तथा 01 प्रकरण शिक्षा विभाग से सम्बन्धित प्राप्त हुआ हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूक करते हुए बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलायी गयी।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश प्रताप सिंह, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अजय कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुश्री अर्चना, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्रीमती सुमन गौतम, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी नगर निगम श्रीमती संगीता गुप्ता के साथ-साथ अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूं खरीद समीक्षा बैठक हुई संपन्न

**17 मार्च से प्रारम्भ होकर 15 जून तक की जाएगी गेहूं खरीद, 39 क्रय केंद्र स्थापित**

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में सोमवार को रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूं खरीद समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने अगले 02 कार्य दिवस में केन्द्र प्रभारियों को अपने अपने केन्द्रों पर सभी तैयारियां पूर्ण कराकर समय से केन्द्र खोलने तथा केन्द्रों पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए साथ ही स्थानीय कृषकों से संपर्क कर पंजीकरण में प्रगति कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

बैठक में बताया कि खरीद 17 मार्च, 2026 से प्रारम्भ होकर 15 जून, 2026 तक की जाएगी। जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं खरीद के लिये जिलाधिकारी ने 39 गेहूँ कय केन्द्र अनुमोदित किये गये है। जिसमें खाद्य विभाग के 05, पीसीएफ के 29. भारतीय खाद्य निगम के 4 एवं मण्डी समिति का 01 गेहूं क्रय केन्द्र अनुमोदित किये गये हैं। इस प्रकार 39 केन्द्रों में से सदर तहसील में 15, चरखारी तहसील में 11 एवं कुलपहाड़ तहसील में 13 कय केन्द्र अनुमोदित किये गये हैं। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में भारत सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य में 160 रुपये प्रति क्विटल की बढ़ोत्तरी करते हुये न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विटल निर्धारित किया गया है, जिसका भुगतान 48 घंटे में किसान के आधारलिंक्ड बैंक खाते में किया जाएगा।

बताया कि कृषकों का पंजीकरण प्रारम्भ हो गया है तथा जनपद में अभी तक 768 कृषकों द्वारा अपना पंजीकरण कराया जा चुका है, जिसमें तहसील महोबा में 104, तहसील चरखारी में 122 एवं तहसील कुलपहाड़ में 542 पंजीकरण कराये जा चुके हैं। किसान अपने गेहूं के विक्रय के लिए अपना पंजीकरण खाद्य विभाग की निर्धारित वेवसाइट पर खतौनी, आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर के आधार पर स्वयं या जनसेवा केन्द्र, इन्टर नेट कैफे अथवा किसान मित्र एप से करा सकते है तथा अपने निकटतम गेहूं क्रय केन्द्र पर अपने गेहूं का विक्रय कर सकेंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी (नमामिगंगे), जिला खाद्य विपणन अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, जिला प्रबन्धक पीसीएफ, एवं सचिव, कृषि उत्पादन मंडी समिति, महोबा, चरखारी के अलावा समस्त केन्द्र प्रभारी उपस्थित रहे।

## सोते समय फर्राटा पंखे से चिपक कर युवक की मौत

**महोबा।** कोतवाली क्षेत्र के लमौरा गांव में रविवार की रात को घर पर सोते समय अचानक फर्राटा पंखे से चिपक कर युवक की मौत हो गई। देर सुबह तक न जागने पर परिजनों ने खिड़की से झांककर देखा तो वह पंखे से चिपका बेसुध पलंग के नीचे पड़ा था। शोर शराबा करने के बाद भी कोई जवाब न मिलने पर परिजनों ने छत के ऊपर का जाल तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां पर युवक पंखे के तार से चिपकने के बाद नीचे गिर गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

लमौरा गांव निवासी पन्नालाल कुशवाहा का 19 वर्षीय रोहिता रोज की तरह खाना खाकर अंदर से कमरे का दरवाजा बंद करके फर्राटा पंखा चलाकर पलंग में सो गया था। सुबह काफी देर तक युवक के न जागने पर परिजनों ने कुंडी खटखटाने और दरवाजा पीटने के बाद कोई जवाब न मिलने पर दूसरी तरफ लगी खिड़की से जाकर देखा तो वह पलंग के नीचे पड़ा हुआ था। यह देखकर परिवार के लोग घबरा गए। परिजनों ने छत पर जाकर जाल को काटकर आंगन में उतरने के बाद कमरे में प्रवेश किया, जहां पर रोहित बिजली के तार से चिपका हुआ पड़ा था।

# विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं, जन प्रतिनिधि एक सप्ताह में भेजें प्रस्ताव : मुख्यमंत्री

**अवधनामा संवाददाता**



**अलीगढ़।** प्रदेश में जनहित से जुड़े विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसके लिए धन की कोई कमी नहीं है। यह बात उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के विधानसभा एवं विधान परिषद के सदस्यों को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों के प्रस्ताव एक सप्ताह के भीतर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय को प्रेषित करें, ताकि त्वरित आर्थिक विकास निधि से जल्द से जल्द धनराशि स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ कराए जा सकें।

मुख्यमंत्री ने जनहित के विकास कार्यों को लेकर अपनी गंभीरता दर्शाते हुए बिना समय गंवाए सभी जनप्रतिनिधियों की आवश्यक बैठक आयोजित की और निर्देश दिया कि जो भी जनप्रतिनिधि जहां भी हों, वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़ें।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास प्रस्तावों में विशेष रूप से शहरी एवं ग्रामीण जलापूर्ति, नाला निर्माण, जल निकासी, विद्युत केंद्रों का विस्तार, अन्य विद्युत परियोजनाएं, अधिवक्ता चौंबर्स, सेतु निर्माण और शहरी क्षेत्रों से जुड़े नए ग्रामीण इलाकों में स्ट्रीट लाइट लगाने जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने यह भी बताया कि लोक निर्माण विभाग के माध्यम से जिलों से पहले भेजे गए प्रस्तावों पर भी शीघ्र ही धनराशि अवमुक्त की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से आगे बढ़ाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण स्थलों पर शिलापट्ट अनिवार्य रूप से लगाए जाएं और उन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नाम भी अंकित किए जाएं। गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिया कि ऐसी किसी भी कार्यदायी संस्था को काम न दिया जाए, जिसके पास पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध न हों।

# स्वर्णकार भारती सेवा संस्थान द्वारा 6 जोड़ों ने लिए सात फेरे

**एक कन्या का दुर्घटनाग्रस्त होने से एक जोड़े का शादी हुआ कम**

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** काशी की पावन धरा पर सोनार समाज की राष्ट्रीय संस्था 'स्वर्णकार भारती सेवा संस्थान, वाराणसी' द्वारा रविवार को नाटी इमली स्थित एक लॉन में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजित किया गया।उक्त पुनीत मांगलिक कार्यक्रम में चंदौली निवासिनी एक कन्या का शनिवार की देर रात दीनदयाल नगर में दुर्घटना होने से घायल हो गई उन्हें बी एच यू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। परिणाम स्वरूप स्वजातीय 6 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। रविवार को मैदागिन से सभी 6 दूल्हों का 'सामूहिक बारात' उन्नति रेजीडेंसी से प्रारंभ होकर मध्यमेश्वर, दारानगर, डी. ए. वी. कालेज,आदर्श इंटर कॉलेज, ईश्वरगंगी होते हुए नाटी इमली स्थित मंडपम् लॉन गई, जहां सभी कन्या पक्ष के परिवार की महिलाओं द्वारा परछन के बाद लॉन के प्रांगण में सुसज्जित भव्य मंच पर सभी जोड़ों का जयमाल कराया गया। सभी जोड़ों को शुभाशीर्वाद के साथ नव वैवाहिक जीवन में उपयोगी आवश्यक सामान संस्थान एवं समाज के द्वारा प्रदान किया गया। प्रारंभ में स्वर्णकार क्षत्रिय कमेटी के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष घनश्याम सेठ बच्चा के नेतृत्व में बारात सकुशल गणेश मंडपम् पहुंचाया। रास्ते में क्षत्रिय स्वर्णकार युवक व महिला समाज की ओर से पेयजल एवं मिष्ठान में वितरित किया गया। सम्मेलन में समाज की अग्रणी संस्थाओं सहित उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ , गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, हरियाणा एवं अन्य कई प्रदेशों से संस्थान के पदाधिकारी व समाजसेवी बंधु उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य रूप से राष्ट्रीय संस्थापक ई0 योगेंद्र कुमार, राष्ट्रीय संयोजक व सामूहिक विवाह सम्मेलन अध्यक्ष रवि सर्राफ, राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा शंकर सिंह, जौनपुर से नन्हें लाल सेठ, मुंबई से दशरथ सोनी, सम्मेलन के स्वागताध्यक्ष दयाशंकर सेठ, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ विजया ताई दहिवाल, अनिल चंचल, ज्योति सोनी आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, संदिग्धों को किया चेक

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** बैंक व अन्य वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जिले में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन पर जिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारिओं ने सोमवार को जिले में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर अभियान चलाया गया। अभियान में जिले के समस्त थाना प्रभारियों ने अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया साथ ही वहां लगे विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति को देखा।

जिला पुलिस बल ने क्षेत्र अन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहां से हटाया गया। बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया। निरीक्षण दौरान शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी और ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों से सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी और उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी। टीम ने बैंकों के बाहर खड़े आड़ी तिरछी व सड़क पर खड़ी बाइकों को उनके चालाकों को मौके पर बुलाकर क्रमबद्ध तरीके से लगाने की चेतावनी भी दी गई। पुलिस ने लोगों को धोखाधड़ी, जालसाजी, ठगी, टप्पेबाजी से बचाव के लिए जागरूक किया गया।

# आजीविका मिशन से आधी आबादी को आत्मनिर्भर बना रही सरकार

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर में 21,106 महिला स्वयं सहायता समूहों से आच्छादित हैं करीब तीन लाख महिलाएं**

**गोरखपुर ।** आधी आबादी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार विशेष ध्यान दे रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं का जीवन संवारने में मददगार साबित हो रहा है। महिलाओं को स्वावलंबन का मंत्र देने के लिए गोरखपुर जिले में एनआरएलएम के तहत 21106 महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन हो चुका है, जिसमें कुल 299892 महिलाएं आच्छादित हैं।

एनआरएलएम के माध्यम से समूहों से जुड़ी महिलाओं ने चूल्हे-चौके से आगे बढ़कर आर्थिक आत्मनिर्भरता की राह पकड़ी है। अब वे अपने परिवारों में आयार्जन करने वाले प्रमुख सदस्य की भी भूमिका में हैं। मोदी सरकार के इस मिशन को योगी सरकार तेजी से आगे बढ़ा रही है। स्वावलंबन के मंत्र से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनके आत्म सम्मान को नई ऊंचाई देने की दिशा में योगी सरकार के प्रयासों से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रति महिलाओं का रुझान बढ़ा है। इस मिशन से जुड़कर और प्रशिक्षण प्राप्त कर गांव की महिलाएं सब्जी उत्पादन, नमकीन उत्पादन, मशरूम उत्पादन, शहद उत्पादन, पशु पालन, कृषि कार्य, मसाला उत्पादन, कृत्रिम आभूषण निर्माण, बैग, ड्रेस, सॉफ्ट टॉयज, फाइल फोल्डर बनाने के साथ पुष्टाहार उत्पादन से जुड़कर आय अर्जित कर अपना जीवन समुन्नत बना रही हैं। उपायुक्त (स्वतः रोजगार) नीरजा गुप्ता बताती हैं कि गोरखपुर में कुल सक्रिय 21106 समूहों में से 629 का गठन वित्तीय वर्ष 2025-26 में हुआ है। इस वित्तीय वर्ष में 7950 नई सदस्य महिलाओं को जोड़ा गया है।

गोरखपुर में अब तक कुल 18446 समूहों को रिवॉल्विंग फंड निर्गत किया गया है। इनमें इस वित्तीय वर्ष में रिवॉल्विंग फंड पाने वाले 1006 समूह भी सम्मिलित हैं। समूहों को करीब 30 करोड़ रुपये की धनराशि रिवॉल्विंग फंड मद में दी गई है। इसके अलावा समूहों के संचालन के लिए एनआरएलएम के तहत सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) से भी लाभान्वित किया जाता है। गोरखपुर में 15558 समूहों को सामुदायिक निवेश निधि का लाभ मिला है।

## अलीगढ़-पलवल सेक्शन में भू-अर्जन से प्रभावित कोल एवं खैर के ग्रामों में 31 मार्च तक बंटेगा प्रतिकर

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं सक्षम अधिकारी भूमि अधिग्रहण पंकज कुमार ने बताया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-334 अलीगढ़-पलवल सेक्शन के निर्माण एवं चौड़ीकरण में भू-अर्जन से प्रभावित तहसील कोल के 03 ग्रामों में एवं तहसील खैर के 28 ग्रामों में भू-स्वामियों को प्रतिकर की धनराशि वितरित की जानी है। भू-अर्जन से प्रभावित उक्त ग्रामों के भू-स्वामियों को प्रतिकर की धनराशि वितरित किए जाने के लिए विभिन्न तिथियों में शिविर आयोजित किए जाने के लिए कार्मिकों की तैनाती कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि 10 मार्च को उसरह रसूलपुर, खण्डेहा, 11 मार्च को सोतीपुरा, कुराना, 12 मार्च को फाजिलपुर, उसरह रसूलपुर, 13 मार्च को टप्पल, स्यारौल, 14 मार्च को टप्पल, डोरपुरी, 16 मार्च को लोधा, करसुआ, 17 मार्च को गनेशपुर, अण्डला, 18 मार्च घरबरा, खण्डेहा, 19 मार्च को पडियावली, मुकंदपुर, 20 मार्च को असरोई, बैरमगढ़ी, 21 मार्च को लौहसरा विसावन, लोधा, 23 मार्च को जलालपुर, घरबरा, 24 मार्च को स्यारौल, हामिदपुर, 25 मार्च को टप्पल, डोरपुरी, 27 मार्च को पड़ियावली, मुकंदपुर, 28 मार्च को असरोई, मुकंदपुर, 29 मार्च को लोधा, करसुआ, 30 मार्च को लौहसरा विसावन, लोधा, 31 मार्च को टप्पल, उसरह रसूलपुर में शिविर लगाए जाएंगे।

एडीएम प्रशासन ने तैनात किए गए क्षेत्रीय लेखपाल, भूमि अध्याप्ति अमीन एवं भूमि अध्याप्ति सहायक को निर्देशित किया है कि अपने-अपने ग्रामों के फार्म-सीसी भरवाना एवं अन्य औपचारिकताएं पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्रतिकर वितरण की कार्यवाही यथाशीघ्र संपादित की जा सके। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जिन ग्रामों के काश्तकार बाहर के निवासी हैं अथवा बाहर रहते हैं, उन्हें भी सूचित कर फार्म-सीसी भरवाना सुनिश्चित करें और कार्य प्रगति की आख्या संबंधित उप जिलाधिकारी के माध्यम से प्रतिदिन एनएचएआई कार्यालय कलैक्ट्रेट में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# महिला दिवस 105 महिला शिक्षकों को सम्मानित किया गया : सनत कुमार सिंह

**राष्ट्र का उत्थान नारी शक्ति का सम्मान**

**अवधनामा ब्यूरो**




**वाराणसी।** महिला दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सनत कुमार सिंह द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।समझ में 150 महिला शिक्षकों को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम सनत कुमार सिंह के देखरेख में बीआरसी केसरीपुर में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वाराणसी के बेसिक स्कूलों के 105 महिला शिक्षकों को मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या,खण्ड शिक्षा अधिकारी रामपूजन पटेल, शिक्षक संघ के अध्यक्ष सनत कुमार सिंह द्वारा मेडल व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। राम पूजन पटेल ने कहा नारी परिवार की सबसे मजबूत कड़ी है।सनत कुमार सिंह ने जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या व अनुराग श्रीवास्तव जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का आभार व्यक्त किया। सनत कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्र का उत्थान बगैर नारी शक्ति के अधूरा है। अनूप सिंह ने कहा कि हर वर्ष महिला शिक्षकों का सम्मान किये जाने से शिक्षकों उत्साहवर्धन होता है। राजेश सिंह ने कहा कि अच्छे कार्य करने के लिये अध्यक्ष सनत कुमार सिंह की अगुवाई में प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा महिला शिक्षकों को सम्मानित किया जाना सराहनीय है।

कार्यक्रम में सभी के द्वारा महिला अधिकार की रक्षा व बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया। संचालन अंजू चौबे व गायत्री एवं धन्यवाद ज्ञापन अंजूलता सिंह ने किया। कार्यक्रम में रीना सिंह, पुष्पा देवी,चंद्रावती शर्मा, उषा सिंह,प्रियंका मंजरी, अंजूलता सिंह, प्रतिभा सिंह, अर्चनाओझा,रक्षा रस्तोगी, अंकिता, ममता, स्नेहलता आदि मौजूद रहे।

## रातों रात विलुप्त हो गई सदर तहसील में मौजूद मज़ार



**गोरखपुर।** रविवार की बंदी के बाद सोमवार को सदर तहसील परिसर का नज़ारा बिल्कुल बदला हुआ था। सदर तहसील में जहां एसडीएम सदर की सरकारी गाड़ी खड़ी होती हैं वहां चमचमाती हुई इंटरलॉकिंग देखने को मिली जबकि वही बगल में एक मज़ार हुआ करती थी जो विलुप्त हो गयी।

हालांकि यह जानकारी नहीं मिल पायी की मज़ार खुद ब खुद विलुप्त हुई या फिर उस प्रबल प्रयोग किया गया। आपको बताते चलें कि सदर तहसील परिसर में जहां एसडीएम सदर और तहसीलदार की सरकारी गाड़ी खड़ी होती थी वहीं एक मज़ार हुआ करती थी। मज़ार कब से थी इसकी सही जानकारी उपलब्ध नही है लेकिन जानकारों का कहना है कि यह मज़ार आज़ादी के पहले से यहां मौजूद थी।

## अबीर गुलाल के साथ फगुआ गीत एवं नृत्य से होली मिलन समारोह का आयोजन



**वाराणसी।** अमरा लाठियां स्थित काशी विश्वनाथ नगर कॉलोनी एवं बैजनाथ धाम नगर कॉलोनीवासियों की होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन रविवार को संपन्न हुआ। जिसमें उपस्थित लोगों ने डी.जे. की धुन पर डांस के साथ महिलाओं और बच्चों ने कई खेलों में भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी योगेंद्र नाथ तिवारी विशिष्ट अतिथि समाजसेवी डॉ गणेश मिश्रा रहे। कार्यक्रम की शुरुआत कालोनीवासियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी फिर फगुआ गीत, नृत्य से होली मिलन समारोह को और खूबसूरत बना दिया। कार्यक्रम के संयोजक विवेक सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से लोगो में प्रेम सौहार्द के साथ आत्मविश्वास और रचनात्मकता का बढ़ावा मिलता हैं। अतिथियों का स्वागत अमित पाठक व डॉ आलोक तिवारी किया। कार्यक्रम का संचालन सीमा सिंह अंत में धन्यवाद ज्ञापन अमृता पाठक ने किया। इस अवसर राजेश सिंह,डिंपल,जया मिश्रा,गणेश मिश्रा,यू. एल.करण अनिल तिवारी,मोनी,अंजू, डॉ आलोक तिवारी, संजय सिंह, सुनीता, ब्रह्मानंद,विजय शेखर उपाध्याय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## होली गीतों पर झूमे रोटेरियन, उड़ाये अबीर-गुलाल



**वाराणसी।** रोटरी क्लब वाराणसी शिवगंगा द्वारा रविवार को सायं महमूरगंज स्थित होटल बंशीवट में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें सदस्यों ने परिवार संग पारम्परिक होली गीतों का जमकर आनन्द उठाया। सर पर दुपलिया टोपी पहने सदस्यों ने अबीर लगाकर व गले मिलकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान इत्र,अबीर व गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा होती रही। सभी ने ठंडई का भी लुफ्त उठाया। इस अवसर पर 'सोल ऑफ काशी ग्रुप' के गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक होली गीत पेशकर सभी का मन मोह लिया। गायक जय पाण्डेय कोकिल व पूजा मोदनवाल ने ओम मंगलम ओमकार मंगलम से की, इसके बाद 'आज बिरज में होली रे रसिया' 'रंगी सारी गुलाबी चुनरिया', जैसे गीतों से समा बाधा। समारोह की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष अजय कुमार ने किया।

## जूनियर अमिताभ बच्चन के साथ मना होली मिलन समारोह

**अवधनामा संवाददाता, वाराणसी।** अमिताभ बच्चन के डुप्लीकेट शशिकांत पेडवाल ने रविवार को मोतीझील में रंगरण कार्यक्रम प्रस्तुत किया। 'खई के पान बनारस वाला' और 'एक पंजाबन' जैसे गीतो पर उपस्थित श्रोताओं को डांस करने पर मजबूर कर दिया।जय श्रीकृष्णा फाउंडेशन और आईबीएफ के संयुक्त आयोजन में आयोजित इस वृहद होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक पीयूष मोर्डिया रहे। अतिथियों का स्वागत स्वागत जय श्रीकृष्णा फाउंडेशन के संस्थापक संजीव अग्रवाल ने किया। बृजेश, मिश्रा,डॉ. एके कौशिक, किरन कौशिक,अरविंद जैन, प्रदीप मल्होत्रा,मुन्ना लाल,प्रदीप उपाध्याय,रश्मि जायसवाल,विकास शुक्ला, दिव्या अग्रवाल आदि रहीं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में भारत की जनगणना की तैयारियो के मद्देनजर बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**




**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ में भारत की जनगणना 2026-27 की तैयारियों के दृष्टिगत जनपद स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों को जनगणना की प्रक्रिया, डेटा संकलन की विधि, निर्धारित प्रपत्रों के सही उपयोग तथा समयबद्ध एवं शुद्ध आंकड़े संकलित करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके माध्यम से देश की जनसंख्या, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े प्राप्त होते हैं। अतः सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ करें तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी का सही ढंग से उपयोग करते हुए जनगणना कार्य को पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सभी उपजिलाधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी, प्रशिक्षकगण तथा जनगणना कार्य से जुड़े कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा थाना मऊ दरवाजा का वार्षिक निरीक्षण किया गया

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा थाना मऊदरवाजा का वार्षिक निरीक्षण कर थाने की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव, मिशन शक्ति केन्द्र, ष्टष्टञ्जहृस् कार्यालय, हवालात, मैस, बैरकों आदि का निरीक्षण किया गया तथा थाना क्षेत्र में पड़नें वाले एच0एस0, सक्रिय अपराधी, टॉप 10 अपराधियों के बारे में जानकारी कर थाना क्षेत्र के अधिकारी/ कर्मचारीगण को बीट प्रणाली, यक्ष ऐप के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## विधायक की मौजूदगी में ग्राम पंचायत चन्दुइया में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया

**फर्रुखाबाद।** विकासखंड नवाबगंज क्षेत्र की ग्राम पंचायत चन्दुइया के ग्राम पंचायत कार्यालय में विधायिका की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम प्रधान प्रतिभा मिश्रा के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में बच्चों का अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

इस मौके पर फर्रुखाबाद जनपद की सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र कायमगंज की भाजपा सहयोगी दल अपना दल यस की विधायिका डॉक्टर सुरभि गंगवार व जनपद के अधिकारी गणो के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता शास्त्री इंटर कॉलेज के प्रबंधक प्रधान पति अनुराग मिश्रा एवं के ग्रुप के डायरेक्टर राजीव यादव एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सीएम योगी की मां पर टिप्पणी करने वाले मौलाना का सिर काटने वाले को 21 लाख का इनाम : हिंदू युवा वाहिनी



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** बिहार के मौलाना अब्दुल्ला सलीम द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां को लेकर कथित विवादित और आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के बाद सामाजिक और राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। इस बयान के विरोध में रविवार को वाराणसी में युवाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया और मौलाना का पुतला फूंका। हिंदू युवा वाहिनी के मंडल प्रभारी और वाराणसी विकास प्राधिकरण के मानद सदस्य अंबरीश सिंह भोला ने ऐलान किया कि जो व्यक्ति मौलाना का सिर काटकर लाएगा, उसे हिंदू युवा वाहिनी की ओर से 21 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। शहर के मैदागिन चौराहे पर त्रिशक्ति सेवा फाउंडेशन और हिंदू युवा वाहिनी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जुटे। प्रदर्शनकारियों ने मौलाना अब्दुल्ला सलीम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला फूंका और प्रशासन से उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। अंबरीश सिंह भोला ने कहा कि मुख्यमंत्री की माता को लेकर की गई अभद्र टिप्पणी निंदनीय है और इससे प्रदेश की जनता की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस तरह की टिप्पणी करने का साहस न कर सके।

# खेलो खिल खिला के 36वीं राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत नौनिहाल बच्चों की खेल प्रतिभा को तराशने और उन्हें आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित 36वीं राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह द्वारा डाभासेमर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन तथा गुब्बारे उड़ाकर किया गया।कार्यक्रम में एडी बेसिक अयोध्या कौस्तुभ कुमार सिंह एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद द्वारा मुख्य अतिथि तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों का बैज अलंकरण कर स्वागत किया गया तथा मुख्य अतिथि को श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विभिन्न मंडलों से आए बच्चों द्वारा

## खेलों से बच्चों का होता है सर्वांगीण विकासः संदीप सिंह

मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।अयोध्या मंडल के सुल्तानपुर की छात्रा अनुश्री ने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना की शपथ दिलाई तथा मशाल दौड़ के साथ प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि खेलों में सहभागिता से बच्चों में टीम भावना, प्रतिस्पर्धा, अनुशासन और चुनौतियों का सामना करने का साहस विकसित होता है। खेल न केवल शारीरिक विकास करते हैं बल्कि बच्चे के चरित्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में नियमों का पालन और नियमित दिनचर्या अपनाने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हार किसी भी खिलाड़ी के लिए अंत नहीं बल्कि एक नई शुरुआत होती है। आज मैदान में उपस्थित बच्चों में से ही कई खिलाड़ी भविष्य में देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए एडी बेसिक अयोध्या सहित सभी व्यायाम शिक्षकों, शिक्षकों एवं आयोजकों की सराहना की।इस अवसर पर विधायक रुदौली रामचंद्र यादव ने कहा कि सरकार की योजनाओं के कारण ग्रामीण अंचल के बच्चे भी ब्लॉक, जिला, मंडल और प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर नाम रोशन कर रहे हैं। वहीं विधायक मिल्कीपुर चंद्रभान पासवान ने कहा कि योगी सरकार में खेलों को लगातार बढ़ावा मिला है, जिससे बच्चों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ी है और वे बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने प्रतियोगिता के आयोजन के लिए मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर देवीपाटन के एडी बेसिक रमापति राम त्रिपाठी, झांसी के एडी बेसिक संतोष देव पांडेय, गोरखपुर की एडी बेसिक सुश्री संगीता सिंह, बीएसए लालचंद, अमेठी बीएसए संजय तिवारी, बाराबंकी बीएसए नवीन पाठक, अंबेडकरनगर बीएसए शैलेश पटेल, जिला व्यायाम शिक्षक श्री विश्वनाथ सिंह, मंडलीय व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी सहित अन्य अधिकारी, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मंत्री श्री संदीप सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार में विद्यालयों का कायाकल्प हुआ है। प्रदेश के अधिकांश विद्यालय अब मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित हो चुके हैं। उन्होंने परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से बच्चे शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

# मौजूदा सरकार के अत्याचार और तानाशाही रवैये से ब्राह्मण समाज सहित सर्वसमाज भयभीतः माता प्रसाद

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** सिद्धार्थनगर से लखनऊ जाते समय पंचशील होटल में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का नेतृत्व समाजवादी पार्टी अयोध्या नगर निगम के पूर्व मेयर प्रत्याशी डॉ. आशीष पाण्डेय "दीपू" ने किया।इस अवसर पर अयोध्या के पूर्व विधायक एवं प्रदेश महासचिव जय शंकर पाण्डेय ने नेता प्रतिपक्ष को बुके और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। हाल ही में समाजवादी पार्टी में शामिल हुए डॉ. करन त्रिपाठी ने रामनामी भेंट कर उनका स्वागत किया।समाजवादी व्यापार सभा के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव जनार्दन पाण्डेय 'बबलू पंडित' ने माला पहनाकर नेता प्रतिपक्ष का अभिनंदन किया, जबकि प्रदेश कार्यकारिणी के नव-नियुक्त सदस्य महर्षि राम द्विवेदी ने बुके देकर स्वागत किया।इस दौरान नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने डॉ. आशीष पाण्डेय दीपू की अगुवाई में एकत्रित ब्राह्मण समाज के नव-नियुक्त युवा पदाधिकारियों से मुलाकात की।

उन्होंने अपील करते हुए कहा कि समाज के बीच जाकर ब्राह्मण समाज पर हो रहे अत्याचार और उत्पीड़न के साथ ही वर्तमान सरकार के तानाशाही रवैये का पर्दाफाश किया जाए।उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा ब्राह्मण समाज का सम्मान किया है। इसी का परिणाम है कि ब्राह्मण समाज से आने वाले उनके जैसे नेता को मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव की सरकार में विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) और वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी मिली। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वर्तमान सरकार ने समाजवादी पार्टी की सरकार में भगवान परशुराम जयंती पर घोषित अवकाश को भी समाप्त कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार के अत्याचार और तानाशाही रवैये से ब्राह्मण समाज सहित सर्वसमाज भयभीत है तथा प्रदेश में लगातार ब्राह्मण समाज का उत्पीड़न हो रहा है।उन्होंने ब्राह्मण समाज से आह्वान किया कि वर्ष 2027 में एकजुट होकर अखिलेश यादव को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने में सहयोग करें, ताकि समाज का खोया हुआ सम्मान पुनः वापस मिल सके।

# संगठित हिन्दू समाज ही पूरे विश्व को दिशा दे सकता है : मनोज




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अयोध्या महानगर द्वारा का.सु. साकेत महाविद्यालय के सभागार में प्रमुख जन गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संघ के क्षेत्र संपर्क प्रमुख (पूर्वी उत्तर प्रदेश) मनोज जी ने कहा कि एकत्व की भावना ही हिन्दुत्व है और संगठित हिन्दू समाज ही पूरे विश्व को दिशा दे सकता है।

उन्होंने संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की कार्यपद्धति पर आज जर्मनी, रूस सहित कई देशों में शोध हो रहा है। समाज के बिखराव के कारण ही भारत को पराधीनता झेलनी पड़ी, जिसे समाप्त करने के लिए डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने वर्ष 1925 में संघ की स्थापना की।

गोष्ठी में मुख्य अतिथि डॉ. मंजूषा पांडेय, अयोध्या महानगर सह संघचालक डॉ. अजय मोहन तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दानपति तिवारी मंचासीन रहे। कार्यक्रम में संघ पदाधिकारियों सहित सैकड़ों प्रमुख जन उपस्थित रहे।

## अयोध्या की 97 गौशालाओं में 14,800 गोवंश संरक्षित, व्यवस्थाएं दुरुस्त

**अयोध्या।** जिले की कुल 97 गौशालाओं में 14,800 गोवंश सुरक्षित रूप से संरक्षित हैं। इनमें 87 ग्रामीण और 10 शहरी गौशालाएं शामिल हैं। सभी गौशालाओं में चारा, पानी, स्वच्छता और चिकित्सा जैसी सुविधाएं दुरुस्त रखी गई हैं।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. इन्द्र देव ने बताया कि नियमित देखभाल, पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। शहरी क्षेत्र की सबसे बड़ी गौशाला कान्हा गौशाला में 4,000 गोवंश संरक्षित हैं। सभी गौशालाओं में सीसीटीवी निगरानी भी लगाई गई है, जिससे 24 घंटे व्यवस्थाओं पर नजर रखी जा सकती है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में प्रशासन निराश्रित गोवंशों के संरक्षण और बेहतर प्रबंधन के लिए लगातार प्रयासरत है।

# सर्किट हाउस में महिला जनसुनवाई, 25 शिकायतों पर सुनवाई



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती ऋतु शाही ने सोमवार को सर्किट हाउस के सभागार में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।जनसुनवाई के दौरान कुल 25 शिकायतें प्रस्तुत की गईं। इनमें पारिवारिक विवाद, घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, भूमि विवाद, भरण-पोषण तथा अन्य सामाजिक समस्याओं से जुड़े मामले शामिल रहे। आयोग सदस्य ने सभी शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्वनी कुमार पांडे, पुलिस क्षेत्राधिकारी योगेंद्र, महिला थाना से आशा शुक्ला, वन स्टॉप सेंटर से सुधा वर्मा तथा स्वास्थ्य विभाग से डॉ. संदीप कुमार शुक्ला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।महिला आयोग सदस्य ऋतु शाही ने कहा कि महिलाओं को न्याय दिलाना राज्य महिला आयोग की प्राथमिकता है और महिलाओं पर किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए पीड़ित महिलाओं को जल्द न्याय दिलाना सुनिश्चित करें।बैठक के उपरांत आयोग सदस्य ने दर्शन नगर स्थित वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली।

## सरकारी मेडिकल कॉलेज में टीबी मरीजों को बाहर से महंगी दवा लिखने का आरोप

**अयोध्या।** दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के टीबी एवं चेस्ट विभाग पर मरीजों ने बाहर से महंगी दवाएं लिखने का आरोप लगाया है। मरीजों का कहना है कि अस्पताल में दवाएं उपलब्ध होने के बावजूद कुछ डॉक्टर उन्हें प्राइवेट दुकानों से दवा खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं। अंबेडकरनगर से आए मरीज केदारनाथ अग्रहरी ने बताया कि जांच के बाद उन्हें बाहर से ?450 की दवा लिखी गई। वहीं गोंडा निवासी सुजीत कुमार को करीब 1000 की तीन दवाएं बाहर से खरीदनी पड़ीं। पूरा बाजार निवासी राज नारायण ने भी 650 की दवा बाहर से लेने की बात कही।मरीजों का आरोप है कि डॉक्टर कमीशन के लालच में सरकारी दवाओं की जगह प्राइवेट मेडिकल स्टोर की महंगी दवाएं लिख रहे हैं, जिससे गरीब मरीजों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। मरीजों और तीमारदारों ने मामले की जांच कर दोषी डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग की है, ताकि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत मिलने वाली सरकारी सुविधाओं का लाभ जरूरतमंदों तक सही तरीके से पहुंच सके।

## श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु, जयकारों से गूंजा पंडाल

**अयोध्या।** सोहावल तहसील के तहसीनपुर गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन रविवार को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा।कथा व्यास आचार्य पं. संत 108 प्रशांत जी महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म की महिमा बताते हुए कहा कि भाद्रपद कृष्ण अष्टमी की आधी रात को मथुरा के कारागार में वासुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उन्होंने बताया कि द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने रोहिणी नक्षत्र और बुधवार के दिन अवतार लिया। अष्टमी तिथि शक्ति का प्रतीक है और श्रीकृष्ण स्वयं परब्रह्म व शक्तिसंपन्न हैं, इसलिए उन्होंने इसी तिथि को अवतार लिया। कथावाचक ने बताया कि चंद्रवंशी होने के कारण भगवान श्रीकृष्ण का जन्म रात्रि में हुआ, क्योंकि चंद्रमा रात्रि में ही उदित होता है। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु ने पृथ्वी पर धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश के लिए योजनाबद्ध रूप से मथुरा में श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया।कथा के दौरान जब नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की भजन प्रस्तुत किया गया तो श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूम उठे। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की बधाई दी तथा खिलौने और मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई।

## 'प्रगति-2026' में अम्बेडकरनगर की बेटियों का परचम, राज्य स्तरीय सम्मान

**अयोध्या।** राजधानी लखनऊ में बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रगति-2026 आत्मसम्मान से समानता तक कार्यक्रम में अम्बेडकरनगर की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर जनपद का नाम रोशन किया। कटेहरी क्षेत्र की छात्रा आराध्या (कक्षा-8) और अर्चिता अंगद प्रसाद को उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कटेहरी की मीना मंच सुगमकर्ता रीतू सिंह को बालिका शिक्षा व सशक्तिकरण में योगदान के लिए सम्मान मिला। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

### बहांपुर में 12 मार्च से पांच दिवसीय बौद्ध व अंबेडकर गाथा

**मवई (अयोध्या)।** विकास खंड मवई के ग्राम बहांपुर मजरे भवानीपुर में 12 से 16 मार्च तक पांच दिवसीय संगीतमयी बौद्ध एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर गाथा व जनजागरण कार्यक्रम आयोजित होगा।

## चकबंदी विभाग के एसीओ पर आरोप, डीएम से निष्पक्ष जांच की मांग

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** नौतनवा तहसील क्षेत्र में चकबंदी विभाग के सहायक चकबंदी अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए जाने का मामला सामने आया है। ग्राम बोकवा, पोस्ट धुसवा कला निवासी प्रद्युम्न कुमार ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर एसीओ के खिलाफ निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उनकी माता रूखमणी देवी से जुड़ा भूमि विवाद न्यायालय में विचाराधीन है तथा माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा स्थगन आदेश भी जारी किया गया है। इसके बावजूद संबंधित अधिकारी द्वारा कथित रूप से सीमांकन कराने का प्रयास किया जा रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि जब उन्होंने उच्च न्यायालय के आदेश की प्रति दिखाकर कार्रवाई रोकने की बात कही, तो अधिकारी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और एसडीएम के आदेश का हवाला देते हुए सीमांकन कराने की बात कही। प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि संबंधित अधिकारी सरकारी वाहन का दुरुपयोग करते हुए उस पर एसीओ मजिस्ट्रेट लिखकर क्षेत्र में घूमते हैं, जिससे लोगों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है।

# छात्र-छात्राओं की प्रतिभा निखारने का सुनहरा प्रयास

## प्रतियोगिताओं से बच्चों के हौसलों को मिलेंगे पंख

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को पहचान कर उसे निखारना ही सच्ची शिक्षा का उद्देश्य माना जाता है। इसी सोच के साथ नेशनल फाउंडेशन एकेडमी द्वारा विद्यार्थियों के बौद्धिक और रचनात्मक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए आर्ट प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता और स्पेलिंग प्रतियोगिता का आयोजित किया जा रहा है। विद्यालय प्रशासन का मानना है कि इस प्रकार की रचनात्मक और ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएँ बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं और उनके भीतर छिपी प्रतिभा को मंच प्रदान करती हैं। आर्ट प्रतियोगिता से बच्चों की कल्पनाशक्ति और सृजनात्मकता विकसित होती है, वहीं निबंध प्रतियोगिता उनके विचारों को अभिव्यक्त करने की क्षमता को मजबूत बनाती है। स्पेलिंग प्रतियोगिता भाषा ज्ञान और शब्दों की



शुद्धता को बेहतर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों में भी आगे बढ़ाना है, ताकि वे भविष्य में आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। ऐसे आयोजन बच्चों के भीतर प्रतिस्पर्धा की सकारात्मक भावना जगाते हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। विद्यालय की ओर से सभी छात्र-छात्राओं को निर्देश दिया गया है कि वे अपनी पूरी तैयारी के साथ निर्धारित समय पर विद्यालय पहुँचे। प्रतियोगिता में 100 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य रखी गई है, ताकि हर छात्र-छात्रा को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके। शिक्षकों का कहना है कि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं, इसलिए उनके हौसलों को पंख देना और उन्हें सही दिशा में प्रेरित करना हम सबकी जिम्मेदारी है। ऐसी प्रतियोगिताएँ न केवल बच्चों के ज्ञान को बढ़ाती हैं, बल्कि उनके आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच और व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

**शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित न रहे**

स्कूल स्वामी मो. मसीद ने बताया कि हमारा प्रयास प्रतिभा को पहचान देने का है। इससे छात्र-छात्राओ को अपना हुनर दिखाने का मंच मिलेगा छुपा टाइलेट निखरेगा। विद्यालय के प्रबंधक ने कहा कि बच्चे देश और समाज का भविष्य होते हैं। उनकी प्रतिभा को पहचानना और उसे निखारने के लिए मंच देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से विद्यालय में आर्ट, निबंध और स्पेलिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, ताकि बच्चों के सपनों को नई उड़ान मिल सके और उनके भीतर छिपी क्षमताएँ सामने आ सकें। ऐसी रचनात्मक प्रतियोगिताएँ बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाती हैं। हमारा प्रयास है कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित न रहे, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बने। हमें विश्वास है कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को आगे बढ़ने और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित करेंगे।

**...ताकि सपनो को मिल सके उड़ान**

प्रिंसीपल गीता त्रिपाठी ने कहा नई पीढ़ी को सही दिशा में प्रेरित करना और उनकी छिपी हुई प्रतिभा को मंच देना शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य है। इसी भावना के साथ हमारे विद्यालय में आर्ट, निबंध और स्पेलिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है, ताकि बच्चों के सपनों को उड़ान मिल सके और उनका आत्मविश्वास बढ़े। ऐसी प्रतियोगिताएँ बच्चों के भीतर रचनात्मक सोच, अभिव्यक्ति की क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करती हैं। हमारा प्रयास है कि हर छात्र-छात्रा को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिले और वे भविष्य में बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित हों। विद्यालय परिवार हमेशा बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें बेहतर नागरिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# गैस की किल्लत ने उपभोक्ताओं की बढ़ा दी बैचेनी, नही मिल रही गैस



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** गैस की दिक्कत और कमी को लेकर रमजान माह में रोजा रखकर उपभोक्ताओं को सुबह पांच बज सुबह से लाईन में लगना पड़ता है,वहीं कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी गैस की भयंकर समस्या से पीड़ित हैं, जबकि सैदपुर और अज्जवा इंडियन गैस एजेंसी द्वारा उज्ज्वला योजना के तहत भारी संख्या में कनेक्शन कर गैस सप्लाई जैदपुर में देने के दावे भी खोखले दिखायी दे रहे हैं। जानकारी के मुताबिक अचानक गैस की कीमतों में 60 रूपये की बढ़ोतरी व गैस की कमी होने से एजेंसियों द्वारा सीएससी सेंटरों पर गैस रोक देने से ग्रामीण क्षेत्रों के लोग दूर दूर से आकर जैदपुर में भटक रहे हैं, वहीं रमजान मुबारक के माह में रोजदार भी एजेंसी पर लाईन लगाने पर मजबूर हैं, यूं तो उपभोक्ता बढ़ाने के चक्कर में सैदनपुर एजेंसी अजववा सिद्धौर के गैस एजेंसी मालिकों द्वारा जैदपुर व आस पास क्षेत्रों में ये वादा कर कनेक्शन किये गये कि रोज गैस वाहन जैदपुर में आने के साथ सीएससी सेंटरों पर हर समय गैस मोहैय्या रहेगी,और आज गैस की कमी को लेकर लोग भोजन बनाने के लकड़ी का सहारा लेने पर मजबूर हैं। इस संबंध में भारत गैस एजेंसी जैदपुर के प्रबंधक अनिल कुमार ने बताया कि गैस पलांट से कम मिल रही है, फिर भी लगातार हमारी एजेंसी द्वारा गैस बुकिंग करने वालों को दी जा रही है, प्लान से गैस पूरी तरह से मिलने पर समस्या कम हो जायेगी।

# शिक्षा की गुणवत्ता सुधार पर ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी आयोजित




*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** बीआरसी मिठौरा परिसर में सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम प्रधानों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रधानाध्यापकों को शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं और प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करना तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए समन्वय स्थापित करना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामहरख गुप्ता ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय सीधे ग्राम पंचायतों से जुड़े होते हैं। यदि ग्राम प्रधान और प्रधानाध्यापक आपसी तालमेल के साथ कार्य करें तो शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने शिक्षा के विकास में जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका पर भी बल दिया।

विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी आनंद मिश्र ने ग्राम प्रधानों से विद्यालयों के विकास और बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी के सामूहिक प्रयास से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार संभव है।

कार्यशाला के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों को प्रभावी बनाने तथा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मुकेश सिंह, सोनू यादव, गिरींद्र नाथ मिश्र, मोहन शर्मा, सतीश कुमार, प्रेमलता पटेल, रीमा सिंह, वेदमती, संदीप पांडेय, अजय पटेल, लवकुश गौतम सहित अन्य शिक्षक एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पिकअप पलटने से 11 श्रद्धालु घायल, तीन रेफर

- कोतवाली ठूठीबारी क्षेत्र के निपानिया से मदनपुर मंदिर जा रहे थे श्रद्धालु
- निचलौल थाना क्षेत्र के अमड़ी पुल के पास पलटा पिकअप

*अवधनामा संवाददाता*



**निचलौल। (महराजगंज)** मदनपुर माता जी के मंदिर पर पूजा चढ़ाने और दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप अचानक और अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गई। जिसमें बैठे 11 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने इलाज के दौरान तीन श्रद्धालुओं को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।सोमवार को करीब 11 बजे कोतवाली ठूठीबारी थाना क्षेत्र के निपानिया गांव से गोरख पुत्र महेंद्र दो पिकअप श्रद्धालुओं को बैठा कर मदनपुर के लिए निकले। पिकअप झुलनीपुर निचलौल मार्ग के अमड़ी पुल के पास अनियंत्रित होकर अचानक गड्ढे में पलट गई। पिकअप में बैठे श्रद्धालु चिल्लाना शुरू कर दिए। मौके पर पहुंचे लोगों ने एंबुलेंस से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल लाए। पिकअप में बैठे नंदलाल, जालंधर, अभिषेक, रानी, ओमप्रकाश, कैलाश, भूटेली,प्रदीप,भुआल, मीरा, चंद्रावती गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। वहीं ओमप्रकाश भूटेली और प्रदीप की स्थिति खराब होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर उमेश कुमार ने बताया कि घायलों का इलाज चल रहा है। तीन घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस संबंध में सितलापुर चौकी प्रभारी अमित कुमार राय ने बताया कि सभी घायलों को सीएससी निचलौल भेज दिया गया है। मौके पर शांत व्यवस्था कायम है।

# आईजी के आदेशों को ठेंगा, बस अड्डा चौकी के पास फिर बन गया अवैध टैक्सी स्टैंड

- जिम्मेदारों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल

अवधनामा संवाददाता



**गोंडा।** देवीपाटन रेंज के आईजी अमित पाठक द्वारा अवैध टैक्सी स्टैंडों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए जाने के बावजूद गोंडा शहर में बस अड्डा चौकी के पास एक बार फिर अवैध टैक्सी स्टैंड संचालित होने लगा है। चौकी के ठीक सामने खुलेआम चल रहा यह अवैध स्टैंड न केवल यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है, बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ समय पहले प्रशासन ने शहर में अवैध टैक्सी स्टैंडों के खिलाफ अभियान चलाकर इन्हें हटाने की कार्रवाई की थी। उस दौरान बस अड्डा क्षेत्र से भी टैक्सियों को हटाया गया था, लेकिन कार्रवाई ठंडी पड़ते ही टैक्सी संचालकों ने फिर से उसी स्थान पर अपना अवैध स्टैंड जमा लिया। दिनभर यहां टैक्सियों की लंबी कतार लगी रहती है, जिससे सड़क संकरी हो जाती है और अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। बस अड्डे के आसपास आने-जाने वाले यात्रियों, दुकानदारों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सबसे हैरानी की बात यह है कि यह अवैध टैक्सी स्टैंड बस अड्डा चौकी के बिल्कुल नजदीक संचालित हो रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर जिम्मेदारों की नजर इस पर क्यों नहीं पड़ रही, या फिर सब कुछ जानते हुए भी अनदेखा किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर पुलिस और प्रशासन सख्ती दिखाए तो अवैध टैक्सी स्टैंड दोबारा संचालित होना संभव ही नहीं है। लेकिन मौजूदा हालात से यही प्रतीत होता है कि कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध टैक्सी स्टैंड को तत्काल हटाकर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और इस मामले में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जाए। अब देखने वाली बात यह होगी कि आईजी के सख्त निर्देशों के बाद भी खुलेआम संचालित हो रहे इस अवैध टैक्सी स्टैंड पर प्रशासन कब तक प्रभावी कार्रवाई करता है।

# एनएसएस शिविर: एसडीएम ने विद्यार्थियों से जिम्मेदारी समझने व सामाजिक चेतना विकसित करने का आह्वान

एजाज़ सिद्दीक़ी

- डा0 राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर शुरू

**इटवा सिद्धार्थनगर।** डा0 राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर सोमवार को विधिवत शुरू हो गए। छात्रों के लिए शिविर प्राथमिक विद्यालय अमौन सहित गांवों में आयोजित किए जा रहे हैं। एसडीएम इटवा कुणाल ने शिविर का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। एसडीएम कुणाल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज सेवा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता सिखाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने और सामाजिक चेतना विकसित करने का आह्वान किया। प्राचार्य डा0 अष्टभुजा पाण्डेय ने इस सात दिवसीय विशेष शिविर में कहा कि हर क्षेत्र में आगे आयें व अपने जीवन को बेहतर बनाने के साथ-साथ देश के विकास में भी योगदान दे सकें। उन्होंने स्वयंसेवकों से शिविर के दौरान गांवों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लोगों को जागरूक करने का आग्रह किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा0 पवन कुमार पाण्डेय व डा0 संतोष कुमार पाण्डेय ने शिविर की विस्तृत रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि स्वयंसेवक गांवों में स्वच्छता अभियान चलाएंगे और ग्रामीणों को शिक्षा व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेंगे। इसके अतिरिक्त, मतदाता जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को लोकतंत्र में भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा। 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ', पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति और स्वरोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम अधिकारी डा0 पवन व डा0 संतोष ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं में सेवा भावना का विकास करना है।

# 14 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर हुआ प्री ट्रायल बैठक

- बैठक में मोटर दुर्घटना क्लेम पेटिशनो के निस्तारण पर बल

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सोमवार को पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण दुर्घटना दावा अरविंद राय की अध्यक्षता में आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पिटीशन मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित किए जाने हेतु प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान अरविंद राय पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सिद्धार्थनगर ने कहा कि मोटर दुर्घटना के प्रतिकर दावे से संबंधित जिन वादों के निस्तारण की संभावनाएं हैं, उन सभी मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रस्तुत किए जाने हेतु पक्षकारों एवं बीमा कंपनियों की ओर से उपस्थित अधिवक्तागण सहयोग प्रदान करें। प्री-ट्रायल बैठक में विवादित बिंदुओं, संभावित सेटलमेंट, बीमा दायित्व तथा आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता पर विचार-विमर्श किया, जिससे कि राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अधिक से अधिक मामलों का सुलह के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। सभी संबंधित पक्षकार, बीमा कंपनी के विद्वान अधिवक्ताओं से उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में समय से उपस्थित होकर अधिक से अधिक मामलों को निस्तारित कराने की अपील किया। इस मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरुण कुमार चतुर्थ, सरफराज मलिक, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, इजहार अहमद खान, अरुण कुमार त्रिपाठी, अजय यादव, राम प्रकाश द्विवेदी, इन्द्रराज अली, व विद्वान अधिवक्तागण सम्पूर्णानन्द वर्मा, असगर अली, विपिन चन्द्र त्रिपाठी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सिद्धार्थनगर के कर्मचारीगण एवं कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कांशीराम की जयंती पर लखनऊ में होगी बसपा की रैली, सिद्धार्थनगर से जाएंगे हजारों कार्यकर्ता

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम साहब की 92वीं जयंती के अवसर पर 15 मार्च को लखनऊ में आयोजित होने वाली रैली की तैयारियां तेज हो गई हैं। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती के आह्वान पर आयोजित इस रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता जुट गए हैं। इसी क्रम में शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र स्थित आजाद पब्लिक स्कूल में बसपा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम ने कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर रैली की तैयारी करने और सेक्टरवार जिम्मेदारियां निभाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि बसपा का जनाधार लगातार बढ़ रहा है, जिससे विपक्षी दलों में बेचैनी है। आने वाले विधानसभा चुनाव में बहन मायावती के पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ होगा।

बैठक में कार्यकर्ताओं को 'अपना बूथ, सबसे मजबूत' अभियान के तहत बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए गए। पूर्व मंडल प्रभारी मुनीराम राजभर और रामधनी गौतम ने बताया कि शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता निजी वाहनों और ट्रेनों के माध्यम से लखनऊ पहुंचकर रैली में भाग लेंगे।

बैठक में जिला संयोजक राजकुमार चौधरी, संजय शर्मा, विधानसभा प्रभारी हीरालाल कुरिल, आनही प्रसाद, रामपाल गौतम, सतेन्द्र कुमार गौतम, अब्दुल अलीम खान, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सुधीराम गौतम, अजय कुमार गौतम, हरीराम भारती, लालमन राव, शत्रुघ्न राव, बलराम और कृष्णा भारती समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# झोलाछाप डॉक्टर का इंजेक्शन बना मौत का कारण मुकदमा दर्ज, पुलिस ने थाने में बैठाया और छोड़ दिया

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** जलालपुर थाना क्षेत्र में कथित झोलाछाप डॉक्टर द्वारा लगाए गए इंजेक्शन के बाद युवक की मौत का मामला अब प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। घटना को करीब नौ माह, मुकदमा दर्ज हुए सात माह और युवक की मौत को लगभग दो माह बीत जाने के बावजूद आरोपी डॉक्टर के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। इससे पीड़ित परिवार न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। मामला जलालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा गोलपुर का है। पीड़िता किरन पुत्री स्वर्गीय पूर्णमासी के अनुसार 1 मई 2025 को उसके भाई भारत को अचानक पेट में तेज दर्द हुआ, जिसके बाद परिजन उसे पास के एक निजी क्लिनिक पर ले गए। आरोप है कि वहां कथित झोलाछाप डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार ने इलाज के नाम पर कई इंजेक्शन लगाए और दवाइयां दीं।

परिजनों के अनुसार इंजेक्शन लगने के तुरंत बाद युवक के शरीर में तेज जलन, सूजन और झनझनाहट शुरू हो गई तथा कुछ ही देर में उसके दोनों पैर सुन्न पड़ गए। युवक की हालत लगातार बिगड़ती चली गई। घबराए परिजनों ने उसे कई अस्पतालों में भर्ती कराकर इलाज कराया, लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। लंबे इलाज के बाद आखिरकार 7 जनवरी 2026 को युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि इस मामले में परिजनों की तहरीर पर जलालपुर थाने में 18 सितम्बर 2025 को मुकदमा दर्ज किया गया था। लेकिन पीड़ित परिवार का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आरोपी डॉक्टर के खिलाफ अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित परिवार का कहना है कि विवेचना के दौरान जलालपुर पुलिस ने आरोपी डॉक्टर को दो बार थाने में बैठाया, लेकिन हर बार तीन दिन बाद उसे छोड़ दिया गया। ऐसे में अब यह सवाल उठ रहा है कि जब पुलिस ने आरोपी को थाने में बैठाया था तो आखिर किस आधार पर बैठाया गया और फिर किस आधार पर उसे छोड़ दिया गया।

# आगामी रमजान और ईद-उल-फितर के दृष्टिगत डिडई पुलिस मुस्तैद, अधिकारियों ने किया पैदल गश्त

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** आगामी पवित्र रमजान माह और ईद-उल-फितर के त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु डिडई पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के कुशल निर्देशन में रविवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों, विशेषकर डिडई और शिवनगर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए आला अधिकारी सड़कों पर उतरे।वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में सघन चेकिंग

अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी बांसी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी डिडई/शिवनगर अरविंद कुमार मौर्य ने भारी पुलिस बल के साथ संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त की। पुलिस की यह सक्रियता मुख्य रूप से चिह्नित 'हॉट स्पॉट', व्यस्त बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर केंद्रित रही।गश्त के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों से सीधा संवाद किया। इस अभियान के मुख्य उद्देश्यआम जनमानस के बीच पुलिस की उपस्थिति दर्ज कराकर सुरक्षा का एहसास कराना।अफवाहों पर रोक सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैलने वाली किसी भी भ्रामक खबर पर विश्वास न करने की अपील।त्योहारों को आपसी भाईचारे और प्रेम के साथ मनाने का संदेश देना। कानून तोड़ने वालों को सख्त चेतावनी प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वाले असमाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सभी संवेदनशील स्थलों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या लावारिस वस्तु की सूचना तत्काल निकटतम पुलिस स्टेशन या डायल 112 पर दें।

पुलिस की इस मुस्तैदी और सक्रियता की स्थानीय जनता द्वारा काफी सराहना की जा रही है, जिससे क्षेत्र में विश्वास का माहौल बना है।

# 60 किलो गोमांस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने की कार्यवाही

अवधनामा संवाददाता



**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली जलालपुर पुलिस और सर्विलांस टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम से जुड़े मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 60 किलोग्राम गोमांस, एक चापड़ और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देश पर जिले में अपराधियों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 7 मार्च 2026 की रात करीब 1:30 बजे मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली जलालपुर पुलिस टीम ने नगपुर मधेवा गांव में छापेमारी कर आरोपी मो. अशरफ उर्फ विशाल पुत्र रईस अहमद, निवासी नगपुर थाना जलालपुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ थाना जलालपुर में मुकदमा संख्या 74/26 धारा 3/5क/8 गोवध निवारण अधिनियम और 4/25 आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय भेजा जा रहा है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में एक अन्य आरोपी सोनू पुत्र सरफू जमा निवासी नगपुर अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार आरोपी मो. अशरफ के खिलाफ पूर्व में भी कई मुकदमे दर्ज हैं। इनमें गोवध निवारण अधिनियम, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, महामारी अधिनियम, आयुध अधिनियम और हत्या के प्रयास जैसी धाराओं के मामले शामिल हैं। आरोपी के पास से लगभग 60 किलोग्राम गोमांस। एक अदद चापड़। एक मोटरसाइकिल (P45J1816) बरामद की गई।

# शोहरतगढ़ में श्रीराम जानकी मंदिर समिति का गठन, नीलू रुंगटा बने अध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ कस्बे के श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में सोमवार को समाज के लोगों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर के सुचारु संचालन और विकास को लेकर सर्वसम्मति से नई मंदिर समिति का गठन किया गया।

समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से राजेंद्र रुंगटा उर्फ नीलू रुंगटा को अध्यक्ष और अजय कसौधन को महामंत्री चुना। बैठक में मौजूद युवाओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों के नेतृत्व में मंदिर के विकास और व्यवस्था को मजबूत करने में हर स्तर से सहयोग देने का भरोसा जताया।

बैठक के दौरान समिति का विस्तार भी किया गया। दिव्य प्रकाश उर्फ संजीव पांडेय को उपाध्यक्ष, नीरज जायसवाल (बंटी) को व्यवस्थापक, दुर्गेश कसौधन को कोषाध्यक्ष तथा आशीष पांडेय गुड्डू को मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा सोनू निगम, सभासद सतीश वर्मा, दुर्गेश अग्रहरि, पशुपति रौनियार, रेशू ठाकुर, विक्की वर्मा, आदर्श श्रीवास्तव और विपिन उमर को सक्रिय सदस्य बनाया गया।

इस अवसर पर समाजसेवी अभय प्रताप सिंह ने कहा कि मंदिर सेवा का स्थान है, इसलिए यहां पद की इच्छा से अधिक सेवा भावना के साथ कार्य करना चाहिए, ताकि किसी प्रकार की गोलबंदी की स्थिति न बने। उन्होंने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि मंदिर जैसे पवित्र स्थानों की जिम्मेदारी सेवाभाव रखने वाले लोगों को ही मिलनी चाहिए।

नवनियुक्त अध्यक्ष नीलू रुंगटा ने कहा कि समाज ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, उसे वह पूरी ईमानदारी से निभाने का प्रयास करेंगे और पूरी समिति को साथ लेकर मंदिर के विकास के लिए कार्य करेंगे। बैठक में आशीष राय, गोलू पासवाल, विशाल कश्यप, आदित्य गुप्ता, नवीन अग्रहरि, पवन चौधरी, संतोष कश्यप, गुड्डू अग्रहरि, गिरी बाबा, रमेश, रामेश्वर यादव, तीरथ प्रयास मौर्य, अमित रावत, मनीष वर्मा, नागेंद्र कुमार वर्मा, हर्षित शर्मा और विशाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

# झोलाछाप डॉक्टर पर गलत दवा देने और मारपीट का आरोप, कार्रवाई की मांग

**गोंडा।** जिले के कौड़िया बाजार क्षेत्र के भगहरिया भगवानपुर निवासी एक युवक ने झोलाछाप डॉक्टर पर गलत दवा देने और विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित रोहित शर्मा के अनुसार बीते 4 मार्च को पेट में तेज दर्द होने पर वह इलाज कराने के लिए सेहरिया चौराहा स्थित एक डॉक्टर के पास गए थे। आरोप है कि डॉक्टर ने बिना सही जांच के उन्हें कुछ दवाइयां दे दीं। दवा खाने के बाद उनके चेहरे पर सफेद दाग पड़ गए, हाथ सुन्न हो गया और पूरे शरीर में तेज खुजली होने लगी। रोहित का कहना है कि जब वह दोबारा डॉक्टर के पास शिकायत करने पहुंचे तो डॉक्टर ने उनकी बात सुनने के बजाय गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट कर दी। किसी तरह वहां से निकलकर उन्होंने जान बचाई। घटना के बाद पीड़ित ने सीएमओ को प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले की जांच कराते हुए झोलाछाप के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा प्रशासन ने हटाया



**बांसी सिद्धार्थनगर।** उप जिलाधिकारी बांसी निखिल चक्रवर्ती के कड़े रुख और निर्देशों के क्रम में रविवार को तहसील प्रशासन ने सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की। तहसील क्षेत्र के ग्राम भुजराई में स्थित तालाब की सुरक्षित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।ग्राम भुजराई में स्थित तालाब की गाटा संख्या 16 मि. (क्षेत्रफल 0.024 हेक्टेयर) पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया था। इस मामले में न्यायालय द्वारा पूर्व में ही बेदखली के आदेश पारित किए जा चुके थे। रविवार को नायब तहसीलदार चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव की देखरेख में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुँची और तालाब की भूमि से अवैध कब्जे को पूरी तरह हटवा दिया।अवैध अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक कन्हैया सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल सुनील कुमार यादव और शैलेश कुमार सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। उप जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि तहसील क्षेत्र में सरकारी जमीनों, तालाबों और चकरोडों पर अवैध कब्जा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# नौवीं बार ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित हुए कमलेश गुप्ता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** सोमवार को खेसरहा ब्लॉक सभागार में उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज्य सफाई कर्मचारी संघ की ब्लॉक इकाई के गठन हेतु चुनाव संपन्न हुआ। संगठन के जिला अध्यक्ष जग नारायण और सह चुनाव अधिकारी अश्वनी पाठक की देखरेख में आयोजित इस प्रक्रिया में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया।चुनाव की मुख्य विशेषता कमलेष गुप्ता का दबदबा रही, जिन्हें लगातार नौवीं बार निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। सभी पदों पर एकल नामांकन प्राप्त होने के कारण पूरी कार्यकारिणी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।जीत के बाद कमलेश गुप्ता ने सदस्यों का आभार जताते हुए कहा, 'संगठन ने जो भरोसा मुझ पर लगातार नौवीं बार जताया है, उस पर मैं खरा उतरने का प्रयास करूँगा। सफाई कर्मचारियों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं का समाधान मेरी प्राथमिकता रहेगी। 'इस अवसर पर मुख्य रूप से अर्जुन प्रसाद, अजय कुमार, दिलीप प्रजापति, अश्वनी कुमार पाठक, विनय कुमार, रामप्रकाश, राम नरेश, अशोक, और अशोक पासवान सहित भारी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सरकारी ज़मीन और तालाब पर कब्जे का आरोप

**आलापुर, अम्बेडकरनगर।** जनपद के आलापुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा बहरामपुर में इन दिनों सरकारी भूमि और तालाब पर अवैध कब्जे के गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र के एक कथित भू-माफिया द्वारा सरकारी जमीन और सार्वजनिक उपयोग की तालाब भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिससे गांव में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम सभा बहरामपुर में स्थित तालाब की भूमि, जिसका गाटा संख्या 440 बताया जा रहा है, पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। यह तालाब पहले गांव के लिए जल संरक्षण, पशुओं के उपयोग और पर्यावरण संतुलन का प्रमुख स्रोत हुआ करता था। ग्रामीणों का कहना है कि अब इस तालाब की भूमि को चारों तरफ से घेरकर निजी संपत्ति की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे तालाब का अस्तित्व ही संकट में पड़ गया है।

# गोण्डा में गैस एजेंसी की मनमानी से उपभोक्ता परेशान, मनमाने रेट पर सिलेंडर की हो रही बिक्री

- सरैया गैस एजेंसी पर मनमाने दामों पर सिलेंडर बेंचने का आरोप, वीडियो वायरल
- उपभोक्ताओं का आरोप 1200 से 1300 रुपये में दिया जा रहा गैस सिलेंडर

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** जनपद में घरेलू गैस उपभोक्ताओं की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। शाहपुर क्षेत्र स्थित सरैया गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं ने घरेलू गैस सिलेंडर मनमाने दामों पर देने का गंभीर आरोप लगाया है। आरोप है कि एजेंसी द्वारा सरकारी निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूल कर उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर दिया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के लोगों में भारी नाराज़गी है।

स्थानीय उपभोक्ताओं के मुताबिक एजेंसी पर घरेलू गैस सिलेंडर 1200 से 1300 रुपये तक में दिया जा रहा है, जबकि सरकारी दर इससे काफी कम बताई जा रही है। लोगों का कहना है कि एजेंसी संचालक और कर्मचारियों द्वारा खुलेआम अधिक पैसे लिए जा रहे हैं और इसका विरोध करने पर उपभोक्ताओं को टालमटोल जवाब दिया जाता है। मामले को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कथित तौर पर एजेंसी से जुड़े लोग पूरे मामले को 'मैनेज' करने की बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है और उपभोक्ताओं में एजेंसी के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर गैस सिलेंडर की कीमत सरकार द्वारा तय है तो एजेंसी किस आधार पर अतिरिक्त पैसे वसूल रही है। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि एजेंसी की मनमानी के कारण आम लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो उपभोक्ताओं का शोषण इसी तरह जारी रहेगा। वहीं इस पूरे मामले को लेकर संबंधित अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं कि आखिर लंबे समय से चल रही इस मनमानी पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई। फिलहाल क्षेत्र के उपभोक्ता प्रशासन की ओर से सख्त कदम उठाए जाने का इंतजार कर रहे हैं।

# मनरेगा कार्य में अनियमितता का आरोप, मंडलायुक्त से जांच की मांग

**गोंडा।** करनैलगंज तहसील क्षेत्र के विकास खंड हलधरमऊ अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़रिया में मनरेगा योजना के तहत कराए गए तालाब निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए मंडलायुक्त से जांच की मांग की गई है। ग्राम पंचायत पड़रिया निवासी अमरेश प्रजापति ने मंडलायुक्त को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव में स्थित गाटा संख्या 345 राजस्व अभिलेखों में आबादी भूमि के रूप में दर्ज है। आरोप है कि वर्ष 2017-18 में तत्कालीन ग्राम प्रधान के कार्यकाल में इसी भूमि पर मनरेगा योजना के तहत तालाब निर्माण कराया गया और इस कार्य के नाम पर कुल 5,46,875 रुपये की धनराशि निकाली गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आबादी भूमि पर बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के भूमि का स्वरूप परिवर्तन कर तालाब का निर्माण कराया गया, जो राजस्व नियमों के विपरीत है। साथ ही तालाब निर्माण कार्य भी पूर्ण रूप से नहीं कराया गया और केवल एक ओर आंशिक रूप से रास्ते का निर्माण किया गया।

# उद्घाटन के बाद भी बन्द पड़ा हजपुरा का सुलभ शौचालय

अवधनामा संवाददाता



**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** तहसील जलालपुर क्षेत्र के चर्चित हजपुरा बाजार में लोगों की सुविधा के लिए बनवाया गया सुलभ शौचालय उद्घाटन के बाद भी पिछले दो वर्षों से बंद पड़ा है। लाखों रुपये की लागत से बना यह शौचालय उपयोग में न आने के कारण 'सफेद हाथी' साबित हो रहा है। मुख्य गेट पर ताला लटका होने से बाजारवासियों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार कार्यदाई संस्था द्वारा शौचालय का निर्माण करीब दो वर्ष पहले पूरा कर लिया गया था और इसका उद्घाटन भी कर दिया गया था। इसके बावजूद आज तक इसे आम जनता के उपयोग के लिए नहीं खोला गया। जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते शौचालय में ताला लटका हुआ है, जिससे स्वच्छता व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बाजारवासियों का कहना है कि शौचालय बंद रहने के कारण आसपास रहने वाले परिवारों और बाजार आने-जाने वाले लोगों को मजबूरन खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है। इससे जहां लोगों को असुविधा होती है, वहीं संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना रहता है।

स्थानीय निवासी अजय गुप्ता, अखिलेश मौर्य, शशि कुमार, कन्हैयालाल, गोपाल मद्धेशिया, अली हसन, बसू तथा सुरेश चंद्र साहू ने बताया कि शौचालय बनकर तैयार होने और उद्घाटन हो जाने के बाद भी इसका उपयोग न होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उनका कहना है कि यह स्थिति स्वच्छता अभियान के उद्देश्य पर सवाल खड़े करती है।


## होली की शुभकामनायें

होली के त्योहार पर अवधनामा परिवार की ओर से सभी को बधाई। सब तक गुलाल और रंग तो नहीं पहुंच सकता इसलिये बातों की पिचकारी छोड़ रहा है। आप लोगो ने अपने दम पर अवधानामा दैनिक को रंगीन और आकर्षक बना रक्खा है। इस पहुंच दूर के नगरों और शहरों भी हमारे एजेन्टों की वजह से बनी हुई है यहां तक कि कुछ अरब देशो में भी पहुंच बनाये हुये हालाकि वहां कुछ देर से पहुंच पाता है।

एआई का जमाना है कुछ लोग उसी में खबरे पढ़ लेते है और गढ़ लेते है। फिर भी अखबारों की अपनी अहमियत है। जितनी खबरे एआई के माध्यम से पढ़ते है वह अपनी ही बनाई रहती है। अखबर तरह तरह के आते है एक ही मुद्दे पर अखबार के सम्पादक अपनी रोचक और कभी सनसनीखेज खबरे देते रहते है। अखबारों में साप्ताहिक कोना भी होता है, जिसमें चुटकुले व्यन्जन, डाक्टरों की राय क्रासवर्ड पहेली रहते है। सबसे असर पर सम्पादकों की सम्पाकीय होती है।

इस समय अफगान ईरान युद्ध चर्चा है अगर वह और फैला तो विश्वयुद्ध बन सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प जब से आये है तब से वे लोगो को शान्ती से बैठने देना नहीं चाहते। हर विरोध, हर झगड़े हर लड़ाई को लेकर विश्व अशान्ती फैलाये हुये है कहते है वह युद्ध के लिये तैयार हो रहे देशों में पहुंच कर शान्ती पैदा करते है। खुद कहते है उन्हें नोबेल शान्ती पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाना चाहिये। इधर विभिन्न देशो से टेऊड टैक्स को लेकर अशान्ती मचाये हुये है। अफगान और ईरान की लड़ाई में कलह उन्हीं का पैदा किया हुआ है। पाकिस्तान के पीछे भी कब से पड़े हुये है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना दोस्त भी बातते है और भारत पर भारी टेऊड टैक्स भी लादते जाते है। अभी भरतीय और अमेरिकी प्रतिनिधि ट्रेड टैक्स सुलझाने में लगे हुये है। बीच बीच में खबर आती रहती आखिरी निर्णाय पर पहुंच रहा है। जल्द समझौता हो जायेगा। भारत को रूस से तेल लेने के लिये मना करते है। रूस और भारत को अपना दोस्त भी बताते रहते है। ट्रम्प बहुत रंगीन मिजाज के थे। हर सुन्दरी को अपने बगल में खड़ा कर कहते थे तुम्हारा सौन्दर्य और मेरा पैसा लोगों को बहुत पसन्द आता है। देश दुनियां में कहते है अमेरिका को ऊचाई पर ले जा रहे है। अमेरिका में जो लोग पढ़ने जाते है जिनमें भारतीयों की संख्या ज्यादा होती है ऐसे नियम वहां विश्वविद्यालयों में बना रहे है जिससे विद्यार्थियों को पढ़ना मुशकिल हो रहा है। फीस भी बहुत ऊंची रख रहे है। एक दो विद्यालय को अपने यहां बन्द करा रक्खा है। उनको संनरचना में नही विखन्डन में मजा आता है। दूसरे टर्म के लिये भी तैयारी में है। ईरान पर युद्ध को लेकर कह रहे है अभी और बढ़ी लहर आयेगी। युद्ध दायरा बढ़ रहा है आर्थिक गतिविधियों पर दबाव बढ़ रहा है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कह रहे है युद्ध को वार्ता से सुलझाया जाये। युद्ध का दायरा बढ़ता जा रहा है ईरान हमले से नेतृत्व बदल सकता है अमेरिकी सिस्टम बदलने की गुजाईश नहीं दिखती है।

## विश्व में अशांति का ठेका और नोबल शांति पुरस्कार की इच्छा?


तनवीर जाफ़री

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ज़िद, सनक और हठधर्मी ने इस समय लगभग पूरी दुनिया को एक ख़तरनाक युद्ध में झोंक दिया है। अमेरिका व इस्राईल द्वारा अकारण ईरान पर थोपा गया एक ऐसा युद्ध जिसके अंजाम को लेकर विश्व के बड़े बड़े सामरिक विशेषज्ञ भी कोई भविष्यवाणी कर पाने में असमर्थ हैं। ईरान, इस्राईल और अमेरिका के बीच चल रहे इस युद्ध की लपटें फ़िलहाल मध्य पूर्व से भी आगे तक फैल चुकी हैं। लगभग 20 से अधिक देश इस युद्ध से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो चुके हैं। गत 28 फ़रवरी से शुरू हुये इस युद्ध में अब तक हज़ारों निर्दोष लोगों की मौतें हो चुकी हैं। इसी युद्ध के परिणाम स्वरूप जहाँ ईरान ने अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली ख़ामनेई को खो दिया है वहीं युद्ध छिड़ने के पहले ही दिन यानी 28 फ़रवरी की सुबह को ही ईरान के दक्षिणी शहर मिनाब में अमेरिका और इस्राईल ने शाज़ारे तैय्यबह गर्ल्स प्राइमरी स्कूल पर उस वक़्त हमला किया जब बच्चियां अपने अपने क्लास में पढ़ रही थीं। इस हमले में 175 तक छात्राएं मारी गयीं जिनमें अधिकांश की उम्र 7-12 साल की थी। स्कूल का दो मंज़िला भवन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ईरान पर थोपा गया यह युद्ध किसी न किसी रूप में कुवैत इराक़, बहरीन, सऊदी अरब, यूएई, ओमान, क़तर, जॉर्डन, तुर्की, अज़रबैजान, साइप्रस व यमन तक पहुँच गया है। यहाँ तक कि भारत - श्रीलंका के समुद्रीय क्षेत्र में भी अमेरिकी पनडुब्बी ने समुद्री हमला कर भारत में अतिथि के रूप में आये ईरान के एक नेवल जहाज़ को डुबो दिया है। अमेरिका- इस्राईल की इन सैन्य कार्रवाइयों से जहाँ पूरे विश्व की ऊर्जा ज़रूरतों के प्रभावित होने की संभावना है वहीं बढ़ते तेल संकट और विभिन्न हवाई क्षेत्र बंद होने से भी इस युद्ध का वैश्विक प्रभाव पड़ा है।

पूरे विश्व में दिनोंदिन फैलती जा रही इस अशांति के सबसे बड़े ज़िम्मेदार केवल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप उनकी हठधर्मिता उनकी सनक व ज़िद को माना जा रहा है। जी हाँ, यह वही ट्रंप हैं जो अपने आप को स्वयंभू विश्व शांति दूत समझते हैं और विश्व का सबसे प्रतिष्ठित समझा जाने वाला नोबल शांति पुरस्कार पाने हेतु हमेशा लालायित नज़र आते रहे हैं। उन्होंने समय समय पर न केवल नोबल शांति पुरस्कार प्राप्त करने की इच्छा कई बार सार्वजनिक रूप से व्यक्त की है बल्कि इसके लिए सक्रिय रूप से प्रयास भी किए हैं। वे स्वयं को इस पुरस्कार के योग्य समझते हुये कहते भी रहे है कि मैं इसका हक़दार हूं। ट्रंप ने तो 2017-2021 के अपने पहले कार्यकाल से ही नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने की इच्छा जतानी शुरू कर दी थी। जोकि उनका दूसरा कार्यकाल आते आते 2025 में और अधिक तीव्र हो गई। अपने इस दावे के पक्ष में वे अपने शासनकाल की अमेरिकी विदेश नीति के फ़ैसलों को पेश किया करते थे। हालांकि ट्रंप कई अवसरों पर यह भी कह चुके हैं कि वे नोबल शांति पुरस्कार के हक़दार तो ज़रूर हैं परन्तु उन्हें लगता है कि इस पुरस्कार का निर्णय करने वाली नॉर्वेजियन नोबल कमेटी यह पुरस्कार उन्हें कभी नहीं देगी। जबकि 2025 में तो ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र की सभा में यह कहा था कि हर कोई कहता है कि मुझे नोबल शांति पुरस्कार मिलना ही चाहिए।

हद तो यह है कि ट्रंप ने इस पुरस्कार के लिये इस तरह की बातें कीं यहाँ तक कि अपने असहज करने वाले बयानों से नोबल कमेटी पर इसके लिये दबाव बढ़ाने की कोशिश की जो नोबेल शांति पुरस्कार के इतिहास में इसके पहले किसी भी दावेदार द्वारा नहीं की गयी। उदाहरण के तौर पर एक बार उन्होंने अमेरिकी सैनिकों से बातचीत के दौरान कहा कि ÷वे (नॉर्वेजियन नोबेल कमिटी) इसे किसी ऐसे व्यक्ति को देंगे जिसने कुछ नहीं किया, लेकिन मुझे नहीं देंगे, जबकि मैं इसके योग्य हूं। इसके अलावा ट्रंप ने नॉर्वे के वित्त मंत्री जेन्स स्टोल्टेनबर्ग जोकि पूर्व नाटो प्रमुख भी हैं, को फ़ोन कर यह पुरस्कार हासिल करने के लिए लॉबिंग की। उन्होंने 2025 में इस्राईली बंधकों के परिवारों से भी उन्हें पुरस्कार देने की अपील कराई। ट्रंप को इस्राईली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू व पाकिस्तान द्वारा इस पुरस्कार हेतु नामांकन भी कराया गया। ट्रंप स्वयं को विश्व शांतिदूत इसलिये समझते थे कि उनका दवा था कि उन्होंने विश्व में 8 युद्ध समाप्त किए। इन दावों के समर्थन वे इस्राईल और हमास के बीच गज़ा युद्ध में सीज़ फ़ायर डील, रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की कोशिशें, इस्राईल -ईरान, भारत-पाकिस्तान, थाईलैंड-कंबोडिया, और अज़रबैजान-अल्बानिया के बीच संघर्ष रुकवाने जैसे दावे करते रहे हैं। हालांकि इनमें से कई दावे हास्यास्पद भी हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**जब हालात युद्ध के कगार पर पहुंचे, तब उम्मीद थी कि अमेरिका के पारंपरिक साथी बिना शर्त उसके साथ खड़े होंगे। लेकिन इस बार तस्वीर अलग थी। कई देशों ने साफ कर दिया कि वे किसी नए युद्ध की आग में कूदने को तैयार नहीं हैं।**

# ईरान ने पूरी दुनिया को स्वतंत्र रहना सिखा दिया


आलम रिज़वी

मध्य-पूर्व की जंग ने सिर्फ मिसाइलों और बमों की गूंज ही नहीं पैदा की – इसने विश्व राजनीति की जंजीरों को भी हिला दिया है। वर्षों से दुनिया पर हावी अमेरिकी दबदबे को पहली बार खुली चुनौती मिली है। और इस चुनौती का नाम है – ईरान। जब हालात युद्ध के कगार पर पहुंचे, तब उम्मीद थी कि अमेरिका के पारंपरिक साथी बिना शर्त उसके साथ खड़े होंगे। लेकिन इस बार तस्वीर अलग थी। कई देशों ने साफ कर दिया कि वे किसी नए युद्ध की आग में कूदने को तैयार नहीं हैं।

**ब्रिटेन : सबसे करीबी साथी भी पीछे हटा–** यूनाइटेड किंगडम – जिसे हमेशा अमेरिका का सबसे विश्वसनीय सहयोगी माना जाता रहा – ने भी इस बार सीधी सैन्य भागीदारी से दूरी बनाई। लंदन ने साफ किया कि वह हालात को कूटनीतिक रास्ते से सुलझाने के पक्ष में है। यह संकेत था कि अंधा समर्थन अब बीते दौर की बात हो सकता है।



**फ्रांस और जर्मनी : नाटो के भीतर दरार–** फ्रांस और जर्मनी ने खुलकर संयम और वार्ता की बात की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे किसी एकतरफा सैन्य कार्रवाई का हिस्सा नहीं बनना चाहते। नाटो के भीतर यह स्वर पहले कभी इतना मुखर नहीं था। इटली और स्पेन ने भी अपने सैनिक संसाधनों को युद्ध में झोंकने से इनकार किया।

**तुर्की की अलग राह–** तुर्की, जो नाटो का सदस्य है, उसने भी सीधे समर्थन की जगह मध्यस्थ की भूमिका निभाने की बात की। यह एक बड़ा संकेत था कि गठबंधन के भीतर भी स्वतंत्र सोच पनप रही है।

**एशिया की बड़ी ताकतें :** चाइना और रसिया ने खुलकर पश्चिमी हस्तक्षेप की आलोचना की। वहीं इंडिया ने संतुलित रुख अपनाते हुए किसी सैन्य गठजोड़ का हिस्सा बनने से दूरी बनाए रखी।

**ट्रंप की नाराज़गी और वैश्विक असहजता :** इस पूरे घटनाक्रम में एक और पहलू चर्चा में रहा – अमेरिकी नेतृत्व की बेचैनी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप अपने पारंपरिक सहयोगियों के 'ठंडे रवैये' से असंतुष्ट दिखाई दिए। माना जा रहा है कि उन्होंने निजी और सार्वजनिक मंचों पर यह नाराज़गी जताई कि कई देश अमेरिका का खुला साथ देने से बच रहे हैं।

अगर यह सच है, तो यह केवल एक राजनीतिक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि उस बदलती विश्व व्यवस्था का संकेत है जहाँ देश अब अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दे रहे हैं – चाहे वह अमेरिका जैसा शक्तिशाली सहयोगी ही क्यों न हो। क्या यह नई विश्व व्यवस्था का उदय है? ईरान ने पूरी दुनिया को आज़ाद कर दिया – यह वाक्य भले ही भावनात्मक हो, लेकिन इसमें एक गूंज है। गूंज इस बात की कि अब दुनिया एकध्रुवीय नहीं रही।

जहाँ कभी एक संकेत पर गठबंधन सक्रिय हो जाते थे, वहीं अब देश खुलकर कह रहे हैं – हम अपने फैसले खुद करेंगे। यह केवल ईरान की सैन्य क्षमता की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस मानसिक बदलाव की कहानी है जिसमें राष्ट्र अपने राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि मान रहे हैं।

### निष्कर्ष

यह कहना जल्दबाज़ी होगा कि अमेरिकी प्रभाव समाप्त हो गया है। लेकिन यह जरूर कहा जा सकता है कि विश्व राजनीति में दरारें साफ दिखाई देने लगी हैं। यदि सहयोगी देश खुलकर सैन्य समर्थन देने से हिचक रहे हैं और अमेरिकी नेतृत्व को इस पर नाराज़गी जतानी पड़ रही है, तो यह संकेत है कि शक्ति संतुलन बदल रहा है। दुनिया शायद एक नए युग की दहलीज पर खड़ी है – जहाँ निर्णय दबाव से नहीं, बल्कि स्वतंत्र राष्ट्रीय सोच से होंगे।

# आभासी दुनिया से बचपन को सुरक्षित रखने की पहल

**ऑस्ट्रेलिया में पहले ही सोलह वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सामाजिक माध्यमों के उपयोग पर प्रतिबंध लागू किया जा चुका है, वहीं फ्रांस जैसे देशों में भी बच्चों की डिजिटल सुरक्षा को लेकर कठोर नियम बनाए जा रहे हैं। वास्तव में पिछले कुछ वर्षों में अनेक मनोवैज्ञानिकों और बाल स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लगातार चेतावनी दी है कि सामाजिक माध्यमों का अनियंत्रित उपयोग किशोरों के मानसिक और भावनात्मक विकास पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। बच्चों में आत्मविश्वास की कमी, अकेलापन, चिंता, अवसाद, ध्यान भंग होने की प्रवृत्ति तथा आक्रामक व्यवहार जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।**


ललित गर्ग

डिजिटल युग में मानव जीवन की गति और स्वरूप तेजी से बदल रहा है। संचार, शिक्षा, मनोरंजन और सामाजिक संबंधों का बड़ा हिस्सा अब आभासी माध्यमों के सहारे संचालित होने लगा है। इस परिवर्तन ने जहां अनेक सुविधाएं प्रदान की हैं, वहीं विशेष रूप से बच्चों और किशोरों के मानसिक, शैक्षणिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास के सामने नई चुनौतियां भी खड़ी कर दी हैं। इसी संदर्भ में भारत के तकनीकी रूप से अग्रणी राज्य कर्नाटक ने एक महत्वपूर्ण और अनुकरणीय पहल करते हुए सोलह वर्ष से कम आयु के बच्चों को सामाजिक माध्यमों के उपयोग से दूर रखने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने 2026-27 के बजट सत्र में यह घोषणा की कि किशोर आयु वर्ग के बच्चों द्वारा सामाजिक माध्यमों के उपयोग पर रोक लगाने के लिए कठोर नियम बनाए जाएंगे। यह निर्णय अभिभावकों की उस चिंता को कम करता है जो अनियंत्रित डिजिटल गतिविधियों से उत्पन्न होने वाले जोखिम से परेशान थे। जिसमें साइबर बुलिंग व साइबर धोखाधड़ी भी शामिल है। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को आभासी दुनिया के दुष्प्रभावों से बचाना और उनके स्वस्थ मानसिक विकास को सुनिश्चित करना है। एक अनुकरणीय पहल है, जिससे प्रेरणा लेते हुए अन्य प्रांतों को भी बचपन को सोशल मीडिया के खतरों से बचाने की दिशा में सार्थक उपक्रम करने चाहिए।

कर्नाटक की इस पहल के तुरंत बाद आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने भी विधानसभा में घोषणा की कि राज्य में तेरह वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा सामाजिक माध्यमों के उपयोग पर रोक लगाने के लिए आगामी नब्बे दिनों के भीतर कानून बनाया जाएगा। इस प्रकार आंध्र प्रदेश कर्नाटक के बाद ऐसा निर्णय लेने वाला दूसरा राज्य बनने जा रहा है। इन दोनों राज्यों की पहल केवल प्रशासनिक निर्णय भर नहीं है, बल्कि यह तेजी से आभासी होती दुनिया में बच्चों की सुरक्षा को लेकर चल रही वैश्विक बहस का हिस्सा भी है। विश्व के अनेक देशों में इस विषय पर गंभीर चिंतन हो रहा है। उदाहरण के लिए ऑस्ट्रेलिया में पहले ही सोलह वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सामाजिक माध्यमों के उपयोग पर प्रतिबंध लागू किया जा चुका है, वहीं फ्रांस जैसे देशों में भी बच्चों की डिजिटल सुरक्षा को लेकर कठोर नियम बनाए जा रहे हैं। वास्तव में पिछले कुछ वर्षों में अनेक मनोवैज्ञानिकों और बाल स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लगातार चेतावनी दी है कि सामाजिक माध्यमों का अनियंत्रित उपयोग किशोरों के मानसिक और भावनात्मक विकास पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। बच्चों में आत्मविश्वास की कमी, अकेलापन, चिंता, अवसाद, ध्यान भंग होने की प्रवृत्ति तथा आक्रामक व्यवहार जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। आभासी मंचों पर लगातार तुलना और प्रदर्शन की प्रवृत्ति के कारण बच्चों के मन में हीनता और असंतोष की भावना भी जन्म लेने लगती है। यही कारण है कि भारत सरकार के 2025-26 के आर्थिक सर्वेक्षण में भी इस विषय को गंभीर चिंता के रूप में रेखांकित किया गया था।




विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार किशोरों का औसत दैनिक स्क्रीन समय लगातार बढ़ रहा है। अनेक सर्वेक्षण बताते हैं कि कई देशों में तेरह से अठारह वर्ष आयु वर्ग के बच्चे प्रतिदिन तीन से छह घंटे तक आभासी माध्यमों पर समय बिताते हैं। इसका प्रत्यक्ष प्रभाव उनकी पढ़ाई, नींद, पारिवारिक संवाद और शारीरिक गतिविधियों पर पड़ता है। ध्यान और एकाग्रता की क्षमता में कमी आने से अध्ययन की गुणवत्ता प्रभावित होती है। बच्चों का स्वाभाविक बचपन, जो खेलकूद, मित्रता और प्रकृति के साथ जुड़ाव से समृद्ध होता है, वह धीरे-धीरे कृत्रिम आभासी संसार में सिमटता जा रहा है। इसके अतिरिक्त आभासी माध्यमों के माध्यम से साइबर उत्पीड़न और साइबर धोखाधड़ी जैसी समस्याएं भी तेजी से बढ़ रही हैं। कई बार बच्चे अनजाने में ऐसे जाल में फंस जाते हैं जिससे उनका मानसिक संतुलन और सुरक्षा दोनों प्रभावित होते हैं। इंटरनेट पर उपलब्ध अनुचित सामग्री भी बच्चों के मनोविज्ञान पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए यह स्पष्ट हो गया है कि बच्चों की सुरक्षा के लिए आभासी दुनिया के बढ़ते प्रचलन पर केवल जागरूकता पर्याप्त नहीं है, बल्कि ठोस नीतिगत कदम उठाने की आवश्यकता है।

हालांकि कर्नाटक और आंध्र प्रदेश की पहल सराहनीय है, किंतु इसके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अनेक व्यावहारिक प्रश्न भी सामने आते हैं। आज के समय में स्मार्टफोन और विभिन्न अनुप्रयोग शिक्षा और दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुके हैं। अनेक विद्यालय असाइनमेंट, सूचना और संवाद के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते हैं। ऐसे में यह निर्धारित करना कठिन हो सकता है कि किसी बच्चे द्वारा किया गया उपयोग शैक्षिक उद्देश्य से है या सामाजिक उद्देश्य से। दूसरा महत्वपूर्ण प्रश्न आयु सत्यापन की प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है। यह सुनिश्चित करना कि कोई बच्चा वास्तव में तेरह या सोलह वर्ष से कम आयु का है, तकनीकी दृष्टि से एक जटिल कार्य है। यदि तकनीकी कंपनियां इस दिशा में सहयोग नहीं करती हैं तो नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करना कठिन हो सकता है। अनेक परिवारों में एक ही मोबाइल फोन का उपयोग परिवार के कई सदस्य करते हैं, ऐसे में बच्चों द्वारा सामाजिक माध्यमों तक पहुंच को पूरी तरह रोकना भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। फिर भी इन कठिनाइयों के बावजूद यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह समाज को एक गंभीर समस्या की ओर ध्यान दिलाती है। वास्तव में बच्चों को आभासी माध्यमों के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए केवल प्रतिबंध पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि एक संतुलित और व्यापक दृष्टिकोण एवं जागरूकता अभियान अपनाना आवश्यक होगा। इसमें सरकारों, विद्यालयों, तकनीकी मंचों और अभिभावकों की समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

सरकारों को चाहिए कि वे बच्चों की डिजिटल सुरक्षा के लिए स्पष्ट नीतियां बनाएं और तकनीकी कंपनियों के साथ मिलकर ऐसी व्यवस्था विकसित करें जिसमें बच्चों की आयु का सत्यापन प्रभावी ढंग से किया जा सके। विद्यालयों को भी छात्रों को डिजिटल अनुशासन और जिम्मेदार उपयोग के बारे में शिक्षित करना चाहिए। अभिभावकों की भूमिका तो सबसे महत्वपूर्ण है क्योंकि बच्चों के व्यवहार और आदतों का निर्माण परिवार में ही होता है। यदि माता-पिता स्वयं डिजिटल संयम का उदाहरण प्रस्तुत करें और बच्चों के साथ संवाद बनाए रखें, तो आभासी माध्यमों के दुष्प्रभावों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके साथ ही बच्चों को रचनात्मक और सृजनात्मक वातावरण प्रदान करना भी आवश्यक है। खेलकूद, पठन-पाठन, संगीत, कला और प्रकृति के साथ जुड़ाव जैसी गतिविधियां बच्चों के व्यक्तित्व को संतुलित और समृद्ध बनाती हैं। यदि बचपन में ही इन सकारात्मक आदतों का विकास किया जाए तो बच्चे स्वाभाविक रूप से आभासी माध्यमों पर निर्भरता से दूर रह सकते हैं। समाज को भी इस दिशा में सकारात्मक पहल करनी चाहिए ताकि बच्चों के लिए स्वस्थ और प्रेरणादायक वातावरण तैयार किया जा सके।

आज यह स्पष्ट हो चुका है कि डिजिटल क्रांति के साथ-साथ डिजिटल अनुशासन की भी आवश्यकता है। तकनीक का उद्देश्य मानव जीवन को समृद्ध बनाना होना चाहिए, न कि उसे मानसिक और सामाजिक संकटों की ओर धकेलना। कर्नाटक और आंध्र प्रदेश की पहल इस दिशा में एक महत्वपूर्ण चेतावनी और प्रेरणा दोनों है। यदि अन्य राज्य भी इससे प्रेरणा लेकर बच्चों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाएं और केंद्र सरकार इस विषय पर राष्टीय स्तर का कानून बनाने पर विचार करे, तो यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सकता है। लगातार बिगड़ती स्थितियों के बीच निश्चित तौर पर केंद्र सरकार को भी देश में एक केंद्रीय कानून लाने को बाध्य होना पड़ सकता है। वहीं केंद्र सरकार को इस मुद्दे पर विषय विशेषज्ञों और समाज के विभिन्न वर्गों से भी राय लेनी चाहिए। ऐसे वक्त में जब बच्चों का स्क्रीन टाइम एक लत के रूप में लगातार बढ़ा है तथा उनकी एकाग्रता कम होने से पढ़ाई बाधित हो रही है, तो इस संकट का समाधान केंद्र व राज्यों की प्राथमिकता होनी चाहिए। वास्तव में बच्चों का बचपन केवल आभासी दुनिया में खो जाने के लिए नहीं है।

# भारत बना टी20 विश्व कप का तीसरी बार चैंपियन

**संजू सैमसन ने इस विश्व कप के आखिरी 3 मैचों में अविस्मरणीय, अद्वितीय और आश्चर्यजनक पारियां खेलकर कर भारत को टी20 का तीसरी बार विश्व चैंपियन बना दिया। वेस्टइंडीज के खिलाफ संजू सैमसन ने 50 गेंदों में नाबाद 97 रन, सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 42 गेंदों में 89 रन की पारी खेली।**


ललित शर्मा

8 मार्च 2026 को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इतिहास रचते हुये भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराकर रिकॉर्ड तीसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीत लिया। इसके साथ ही भारत अपने ही देश में टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली मेजबान टीम बन गई, साथ ही लगातार टी20 विश्व कप खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाली भी पहली टीम बन गई।

फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का निमंत्रण दिया संजू सैमसन के 46 गेंद में 89 रन, अभिषेक शर्मा के 21 गेंद में 52 रन, ईशान किशन के 25 गेंद में 52, और शिवम दुबे के अन्तिम ओवर में 24 रनों की विस्फोटक पारियों की बदौलत भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान 255 रन का पहाड़ जैसा विशाल स्कोर खड़ा किया इसके जवाब में जसप्रीत बुमराह की खातक गेंदबाजी के 15 रन पर 4 विकेट के सामने न्यूजीलैंड की टीम पूरी तरह से नतमस्तक हो गयी। न्यूजीलैंड की पूरी टीम 19 ओवरों में 159 रन पर ऑलआउट हो गयी। बेहतरीन गेंदबाजी के लिए जसप्रीत बुमराह को फाइनल में मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। इस टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली हार के बाद भारत के खेल में आश्चर्यजनक बदलाव देखने को मिला। जिम्बाब्वे के खिलाफ 20 ओवरों में 6 विकेट पर 256 रन, वेस्टइंडीज के खिलाफ 195 रनों को चेज किया और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 20 ओवरों में 255 रन बना। भारत किसी भी टी20 विश्व कप में 250 रनों का तीन बार स्कोर खड़ा करने वाली पहली टीम बन गयी इन आंकड़ो से भारतीय बल्लेबाजी की आक्रमता का अंदाजा लगाया जा सकता है।



संजू सैमसन ने इस विश्व कप के आखिरी 3 मैचों में अविस्मरणीय, अद्वितीय और आश्चर्यजनक पारियां खेलकर कर भारत को टी20 का तीसरी बार विश्व चैंपियन बना दिया। वेस्टइंडीज के खिलाफ संजू सैमसन ने 50 गेंदों में नाबाद 97 रन, सेमीफाइनल में इंग्लैण्ड के खिलाफ 42 गेंदों में 89 रन की पारी खेली और फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 46 गेंदों में 89 रन की पारी खेली। संजू सैमसन ने पूरे विश्व कप में 5 मैच की 5 पारियों में 80.25 की औसत से 321 रन बनाये जिसमें 24 छक्का तथा 27 चौका शामिल हैं। इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए संजू सैमसन को मैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से नवाजा गया। इस विश्व कप में ईशान किशन ने भी बल्लेबाजी में महत्वपूर्ण योगदान दिया उन्होंने 9 मैच की 9 पारियों में 35.22 की औसत से 317 रन बनाये जिसमें 18 छक्के तथा 33 चौके शामिल हैं। गेंदबाजी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जसप्रीत बुमराह ने पूरे विश्व कप में 8 मैच की 8 पारियों में 174 रन देकर 14 विकेट लिए जिसमें उनका प्रति इकोनमी रेट 6.21 रहा। सेमीफाइनल में इंग्लैण्ड के खिलाफ अक्षर पटेल ने शानदार फील्डिंग करते हुए फिल सॉल्ट, हैरी ब्रूक और विल जेक्स के महत्वपूर्ण कैच पकड़कर जीत में अहम भूमिका निभायी। इस विश्व कप में शिवम दूबे ने अंतिम ओवरों में तेजी से रन बनाने की अपनी काबिलियत से भारत को विशाल स्कोर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उन्होंने 9 मैच की 8 पारियों में 139 गेदों में 235 रन बनाए जिसमें 17 छक्के और 15 चौके शामिल हैं। भारतीय टीम का व्हाइट-बॉल क्रिकेट में प्रभुत्व का इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है, एकदिवसीय विश्वकप 2023, 2024 टी 20 विश्व कप, 2025 चैम्पियन ट्रॉफी और 2026 टी20 विश्व कप में कुल 33 मैच खेले जिसमें 30 मैचों में जीत हासिल की, 2 मैचों में हार का सामना करना पड़ा जबकि 1 मैच का कोई परिणाम नहीं निकला।

सूर्यकुमार यादव भारत के उन कप्तानों की श्रेणी में शामिल हो गये जिन्होंने भारत को विश्व कप जिताया 1983 में कपिल देव, 2007 महेन्द्र सिंह धोनी, 2011 महेन्द्र सिंह धोनी, 2024 रोहित शर्मा, और 2026 सूर्यकुमार यादव। ऑस्ट्रेलिया ने अब तक 10 आईसीसी ट्रॉफी जीती हैं इसके बाद भारत ने 8 आईसीसी ट्रॉफी जीती हैं 1983 में एकदिवसीय विश्व कप, 2002 में चैंपियन ट्रॉफी(साझा), 2007 में टी20 विश्व कप, 2011 में एकदिवसीय विश्व कप, 2013 में चैंपियन ट्रॉफी, 2024 में टी20 विश्व कप, 2025 में चैम्पियन ट्रॉफी, 2026 में टी20 विश्व कप। यह जीत केवल एक टूर्नामेंट की सफलता नहीं बल्कि विश्व क्रिकेट में उसके लगातार बढ़ते प्रभुत्व का प्रमाण है। यह खिताब भारत ने तीसरी बार अपने नाम किया और साबित कर दिया कि भारतीय टीम प्रतिभा, संतुलन, ओर आत्मविश्वास के बल पर विश्व कप क्रिकेट की सबसे मजबूत टीमों में से एक है। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन और टीम भावना ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि को संभव बनाया ,जो आने वाली पीढ़ीयों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।

# किताबें पढ़ो, सोशल मीडिया का प्रयोग कम करो: योगी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान प्रदेश भर से आए पीड़ितों मुख्यमंत्री ने मुलाकात की और उनका प्रार्थना पत्र लिया और आश्वस्त किया कि सरकार सभी की उचित समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है। निश्चिंत होकर घर जाइए, आपकी समस्याओं का निस्तारण होगा। मुख्यमंत्री ने जनपदों के प्रशासनिक व पुलिस अफसरों को निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण समय सीमा के अंदर सुनिश्चित किया जाए।

'जनता दर्शन' में अभिभावकों के साथ कुछ बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट दी और उनसे पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। एक बच्चे के पास पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि किताबें पढ़ो। सोशल मीडिया का प्रयोग उतना ही करो, जितनी



जनता दर्शन : सीएम ने बच्चे से ली पढ़ाई की जानकारी

आवश्यकता है। इसका अत्यधिक प्रयोग घातक है। सीएम ने मोबाइल आदि का प्रयोग भी कम करने की सलाह दी।

'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान दो उद्यमियों ने अपनी समस्याएं रखीं। मुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों, विशेषकर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) व जिला प्रशासन को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में निवेश का बेहतरीन इकोसिस्टम तैयार किया गया है। सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम सहित कई पारदर्शी व्यवस्थाएं लागू की हैं। उद्यमियों की परेशानी को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए।

# इजूरा मोड़ से संकठन घाट तक जर्जर सड़क से बढ़ी परेशानी



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** इजूरा मोड़ से संकठन घाट तक जाने वाली जर्जर सड़क को लेकर क्षेत्र के लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण आम राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से संकठन घाट स्थित अंत्येष्टि स्थल तक पहुंचने में लोगों को काफी परेशानी होती है।

इस विषय में स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश या कीचड़ के समय स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील कार्यों में भी लोगों को कठिनाई झेलनी पड़ती है। इस सड़क से आसपास के कई गांवों के लोगों का आवागमन होता है, इसलिए लंबे समय से इसके निर्माण की मांग उठती रही है। साथ ही बताया गया कि क्षेत्रीय विधायक ऊषा मौर्य इस सड़क के मुद्दे को विधानसभा से लेकर जिला स्तरीय बैठकों में कई बार उठा चुकी हैं। इसके अलावा सड़क निर्माण के लिए विभागीय मंत्री, संबंधित विभाग और संबंधित अधिकारियों को भी कई बार पत्र लिख चुकी हैं, लेकिन अभी तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। इसी विषय को लेकर ग्राम सभा सुल्तानपुर घोष के निवासियों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों ने बैठक कर चिंता व्यक्त की और समस्या के समाधान के लिए चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही सांसद नरेश उत्तम पटेल से मुलाकात कर सड़क निर्माण की मांग रखी जाएगी।

# महिला आयोग सदस्य अंजू प्रजापति ने की जनसुनवाई, दिए कई निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या अंजू प्रजापति की अध्यक्षता में सोमवार को लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान दूर-दराज से आई महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया।

जनसुनवाई में कुल 9 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें संबंधित विभागों को अग्रसारित करते हुए निर्देश दिया गया कि शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से संवेदनशीलता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही पिछली जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों और विभिन्न कानूनों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी



यूपीएससी में सफल रंजना सिंह सेंगर को किया सम्मानित

प्रदान की गई। अंजू प्रजापति ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र महिलाओं तक शत-प्रतिशत पहुंचाया जाना चाहिए तथा महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना भी आवश्यक है। इसके बाद उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में सफल होकर जनपद का नाम रोशन करने वाली खागा निवासी रंजना सिंह सेंगर को बधाई देते हुए प्रशंसा पत्र प्रदान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने बताया कि 10 मार्च 2026 को भिटौरा ब्लॉक के ग्राम मौजमाबाद की शांभवी तिवारी को भी बधाई देने उनके निवास पर जाएंगी। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष तथा प्रोबेशन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बाल विवाह के होते हैं दुष्परिणाम : राज्यमंत्री





अवधनामा संवाददाता

**सम्भल।** बहजोई स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राज्य मंत्री गुलाब देवी ने बाल विवाह मुक्त भारत के सौ दिवसीय अभियान का समापन किया। आपको बताते चलें कि बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में भारत सरकार ने पूरे देश में सौ दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया था जिसके अंतर्गत जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने 19 जनवरी को बहजोई स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में 'बाल विवाह मुक्ति रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह रथ जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी प्रयत्न संस्था द्वारा संचालित किया गया था। रथ ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने, लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराने और इसे पूर्ण रूप से रोकने का संदेश दिया। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने बाले जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी प्रयत्न संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी कि तरफ से ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया तथा जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव को भी सीडीओ गोरखनाथ भट्ट द्वारा महिला शक्ति सम्मान दिया गया।

# महिला दिवस : शक्ति स्वरूप महिला दीर्घा का हुआ प्रदर्शन

**उरई(जालौन)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय महिला उद्योग व्यापार मंडल जनपद जालौन की ओर से होटल जागृति इन के सभागार में महिला सशक्तिकरण सम्मान समारोह के अवसर पर इन्टैक उरई अध्याय की ओर से शक्ति स्वरूपा महिला दीर्घा का आयोजन किया गया। इस दीर्घा का उद्घाटन भाजपा जालौन की उपाध्यक्षा रेखा वर्मा द्वारा किया गया।

दीर्घा अवलोकन के समय मुख्य अतिथि श्रीमती रेखा वर्मा ने कहा कि ऐसी दीर्घाओं से नारी समाज को प्रेरणा मिलती है। नारी के बढ़ते हुए कदमों को देखकर अन्य स्त्रियां भी प्रेरित होती हैं। इस दीर्घा के प्रस्तुतिकारक इन्टैक उरई अध्याय के संयोजक डॉ हरीमोहन पुरवार ने बताया कि अपने भारत के सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक परिवेश का जब हम अध्ययन करते हैं तो पाते हैं कि सनातन संस्कृति में नारी सदैव पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर चली है।

# युवती की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा, मां और भाई गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** थाना गाजीपुर क्षेत्र के पैगंबरपुर बकरी गांव में 2 मार्च को संदिग्ध परिस्थितियों में मिली युवती की लाश के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए मृतका की मां और भाई को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार प्रेम प्रसंग के कारण बदनामी के डर से दोनों ने मिलकर युवती की हत्या कर दी थी।

पुलिस के अनुसार 2 मार्च 2026 को ग्राम पैगंबरपुर बकरी में एक खेत में फरजाना पुत्री इमाम खां का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। मामले में चौकीदार आशाराम की तहरीर पर थाना गाजीपुर में मुकदमा संख्या 42/2026 धारा 103(1)/238 बीएनएस के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस



प्रेम प्रसंग से नाराज होकर सल्फास खिलाकर की गई थी हत्या, शव खेत में फेंका

को अहम सुराग मिले, जिसके आधार पर फरजाना की मां अफसाना पत्नी इमाम खान (48 वर्ष) और भाई अफसार पुत्र इमाम खान (26 वर्ष) को 8 मार्च 2026 को टिकरी मोड़ नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 1/2 मार्च की रात फरजाना को अरहर के खेत में ले जाकर जबरन सल्फास खिलाकर उसकी हत्या कर दी गई और शव को चने के खेत में फेंक दिया गया। इसके बाद मां अफसाना फतेहपुर चली गई और भाई घर लौट आया। पुलिस जांच में सामने आया कि फरजाना के प्रेम प्रसंग से नाराज होकर और समाज में बदनामी के डर से मां और भाई ने मिलकर यह कदम उठाया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष हनुमान प्रताप सिंह, उप निरीक्षक अरविंद कुमार मौर्या, महिला उप निरीक्षक ज्योति कौशिक, आरक्षी अनिल कुमार यादव, धीरेन्द्र सिंह एवं महिला आरक्षी पूनम शामिल रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार


### सामाजिक समरसता और संस्कृति का प्रतीक है होली



**जालौन, उरई (अवधनामा संवाददाता)।** भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन का होली मिलन समारोह राकेश लाक्षाकार के आवास पर आयोजित किया गया। मिलन समारोह की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष मृत्युंजय श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए संरक्षक सुनील गुप्ता ने कहा कि होली सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक एकता की प्रतीक है। होली पर्व आपसी भेदभाव को समाप्त कर भाईचारे को कायम करता है। महाराणा प्रताप साइंस इंटर कालेज के प्रबंधक मंगल सिंह चौहान ने कहा कि होली पर्व आपसी सौहार्द बनाए रखने और वैमनस्यता दूर करने का अवसर प्रदान करता है। समारोह में उपस्थित मनोज बाथम, पीयूष गुप्ता, पवन कुमार अग्रवाल, गौरव कस्तवार, संतोष पोरवाल, दीपचंद्र गुप्ता, मृत्युंजय, महेश बिलैया, प्रेम गुप्ता, अरविंद, अश्विनी द्विवेदी आदि ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर व गले मिल कर होली की शुभकामनाएं दी।

### इस्लामी शरीयत में ज़कात का बहुत महत्व : डॉ इफ्तेखार

**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** इस्लामिक शरीयत में ज़कात का बहुत महत्व है। कुरआन शरीफ़ और हदीस शरीफ़ में साफ़ तौर पर बताया गया है कि ज़कात का पैसा किन लोगों को दिया जाए और इसका दुरुपयोग कितना बड़ा गुनाह है। ज़कात का हक़ गरीब रिश्तेदारों, पड़ोसियों, यतीमों, बेवाओं, मुसाफिरों, कर्ज़दारों आदि का है, लेकिन कई जगहों पर इसे मदरसों के नाम पर या फर्जी तरीके से हड़प लिया जाता है यह बहुत गंभीर बात है। आइए कुरआन शरीफ़ और हदीस शरीफ़ की रोशनी में इसे समझते हैं और बेहतर तरीके जानते है। ज़कात के हक़दार कुरआन शरीफ़ से सीधी दलील कुरआन शरीफ़ में सूरह अत-तौबा (9:60) में अल्लाह तआला ने ज़कात के आठ कैटेगरी बयान की हैं।



### पत्रकार के पिता अली हसनैन का निधन

**अमरोहा (अवधनामा संवाददाता)।** नगर के प्रतिष्ठित उर्दू पत्रकार कमाल हसनैन के पिता अली हसनैन साहब (इब्ने इमामुल हसन साहब) का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके इंतकाल की खबर से महल्ला दरबारे कला सहित पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई। मरहूम अली हसनैन साहब एक नेक दिल और मिलनसार व्यक्तित्व के इंसान थे। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, उनकी नमाज़-ए-जनाज़ा मुसम्मात जैनब महल में अदा की गई। नमाज़ के उपरांत उन्हें आजाखाना यूसुफ अली, मोहल्ला मंडी चौक मे सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

### अधिवक्ताओं ने मनाया होली मिलन समारोह



**फतेहपुर।** जिला बार एसोसिएशन हाल, कलेक्ट्रेट कंपाउंड में आदर्श अधिवक्ता संगठन की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रमेश सिंह भदौरिया एडवोकेट और महामंत्री पद के प्रत्याशी धर्मेंद्र मिश्रा एडवोकेट की ओर से किया गया। समारोह के दौरान अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही और सभी ने उत्साहपूर्वक एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रेम कुमार पांडेय, गया प्रसाद दुबे, जितेंद्र सिंह, अभिलाष चंद त्रिवेदी एडवोकेट, श्रवण गौड़ एडवोकेट, सुरेंद्र सिंह एडवोकेट, गुरु प्रसाद एडवोकेट, सुरेश सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# 'महिलाओं के बिना समाज की प्रगति संभव नहीं'

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के ऑडिटोरियम से आयोजित पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 कार्यक्रम में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण पहल की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश की 5,000 से अधिक महिलाओं को रोजगार के ऑफर प्रदान किए गए तथा रोजगार उपलब्ध कराने वाले प्लेटफॉर्म 'रोजगार संगम पोर्टल' के मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया गया। साथ ही 94 नव-नियुक्त मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए, उत्कृष्ट महिला कार्मिकों एवं मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया गया तथा नारी शक्ति अवॉर्ड प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी बालिकाओं को चेक वितरित किए गए तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के बीमा



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पिंक रोजगार महाकुंभ का सजीव प्रसारण

प्रीमियम और साड़ी/वर्दी के लिए 3,849 लाख की धनराशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरण किया गया।

उक्त कार्यक्रम का जनपद जालौन के विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सजीव प्रसारण के माध्यम से सुना गया। इस अवसर पर उपस्थित मातृशक्ति बहनों को जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी, विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 घनश्याम अनुरागी ने कहा कि महिलाओं के बिना समाज की प्रगति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं।

# वरिष्ठ पत्रकार सुशील व शिव बने जेसीआई सलाहकार समिति के सदस्य

**गाजीपुर।** पत्रकारों के राष्ट्रव्यापी संगठन जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया ने दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार सुशील श्रीवास्तव तथा छत्तीसगढ के वरिष्ठ पत्रकार शिव श्रीवास्तव को राष्ट्रीय सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया है। गाजीपुर के वरिष्ठ पत्रकार तथा जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. ए.के. राय ने इस मनोनयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इनके मनोनयन से जेसीआई को नयी ऊर्जा मिलेगी और संगठन पत्रकारों की समस्याओं पर निर्णायक भूमिका निभाने में सक्षम हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि संगठन के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. आर सी श्रीवास्तव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुराग सक्सेना व राष्ट्रीय समिति की अनुशंसा पर पत्रकार हितार्थ कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दोनों वरिष्ठ पत्रकारों का मनोनयन किया गया है।

# प्रो. फुरकान बने इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** जखनियां तहसील क्षेत्र के बहरियाबाद निवासी प्रोफेसर फुरकान कमर को इंटीग्रल यूनिवर्सिटी लखनऊ का नया कुलपति बनाये जाने की खबर से जिले के शिक्षाविदों व बुद्धिजीवियों ने हर्ष व्यक्त किया है। प्रोफेसर कमर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद् और प्रशासक के रूप में जाने जाते हैं।

प्रोफेसर कमर जामिया मिल्लिया इस्लामिया दिल्ली के सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं। वह पूर्व में इंटीग्रल यूनिवर्सिटी लखनऊ के कुलाधिपति के मुख्य सलाहकार भी रह चुके हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने राजस्थान विश्वविद्यालय और केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के कुलपति के रूप में भी कार्य किया है। केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के वे प्रथम कुलपति थे। प्रोफेसर कमर ने जामिया मेडिकल कॉलेज परियोजना



के समन्वयक और जामिया मिल्लिया इस्लामिया के सेंटर फॉर मैनेजमेंट स्टडीज के निदेशक जैसे कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएँ दी हैं। उन्होंने भारत में शैक्षणिक सुधारों और प्रबंधन शिक्षा को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शिक्षा प्रशासन के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें कई प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा गया है। इनमें स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय से डी.लिट. (मानद उपाधि), राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन शिक्षा सम्मान और पंजाब कॉमर्स एंड मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड शामिल हैं।

# 'नारी शक्ति के सम्मान और उत्थान के लिए सदैव प्रतिबद्ध'



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर अखिल भारतीय महिला उद्योग व्यापार मंडल, जनपद जालौन द्वारा होटल जागृति इन, कालपी रोड उरई में एक भव्य महिला सशक्तिकरण सम्मान समारोह का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रेरणादायी महिलाओं को संगठन की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं का भी सम्मान कर उनके साहस, प्रतिभा और समाज निर्माण में दिए जा रहे महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को प्रोत्साहित करना, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना तथा समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मान देना रहा। इस गरिमामय आयोजन में अनेक गणमान्य अतिथियों एवं महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी प्रेरणादायी बना दिया। अखिल भारतीय महिला उद्योग व्यापार मंडल, जनपद जालौन सभी सम्मानित महिलाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए नारी शक्ति के सम्मान व उत्थान के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत सोमवार को जनपद के सभी थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में गठित मिशन शक्ति टीम व एंटी रोमियो टीम ने प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान पुलिस टीम ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना और सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

# भेदभाव मिटाने के लिए शिक्षा और संविधान-कानून की समझ जरूरी

अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर रविवार को सायंकाल हिनौली गांव में राष्ट्रीय सामाजिक संस्था शी मूवमेंट फाउंडेशन द्वारा महिला वर्तमान और भविष्य की चुनौतियां विषय पर परिचर्चा आयोजित की गयी।

महिलाओं ने चर्चा में हिस्सेदारी करते हुए कहा कि पैदा होने से लेकर मृत्यु तक महिलाओं का जीवन चुनौतियों भरा होता है। आज भी बेटियों-महिलाओं को घर में पूरे हक और अधिकार भी नहीं मिलते। आज भी सामाजिक और आर्थिक मोर्चे पर व्यावहारिक रूप से भेदभाव होता है। सबसे बड़ी चुनौती एक स्त्री होने के नाते समानता और आर्थिक स्थिरता है। आज भी बेटी की पढ़ाई और उसकी काबिलियत को नजरअंदाज किया जाता है। पढ़ी-लिखी बहू को घर में बैठा दिया जाता है। समानता की स्थिति



महिलाओं ने बेटी-बेटों को समान शिक्षा देने की ली प्रतिज्ञा

देखें तो ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथअब तो शहरी महिलाओं के साथ भी भेदभाव साफ दिखायी देने लगा है। संविधानऔर कानून की स्पष्ट जानकारी न होने से अक्सर पुरूष वर्ग हमे अवसर नहीं देता।

संस्था की तरफ से वक्ताओं ने कहा कि चुनौतियां हैं लेकिन जागरुकता और कानून की समझ जरूरी है। यदि जागरूक हैं तो बेटी को अच्छी शिक्षा दिलाकर उसे काबिल बनाया जा सकता है। बेटी-बेटा दोनों की समझ को बनाया और बढ़ाया जाना चाहिए। घर के अन्दर और बाहर समाज में अवसर पैदा करके पुरूष वर्ग की सोच को बदला जा सकता है। कानून की अच्छी समझ होने से शासन-प्रशासन को भी स्त्री वर्ग की जरूरतों से अवगत कराया जा सकता है। संविधानऔर कानून की समझ से हर महिला अपनी शक्ति बढ़ा सकती है। अन्त में परिचर्चा में इस बात पर सहमति जतायी गयी कि आज अवसर से पूर्व अपनी पूरी तैयारी होनी चाहिए।

# रोज़ा इफ्तार पार्टी में समाजसेवी, राजनीतिक लोगों ने किया इफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** मुगलसराय क्षेत्र के शाहकुटी हनुमानपुर वार्ड नं. 2 स्थित मदरसा रिज़विया गरीब नवाज में रविवार को मरहूम मो. सफिर खान साहब के 18वीं बरसी पर एक रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।

इस इफ्तार पार्टी का आयोजन मौलाना अंसारुल हक़ साहब के सरपस्ती व मो. आरिफ खान के जानिब से किया। रोज़ा इफ्तार पार्टी में क्षेत्र के समाजसेवी, गणमान्य नागरिक और विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े लोग शामिल हुए। सभी ने मिलकर रोज़ा इफ्तार किया और एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। इफ्तार के दौरान रोजे़दारों ने देश में अमन-चौन, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए दुआ की। उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करते हैं। आयोजक मो. आरिफ खान उर्फ बब्लू ने सभी मेहमानों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना आपसी भाईचारे, मोहब्बत और इंसानियत का पैगाम देता है।

# पुलिस ने नौकरी के नाम पर ठगने बाले वांछित को दबोचा

- कोतवाली कन्नौज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेजा गया



**अवधनामा संवाददाता**

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक प्रताप अजेय के पर्यवेक्षण में एवं थाना प्रभारी कोतवाली कन्नौज जितेन्द्र प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने धोखाधडी कर फर्जी कूटरचित नियुक्त पत्र बनाने बाले बांछित को छापेमारी कर हिरासत में लेकर कार्यवाही की है।

सोमवार को कन्नौज कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत 04.11.2025 को कोतवाली क्षेत्रांतर्गत निवासी वादी द्वारा अभियुक्त अनुज कुमार पुत्र रामप्रकाश निवासी ग्राम मधूपुर द्वारा वादी की पुत्रियों को उपभोक्ता फोरम में नौकरी दिलाने के नाम पर वादी से 05 लाख रूपये लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र देने तथा पैसे वापस मांगने पर वादी के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना कोतवाली कन्नौज पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। विवेचना के क्रम में सोमवार को प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह ने उपनिरीक्षक करनवीर सिंह, हेड कांस्टेवल संजय कुमार, कांस्टेवल रविन्द्र कुमार के साथ मुखबिर की सूचना पर ग्राम मधुपुर में छापेमारी कर वांछित अभियुक्त अनुज कुमार पुत्र रामप्रकाश निवासी ग्राम मधूपुर को गिरफ्तार किया गया। कोतवाली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष

## आज से शुरू होगा शक्ति पीठ मां कल्याणी देवी का प्राचीन वार्षिक मेला


**प्रयागराज।** महाशक्ति पीठ मां कल्याणी देवी के मंदिर में चैत्र कृष्ण अष्टमी का वार्षिक मेला 10 मार्च से 12 मार्च तक होगा। एवं मुख्य अष्टमी का मेला 11 मार्च को होगा। इस अवसर पर अष्टमी प्रातः 4 बजे मां कल्याणी की मंगल आरती के पश्चात दर्शन पूजन के लिए मंदिर के पट खोल दिया जाएगा। पूजन का क्रम मध्यान्ह 2ः00 बजे तक चलेगा और 3 बजे से 5 तक मां कल्याणी का महाभिषेक, नौचंडी दुर्गा सप्तशती का पाठ एवं कुमारी कन्याओं का पूजन एवं हवन होगा। शाम 7 बजे मां कल्याणी का महा श्रृंगार का दर्शन संपूर्ण रात्रि भक्तों को प्राप्त होगा।

मंदिर के पुजारी पं सुशील पाठक ने बताया कि इस अवसर पर मां कल्याणी का श्रृंगार संपूर्ण स्वर्ण आभूषणों से महिषासुर मर्दिनी के स्वरूप में किया जाएगा। पूरे मंदिर की सज्जा विविध प्रकार के फूलों फलों और मेवा द्वारा किया जाएगा। मेला क्षेत्र में संपूर्ण रात्रि भगवती जागरण और लोकगीत का आयोजन किया।

# पसमांदा समाज की शिक्षा और जागरूकता पर जोर

**अवधनामा संवाददाता**

- बिहार के राजनीतिक घटनाक्रम पर टिप्पणी से संगठन ने बनाई दूरी
- ईरान हमले पर दुख, भारत की विदेश नीति के समर्थन की बात
- रमज़ान में ज़कात सहयोग और इफ्तार किट वितरण का निर्णय
- भड़काऊ बयानबाज़ी से दूर रहने की समाज से अपील




**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ (एआइपीएमएम) की एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन बैठक रविवार रात 9:30 बजे ज़ूम के माध्यम से आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब परवेज़ हनीफ ने की, जबकि संचालन मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुहम्मद यूनुस ने किया। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय, प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में बिहार के मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम पर चर्चा करते हुए संगठन ने स्पष्ट किया कि यह एनडीए गठबंधन का आंतरिक मामला है और इससे संगठन का कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है, इसलिए इस विषय पर संगठन की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की जाएगी। संगठन ने कहा कि उसका मुख्य उद्देश्य पसमांदा मुस्लिम समाज के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक उत्थान पर कार्य करना है। बैठक में ईरान पर इज़राइल और अमेरिका द्वारा किए गए हमलों पर चिंता व्यक्त की गई और निर्दोष लोगों की मौत पर दुख जताया गया। संगठन ने यह भी कहा कि वह भारत सरकार की विदेश नीति के साथ खड़ा है। साथ ही पसमांदा समाज से अपील की गई कि वे इस मुद्दे पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ बयानबाजी, सोशल मीडिया उकसावे या धरना-प्रदर्शन से दूरी बनाए रखें। रमज़ान के महीने को देखते हुए बैठक में निर्णय लिया गया कि समाज के लोग अपनी ज़कात का एक हिस्सा संगठन को सहयोग के रूप में दें, जबकि बड़ा हिस्सा अपने गरीब रिश्तेदारों, पड़ोसियों और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए खर्च करें। संगठन को मिलने वाला सहयोग पसमांदा समाज के शैक्षणिक विकास, गरीब विद्यार्थियों की सहायता और जनजागरण कार्यक्रमों में उपयोग किया जाएगा।

इसके अलावा यह भी तय किया गया कि रमज़ान के दौरान संगठन के विभिन्न कार्यालयों में इफ्तार कार्यक्रम के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी। यदि कहीं इफ्तार कार्यक्रम आयोजित न हो सके तो उसी राशि से इफ्तार किट तैयार कर गरीब और जरूरतमंद लोगों में वितरित की जाएगी।

बैठक में यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि यूपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले पसमांदा मुस्लिम समाज के विद्यार्थियों को संगठन की ओर से सम्मानित किया जाएगा, ताकि समाज के युवाओं को उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरणा मिल सके।

बैठक में परवेज़ हनीफ, मुहम्मद यूनुस, तौकीर आलम, शमीम अंसारी, जब्बार अंसारी, सुल्तान अहमद, डॉ. फैयाज़ अहमद फैज़ी, अमीन अंसारी, कैफ अंसारी, एहतेशाम अयूबी सहित कई राष्ट्रीय, प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाकियू किसानों के अधिकारों के लिए आबाज उठाती रहेगी



- भाकियू पदाधिकारियों ने बी.डी.ओ. को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निस्तारण की मांग उठाई

**अवधनामा संवाददाता**

**कन्नौज।** जनपद कन्नौज के ब्लॉक सौरिख में जिलाध्यक्ष ठाकुर महेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर ब्लॉक अध्यक्ष राम सिंह कश्यप के नेतृत्व में क्षेत्रीय किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर खंड विकास अधिकारी सौरिख को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निस्तारण की मांग की गई है।

सोमवार को ब्लॉक सौरिख में ब्लॉक अध्यक्ष राम सिंह कश्यप के नेतृत्व में किसानों ने पहुंचकर जोरदार नारेबाजी करते हुये खंड विकास अधिकारी सौरिख को ज्ञापन सौंपकर जर्जर अवस्था में पडी करीब सौ मीटर सडक निर्माण सहित क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुये उनके जल्द समाधान की मांग की गई। जिसपर खण्ड विकास अधिकारी ने समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और किसानों के हक की आवाज को बुलंद किया। उधर दूरभाष पर भाकियू टिकैत प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिददीकी ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन किसानों के अधिकारों के लिए सदैव संघर्षरत है और किसानों की हर समस्या के समाधान के लिए लगातार आवाज उठाती रहेगी।

# पहली नौकरी पर मिलेगा 15 हजार तक वेतन प्रोत्साहन

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** सहायक श्रमायुक्त पवन कुमार ने बताया है कि भारत सरकार द्वारा विनिमार्ण क्षेत्र पर विशेष जोर देते हुये सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना दिनांक 01 अगस्त, 2025 से प्रारम्भ की गयी है। योजना के अन्तर्गत जहा पहली बार रोजगार करने वाले कर्मचारियों को एक महीने का वेतन (15,000 रूपये तक) मिलेगा, वही नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार पैदा करने के लिये दो साल की अवधि के लिये प्रोत्साहन दिया जायेगा, साथ ही विनिमार्ण क्षेत्र के लिये दो साल के लिये विस्तारित लाभ दिया जायेगा। इस योजना के दो भाग है, जिनका विवरण निम्नवत् है भाग-ए प्रथम बार काम करने वाले कर्मचारियों के लिये प्रोत्साहन- Employee Provident Fund Organization (EPFO) के साथ पंजीकृत पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों को ध्यान में रखते हुये इस भाग में एक महीने का वेतन 15,000/- रूपये तक दो किस्तों में दिया जायेगा। इसके लिये अधिकतम एक लाख रूपये प्रतिमाह तक के वेतन वाले कर्मचारी ही पात्र होगे। प्रथम किस्त 6 माह की सेवा के उपरान्त एवं दूसरी किस्त 12 माह की सेवा और कर्मचारी द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पूर्ण करने के उपरान्त देय होगी। बचत की आदत को प्रोत्साहन करने के लिये प्रोत्साहन राशि का एक हिस्सा एक निश्चित अवधि के लिये जमा खाते के बचत साधन में रखा जाएगा और कर्मचारी द्वारा बाद में निकाला जा सकेगा। भाग-बी नियोंक्ताओं को सहायता -इस भाग के अन्तर्गत नियोक्ताओं को एक लाख रूपये तक के वेतन वाले कर्मचारियों के सम्बन्ध में प्रोत्साहन मिलेगा। सरकार नियोक्ताओं को कम से कम छः महीने तक निरन्तर रोजगार वाले प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिये 02 साल तक अधिकतम 3000/-रूपये प्रति माह तक का प्रोत्साहन राशि देगी। विनिर्माण क्षेत्र के लिये प्रोत्साहन तीसरे और चौथे वर्ष तक भी बढ़ाया जायेगा। ईपीएफओ के साथ पंजीकृत प्रतिष्ठानों को कम से कम छः महीने के लिये निरन्तर आधार पर कम से कम दो अतिरिक्त कर्मचारी (50 से कम कर्मचारी वाले नियोक्ताओं के लिये) या पॉच अतिरिक्त कर्मचारी (50 या अधिक कर्मचारी वाले नियोक्ताओं के लिये) नियुक्ति करने के लिये आवश्यक होगी। प्रोत्साहन राशि सम्बन्धी संरचना निम्नानुसार होगी, जिसमें 10 हजार रू0 तक अतिरिक्त कर्मचारी का ईपीएफ वेतन स्लैब पर 1000 रू0 तक नियोक्ता को लाभ (प्रतिमाह अतिरिक्त रोजगार), रू0 10 हजार से अधिक और रू0 20 हजार तक अतिरिक्त कर्मचारी का ईपीएफ वेतन स्लैब पर 2000 रू0 तक नियोक्ता को लाभ (प्रतिमाह अतिरिक्त रोजगार) एवं रू0 20 हजार से अधिक (रू0 01 लाख प्रति माह वेतन तक) अतिरिक्त कर्मचारी का ईपीएफ वेतन स्लैब पर 3000 रू0 तक नियोक्ता को लाभ (प्रतिमाह अतिरिक्त रोजगार) प्राप्त होगा। जिन कर्मचारियों का ईपीएफ वेतन 10,000 रूपये तक है, उन्हें आनुपाति प्रोत्साहन राशि मिलेगी। उन्होने प्रतिष्ठानों से अपील किया है कि अपने प्रतिष्ठान को EPFO के साईट से एवं कर्मचारियों को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अन्तर्गत Employee Provident Fund Organization (EPFO) में उमंग पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कराये जाने का कष्ट करें।

## सशक्त महिलाएं, सशक्त समाज का आधार है

**जौनपुर।** तिलकधारी महिला महाविद्यालय जौनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना सत्र 25-26 के अंतर्गत द्वितीय एकदिवसीय सामान्य शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती जी तथा विवेकानंद व गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व उनके समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया। तत्पश्चात स्वयंसेविकाओं द्वारा सरस्वती वंदना व लक्ष्य गान हुआ। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में प्राचार्य डॉ0 वंदना सिंह द्वारा स्वयं सेविकाओं को ढेर सारी शुभकामनाएं प्रदान की गई। तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 चित्रलेखा सिंह द्वारा महिला सशक्तिकरण, सशक्त महिलाएं, सशक्त समाज का आधार है यह कहते हुए बताया कि दुनिया प्रगति तभी कर पाएगी जब महिलाएं आगे बढ़ेगी।इस संगोष्ठी में डॉ0 नीलम सिंह वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी द्वारा महिला दिवस का प्रारंभ कैसे और कब हुआ इसको अवगत कराते हुए कहा कि महिला दिवस हमें यह याद दिलाता है कि महिलाओं को समान अधिकार, समान अवसर व सम्मान मिलना चाहिए।

# एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को हेल्पलाईन नंबरों की जानकारी दी



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक अजय अवस्थी एवं अभियान प्रभारी/निरीक्षक सीपी तिवारी के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम द्वारा नगर में भ्रमण कर महिलाओं को एकत्रित करके महिला संबंधी होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिये जागरूक करते हुये महिला संबंधी सभी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। सोमवार को मिशन शक्ति /एन्टीरोमियो टीम की महिला आरक्षी प्रियंका, सीमा द्वारा नगर के जीटीरोड, रेलवे रोड, रेलवे स्टेशन, तिर्वारोड पर आने जानें बाली महिलाओं/बालिकाओं से संवाद स्थापित किया और उन्हें मिशन शक्ति के उद्देश्यों, महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों, एंटी रोमियो टीम की भूमिका तथा महिला उत्पीड़न की स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त करने की जानकारी दी गई। उन्होनें शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देकर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही थाना स्थानीय पर नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का कार्य, उद्देश्य, उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

# फर्जी मार्कशीट बेचने वाले जालसाज गिरफ्तार, फर्जी दस्तावेज बरामद

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** प्रयागराज साइबर पुलिस ने हाईस्कूल और इंटर की फर्जी मार्कशीट बनाकर बेचने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी मूल रूप से आजमगढ़ निवासी राजमन गोंड पुत्र कैलाशनाथ गोंड है। आरोपी इन दिनों क्रिस्टल अपार्टमेंट ए विंग फ्लैट नं-104 थाना चिनहट लखनऊ पूर्वी में रह रहा था। 37 वर्ष के राजमन के कब्जे से बड़ी संख्या में फर्जी दस्तावेज बरामद हुए। पकड़े गए शातिर ने पूछताछ में बताया कि कई वर्षो से वह फर्जी मार्कशीट तैयार कर छात्रङ्कछात्राओं को सप्लाई कर रहा था। इन जाली मार्कशीटों का इस्तेमाल खासकर दूसरे प्रदेशों में किया गया।

पुलिस के अनुसार उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय परिषद के नाम से अवैध संस्था चलाने वाले गिरोह के शातिर वेबसाइट के जरिये अंकपत्र वितरित करके मोटी रकम कमा रहे थे। इन शातिरों ने वेबसाइट पर अवैध रूप से मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश की फोटो तक लगाई हुई थी। हाईस्कूल, इंटरमीडिएट के फर्जी व अवैध प्रमाण पत्र हुबहू तैयार किए थे। पकड़े गए गिरोह के पास से फर्जी मार्कशीट, मोहरें, जाली दस्तावेज, बेवसाइट पर बनाए गए फर्जी पेज समेत अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं। गिरोह के अन्य बदमाशों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। प्रयागराज पुलिस कमिश्नर को सूचना मिली कि एक गैंग शिक्षा के नाम पर फर्जीवाड़ा कर रहा है। वह फर्जी मार्कशीट सप्लाई में लिप्त है। मामला दर्ज कर साइबर थाने की टीम ने जांच शुरू की।

टीम ने मूल रूप से आजमगढ़ के रहने वाले राजमन गोंड पुत्र कैलाश नाथ गोंड को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी इन दिनों क्रिस्टल अपार्टमेंट ए विंग फ्लैट नं-104 थाना चिनहट लखनऊ पूर्वी में रह रहा था। 37 वर्ष के राजमन के कब्जे से बड़ी संख्या में फर्जी दस्तावेज बरामद हुए।

पकड़ा गया शातिर उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय परिषद् के नाम से अवैध संस्था संचालित की जा रही थी। उसने कई पेज तैयार कर वेबसाइट पर डाला हुआ था। गिरोह उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय परिषद् के नाम से अंकपत्र तैयार कर बेच रहा था।

पकड़े गए शातिर ने पूछताछ में बताया कि कई सालों से वह फर्जी मार्कशीट तैयार कर छात्रङ्कछात्राओं को सप्लाई कर रहा था। इसका इस्तेमाल खासकर दूसरे प्रदेशों में किया गया।

# जुलूस ए सुबहे ज़र्बत अमीरुल मोमेनीन में शामिल हुए रोज़ादार

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** माहे मुक़द्दस रमज़ान का मुबारक दिन जहां हर दिन रहमतों व फज़ीलतों भरा है वहीं माहे रमज़ान की उन्नीस बीस और इक्कीस आलमे इस्लाम के लिए दुख दर्द और गमगीन माहौल के लिए जानी जाती है। माहे रमज़ान की उन्नीस को कूफे की मस्जिद में सुबहे फजिर की नमाज़ अदा कराते वक़्त दामादे रसूल फात्मा ज़हरा के शौहर हसन और हुसैन के वालिद और शियों के पहले इमाम हज़रत अली इब्ने अबुतालिब अलैहिस्सलाम को अब्दुल रहमान इब्ने मुल्जिम नामक शख़्स ने ज़हर बुझी तलवार से सर पर वार कर ज़ख्मी कर दिया था। जिनकी इक्कीस रमज़ान को शहादत हुई।

तब से आज तक माहे रमज़ान के तीन दिन गमगीन माहौल के साथ इफ्तारी के व्यंजनों में कढ़ाई का उपयोग नहीं होता। सादगी के साथ तीन दिन रोज़ा खोला जाता है। इसी सिलसिले में पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी माहे रमज़ान की उन्नीस को करैली जेके आशियाना मस्जिद सैय्यद वज़ीर हुसैन में तकरीर के बाद शबीहे ताबूत निकाला गया और मातमदारों ने या अली मौला हैदर मौला की फलक शिगाफ सदाओं से माहौल को ग़मगीन बना दिया।

वहीं रानी मण्डी धोबी गली स्थित मिर्ज़ा काज़िम अली से भोर में तीन सौ साल पुराना जुलूस निकाला गया। ज़ैग़म अब्बास की मर्सियाख्वानी के साथ रानी मण्डी, बच्चे चाय वाला तिराहा, चकय्या नीम होते हुए इमामबाड़ा आज़म हुसैन पर जुलूस सम्पन्न हुआ।



### इमामबाड़ा स्व मतलूब हुसैन में मोमबत्ती की रौशनी में निकला ताबूत

शहीदे कूफ़ा हज़रत अली इब्ने अबुतालिब अलैहिस्सलाम की ज़र्बत लगने की शब में एक क़दीमी मजलिस आयोजित की गई। जिसे डॉ रिज़्वान हैदर रिज़्वी ने खिताब करते हुए पढ़ा की यतीमों, मिस्कीनों, बेवाओं का खबरगीर और उनकी ग़िज़ा का इंतेज़ाम करने वाला रोज़े और नमाज़ के हालत में मस्जिद ए कूफ़ा में अब्दुल रहमान इब्ने मुल्जिम नामक शख़्स की ज़हर बुझी तलवार के सर पर वार से शहीद हो गया। कहा यह वह अली था जिसे मुश्किलकुशा कहा जाता है। जो रात की तारीकी में ग़रीबों मिस्कीनो और बेवाओं के घर पर दस्तक देकर रोटियां पहुंचाता था ताकि दिन के उजाले में कोई किसी गरीब का घर चिन्हित कर उसे बदनाम न करें। आज वहीं खलीफा वही रहबर वही शफक़त और मुहब्बत से अपने दौरे हुकूमत में लोगों से विनम्रता पूर्वक व्यवहार करने वाले पहले इमाम को शहीद कर दिया गया। मसायब सुन कर अक़ीदतमंदों की आंखें भर आईं। इमामबाड़े की लाइटों को बुझा कर मोमबत्ती की रौशनी में चमेली व गुलाब के फूलों व मख़मली चादर में लपेटा ताबूत ए अली निकाला गया तो हर तरफ से बोसा लेने और जियारत को हुजूम उमड़ पड़ा। अन्जुमन ग़ुन्चा ए क़ासिमया बख़्शी बाजार के नौहाख्वान नियाज़ुल हसन के साथ अन्य लोगों ने पुरदर्द नौहा पढ़ा।

## भारत की जीत के जश्न के साथ मनाया होली मिलन समारोह

**प्रयागराज।** लायंस क्लब इलाहाबाद सिटी के द्वारा होली मिलन समारोह गुलाटी गेस्ट हाउस चैथम लाइन्स प्रयागराज मे धूमधाम के साथ मनाया गया। क्लब के सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में राधा कृष्ण के नृत्य के साथ फूलों की होली मनाई गई। अनेक लजीज व्यंजन का सदस्यों ने आनंद लिया। अध्यक्ष ला. संजीव तिवारी ने सभी सदस्यों का स्वागत अभिनंदन किया। महिला सदस्यों द्वारा पुरुष सदस्यों को होली की उपाधि दी गई। जनसंपर्क अधिकारी लालू मित्तल ने बताया कि प्रांगण में एक बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाकर क्रिकेट मैच देखा। सभी सदस्य अति उत्साहित होकर भारत की जीत की कामना करते रहे। विश्व चैंपियन बनने पर सदस्यों ने ढोल नगाड़े पर जमकर नृत्य किया। पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक डॉ जगदीश गुलाटी की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही। कार्यक्रम में सचिव ला. संजीव त्यागी, ला. कल्पना अग्रवाल, ला. हुकुम केसरवानी, ला. प्रतिमा केसरवानी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# कृषि वानिकी एवं वानिकी का स्वरोजगार में भविष्य सुनहरा

- नारी सम्मान समारोह का सफल आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** सोसाइटी ऑफ बायोलॉजिकल साइंसेज एंड रूरल डेवलपमेंट, प्रयागराज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं नारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के विषय में तथा कार्यक्रम के संदर्भ में जानकारी डॉ. हेमलता पंत ने दी। इस कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. नीरज शुक्ला ने की।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. कुमुद दुबे, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कहा कि ग्रामीण आजीविका में विभिन्न कृषि वानिकी और उनके उत्पादों की महत्वपूर्ण भूमिका है। गेहूं के चारों तरफ सागौन के पौधे लगाए जा सकते हैं। आंवला के साथ औषधीय पौधों को लगाया जा सकता है।यूकेलिप्टस के स्थान पर मिलिया डुबिया लगा सकते हैं। महुआ के पौधों के साथ-साथ उनके उत्पाद जैसे चॉकलेट, टॉफी, लड्डू , केक, बर्फी, लपसी, सूखे महुआ, अचार, टूथ पाउडर, वाइन, तेल जैसे उत्पादों से आमदनी हो सकती है। तेल निकालने के बाद बची खली जैव खाद का का रूप लेती है। वानिकी से साबुन उद्योग, माचिस उद्योग, कुटीर उद्योग में बड़ी संभावनाएं हैं। जरूरत है सही प्रशिक्षण और जागरूकता की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर मृदुला त्रिपाठी, रसायन विज्ञान विभाग, सीएमपी पीजी कॉलेज प्रयागराज ने की। प्रोफेसर मृदुला त्रिपाठी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कृषि वानिकी एवं वानिकी का स्वरोजगार में भविष्य सुनहरा है। ग्रामीण महिलाओं या जो इस क्षेत्र में कौशल चाहते है वह उचित प्रशिक्षण एवं जानकारी लेकर अपनी आजीविका चला सकता है और अपना अपना उद्यम शुरू कर सकता है। इस कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष प्रोफेसर कृष्णा मिश्रा को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

संगोष्ठी में अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु उपस्थित प्राध्यापको, वैज्ञानिकों व शोध छात्रों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अर्चना त्रिपाठी, डॉ. सरिता श्रीवास्तव, डॉक्टर साधना वैश्य, डॉ ज्योति वर्मा, डॉ. पल्लवी राय, डॉ. प्रिया श्रीवास्तव, डॉ. दीपांजलि पांडेय, डॉ. मोनिका सिंह, डॉ. कामीन, डॉ निशि सेवक, डॉ अनीता सिंह, डॉ. अंजली आदि सहित विभिन्न विभागों की शोध छात्राएं उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. विनि जॉन और डॉ. ज्ञापन डॉक्टर साधना त्रिपाठी कार्यकारी सचिव राष्ट्रीय संगोष्ठी ने किया।

## चकबंदी प्रक्रिया के भ्रष्टाचार को लेकर सौंपा ज्ञापन

**आजमगढ़।** ग्राम हाजीपुर तहसील सगड़ी सागडी में चकबंदी प्रक्रिया के अंतर्गत जोत चकबंदी आकार पत्र 23 (1) का वितरण कर दिया गया है द्य जिसमें चाक निर्माण में घोर भ्रष्टाचार और घोर अनियमितताएं का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है और इस संबंध में एक 10 सूत्री ज्ञापन आयुक्त आजमगढ़ मंडल आजमगढ़ को सौंप कार्रवाई की मांग किया है द्य इसमें कहा गया है कि हाजीपुर गांव के वर्तमान चकों को निरस्त करते हुए गांव के खेतों का पुनर्मूल्यांकन के साथ में बंदोबस्ती नक्शे पर सहायक चकबंदी अधिकारी स्तर पर नए सिरे चक निर्माण करने का आदेश देने की मांग किया है द्य इसके पूर्व बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी और जिलाधिकारी को संबोधित एक पत्र 7-7- 2025 को भी दिया गया है लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है द्य इस अवसर पर नागेंद्र सिंह पुत्र स्वर्गीय रामशरण सिंह एवं समस्त का शिकार मौजूद थे।

# होली एवं बसंतोत्सव का 15 मार्च को होगा आयोजन

- डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य होंगे मुख्य अतिथि

**अवधनामा संवाददाता**




**प्रयागराज।** भाजपा प्रयागराज महानगर, गंगापार एवं यमुनापार के संयुक्त तत्वाधान में होली एवं बसंतोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का भव्य आयोजन रविवार 15 मार्च को परेड ग्राउंड में किया जाएगा।

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सोमवार को सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय पर मंडल अध्यक्षों प्रभारियों की आहुत बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वाहन करते हुए कहा कि उक्त कार्यक्रम भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम ,फूलों की होली व सहभोज के साथ आयोजन का समापन होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में किसी बड़े गायक कलाकार को बुलाने पर विचार किया जा रहा है। महानगर अध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। पार्टी के सभी मोर्चा, प्रकोष्ठ, सभी वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधि, वर्तमान एवं पूर्व पार्षद, बूथ से लेकर मंडल व महानगर पदाधिकारी कार्यकर्ता, पूर्व प्रत्याशी, समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध एवं वरिष्ठ विशिष्ट व विचार परिवार के लोग भी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम सुबह साढ़े दस(10ः30) बजे से शुरू होगा।

बैठक में कुंज बिहारी मिश्रा, शशि वार्ष्णेय, रमेश पासी, मुरारीलाल अग्रवाल, रवि केसरवानी, प्रमोद मोदी, विवेक अग्रवाल, राजू पाठक, गिरिजेश मिश्रा, राजेश गोंड, डॉ शैलेश पांडेय, विजय श्रीवास्तव, विजय लक्ष्मी, शिखा रस्तोगी, शोभिता श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, विवेक मिश्रा, मनोज श्रीवास्तव, अजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मिनटों में बनाएं खट्टी-मीठी रोस्टेड आंवला चटनी



सर्दियों के मौसम में खाने का स्वाद बढ़ाने और इम्यूनिटी मजबूत करने के लिए रोस्टेड आंवला चटनी एक बेहतरीन विकल्प है। विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर यह खट्टी-मीठी चटनी मौसमी बीमारियों से बचाकर सेहतमंद रखती है। इसे घर पर बनाना बेहद आसान है और यह पराठे या दाल-चावल के साथ लाजवाब लगती है।

ठंड का मौसम शुरु हो चुका है। गुलाबी ठंड में लोगों ने स्वेटर पहनना शुरु कर दिया है। सर्दियों के मौसम खाना का टेस्ट काफी स्वादिष्ट लगता है। इस दौरान भोजन का स्वाद बढ़ जाता है, भूख भी खूब लगने लगती है। अगर आप भी इस मौसम में खाने को स्वाद बढ़ाना चाहते हैं, तो आप आंवला की चटनी बना सकते हैं। वैसे गर्मी में तो धनिया-पुदीना ती चटनी अच्छी लगती है। हालांकि, आप सर्दियों में आंवला की चटनी बना सकते हैं। आंवला में विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट्स पाएं जाते हैं, जो इम्यूनिटी को मजबूत करता है। आंवला का सेवन मौसमी संक्रमण से भी बचाता करता है। खाने को स्वाद बढ़ाने के लिए रोस्टेड आंवला की चटनी जरुर बनाएं। आइए आपको बताते हैं रोस्टेड आंवला चटनी की रेसिपी कैसे बनाएं।

**रोस्टेड आंवला की चटनी बनाने के लिए सामग्री**

- 6 से 8 मीडियम साइज के आंवला
- 2 हरी मिर्च
- 1 इंच लंबा अदरक का टुकड़ा
- 3 से 4 कलियां लहसुन
- एक मुट्ठी धनिया पत्ते
- नमक स्वादानुसार
- 1 छोटा चम्मच भुना जीरा पाउडर
- 1 छोटा चम्मच नींबू का रस
- 1 छोटा चम्मच तेल

**रोस्टेड आंवला की चटनी बनाने की विधि**

सबसे पहले आप आंवलों को अच्छे से धो लें। अब आंवलों पर हल्का तेल लगाकर तवे पर भूनें। यदि आपके पास मिट्टी से बने चूल्हे की गरम राख हो तो उस पर भी आंवला को रोस्ट किया जा सकता है। आप आंवले को तब तक रोस्ट करें जब तक इनका रंग हल्का सुनहरा न हो जाएं। अब आंवलें को ठंडा होने के लिए रख दें। इसके बीज निकालकर मिक्सी में भुना आंवला, हरी मिर्च, अदरक, लहसुन और धनिया पत्ते और थोड़ा-सा पानी डालकर इन सभी चीजों को दरदरी चटनी पीस लें। अब इस चटनी में नमक, भुना जीरा पाउडर और नींबू का रस मिलाकर अच्छी तरह मिला लें। यह लीजिए टेस्टी और हेल्दी रोस्टेड आंवला चटनी बनकर तैयार है। आप इसको पराठें, दाल-चावल या स्नैक्स के साथ सर्व करें।

# स्वाद के साथ ही सेहत का खजाना

## विंटर में ब्रेकफास्ट में बनाएं पौष्टिक से भरपूर मेथी-बाजरा का चीला

सर्दियों में शरीर को गर्म रखने के लिए मेथी और बाजरा खाया जाता है। यह पाचन को भी दुरुस्त रखता है और ऊर्जा बढ़ाने के लिए भी बेहतरी माना जाता है। सुबह नाश्ते में हेल्दी और पौष्टिक तत्वों से भरपूर मेथी-बाजरा का चीला जरुर खाएं। आइए आपको इसकी रेसिपी बताते हैं।

**विंटर सीजन में शरीर में गर्माहट लाने के लिए कई सारे आहार का सेवन करना पड़ता है। इस मौसम में पोषण से भरपूर आहार खाने चाहिए, जो शरीर को भी गर्माहट पहुंचाए।**

विंटर सीजन में शरीर में गर्माहट लाने के लिए कई सारे आहार का सेवन करना पड़ता है। इस मौसम में पोषण से भरपूर आहार खाने चाहिए, जो शरीर को भी गर्माहट पहुंचाए। सर्दियों के दौरान बाजरा और मेथी का गजब का कॉम्बिनेशन है। यह शरीर को हेल्थी और पोषण देता है, इसके साथ ही शरीर को गर्माहट पहुंचता है। बाजरा और मेथी की तासीर गर्म होती है और इसमें कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। बाजरा में फाइबर और आयरन से भरपूर होता है, यह पेट को भी लंबे समय तक भरा रखता है और एनर्जी प्रदान करता है। मेथी पत्ते में एंटी-इन्फ्लेमेटरी, पाचन सुधारने वाले और सर्दी-जुकाम से बचाने वाले गुणों के लिए जानी जाती है। इसलिए नाश्ते में जरुर बनाएं बाजरा-मेथी का चीला। आइए आपको रेसिपी बताते हैं।



**सामग्री**

- बाजरा का आटा
- मेथी पत्ते (बारीक कटे हुए)
- दही
- अदरक (कद्दूकस किया हुआ)
- हरी मिर्च (बारीक कटी)
- हल्दी
- लाल मिर्च पाउडर
- नमक स्वादानुसार
- जीरा
- तेल/घी

**कैसे तैयार करें बैटर**

- सबसे पहले आप एक बर्तन में बाजरे का आटा लें। इसमें अब मेथी के पत्ते, अदरक, हरी मिर्च, हल्दी, सास मिर्च, जीरा और नमक मिलाएं।
- इसमें अब आप दही मिला लीजिए। अब थोड़ा-थोड़ा करके पानी डालकर बैटर को पतला कर लें।
- इस बैटर को 10-15 मिनट के लिए ढककर रख दें, जिससे मेथी का फ्लेवर अच्छे से घुल जाए।

चीला सेंकें

- इसके लिए तावा गर्म करें और हल्का सा तेल/घी लगाएं।
- किनारों पर थोड़ा तेल डालें और इसे मीडियम आंच पर पकाएं।
- सुनहरा होने के बाद चीला को पलटें और दूसरी तरफ भी अच्छे से सेंक लें।
- इन स्वादिष्ट चीले को आप दही, चटनी या अचार के साथ खा सकते हैं। यह और भी टेस्टी लगेगा।

# आयुर्वेदिक फ्रेशनर मिनटों में घर को देगा अद्भुत ताजगी और सकारात्मकता

क्या आपको भी यह महसूस होता है कि आप चाहे कितना भी अपने कमरे की सफाई कर लें। लेकिन फिर भी कमरे से एक अजीब सी बासी बदबू आती रहती है। अक्सर लोग इसको गंदगी, धूल या साफ-सफाई की कमी समझ लेते हैं। लेकिन आयुर्वेद के मुताबिक इसका असली कारण धूल या गंदगी नहीं बल्कि यह जीवन ऊर्जा के ठहराव की निशानी होती है। जब कमरे में यह ऊर्जा रुक जाती है, तो भले ही कमरा बाहर से पूरी तरह से व्यवस्थित और साफ लगे, लेकिन स्फूर्ति, ताजगी और सकारात्मक वातावरण की कमी महसूस होती है।

इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक बेहद नेचुरल, आसान और आयुर्वेदिक रूम फ्रेशनर रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। यह न सिर्फ आपके कमरे में मनमोहक सुगंध फैलाएगा। बल्कि यह आपके घर के वातावरण को ऊर्जा और पॉजिटिविटी से भर जाएगा। यह पूरी तरह से प्राकृतिक और केमिकल फ्री है। तो आइए

**नींबू के स्लाइस हवा को शुद्ध करते हैं और इसमें पाए जाने वाले सिट्रस एसिड्स कमरे में जमी निगेटिव एनर्जी को दूर करते हैं और वातावरण को फ्रेश बनाते हैं।**

जानते हैं इस रूम फ्रेशनर को बनाने और इस्तेमाल करने के तरीके के बारे में...

**सामग्री**

नींबू के पतले स्लाइस- 4-5

ताजी पुदीने की पत्तियां- एक मुट्ठी

रोजमेरी या तुलसी की पत्तियां- 1-2 टहनी

गुनगुना पानी- 1 कप

**बनाने की तरीका**

इन सभी चीजों को एक छोटे से जार या कांच की कटोरी में डालें। इसको कमरे के किसी कोने में खुला



रख दें।

अब चाहें तो इन चीजों को मिक्सर में ब्लेंड करके छान लें और फिर इसको एक स्प्रे बोतल में भरकर रख दें। जब भी हवा घुटी-घुटी या हवा भारी लगे, तो बस कुछ स्प्रे करें।

इस स्प्रे से मिनटों में आपका कमरा बिना किसी आर्टिफिशियल या केमिकल रूम फ्रेशनर के शांत, हल्का और प्राकृतिक सुगंध से भरपूर महसूस होगा।

बता दें कि नींबू के स्लाइस हवा को शुद्ध करते हैं और इसमें पाए जाने वाले सिट्रस एसिड्स कमरे में जमी निगेटिव एनर्जी को दूर करते हैं और वातावरण को फ्रेश बनाते हैं। वहीं नींबू की खुशबू मन को ऊर्जावान और हल्का महसूस कराती है, जिससे थकान और तनाव कम होता है।

पुदीने की पत्तियां तनाव और मानसिक थकान को कम करने का काम करती है। पुदीना सुगंधित हर्ब होने के साथ नेचुरल ठंडक देता है। इसको कमरे में रखने मात्र से ही फोकस करने की क्षमता बढ़ती है और ब्रेन को तरोताजा महसूस होता है।

वहीं रोजमेरी एकाग्रता बढ़ाती है और तुलसी वातावरण को पवित्र बनाती है। रोजमेरी की ताजगी भरी सुगंध दिमाग को राहत देती है और पूरे कमरे का माहौल भी ऊर्जा से भरपूर हो जाता है। इसके साथ ही तुलसी की खुशबू निगेटिविटी और बुरी ऊर्जा को दूर करने में काफी असरदार मानी जाती है।

पानी सारी सुगंधों को मिलाकर प्राकृतिक खुशबू बिखेरता है और यह मिश्रण कमरे में फैलने के बाद न सिर्फ वातावरण को तरोताजगी और ऊर्जा से भर देता है, बल्कि संतुलन और मानसिक शांति भी देता है।

# लौकी-तोरई से ऊब गए? बनाएं ये झटपट कॉर्न कोफ्ता

रोजाना हर घर में होता है कि नाश्ता, लंच और डिनर में क्या बनाएं। रोज जो खाने में बनता है बच्चे भी खाने में कमी निकालने लगते हैं। लौकी-तोरई खाकर सब पक भी जाते हैं। इस वजह से आजकल मम्मियां भी सब्जियों को अलग-अलग तरीके से ट्राई करके डिशेज बना सकती है। बाजार में कई तरह की सब्जियां मिलती है, अगर आप बार-बार वहीं सब्जियां खाकर पक गए हैं, तो घर पर ट्राई करें कॉर्न कोफ्ता की सब्जी। कॉर्न कोफ्ता करी बनाना बेहद आसान है। आइए आपको कॉर्न कोफ्ता की रेसिपी के बारे में बताते हैं।

**कॉर्न कोफ्ता करी कैसे बनाएं**

- सबसे पहले आप कॉर्न कोफ्ता बनाने के लिए पकोड़ो बनाने की आवश्यकता पड़ेगी।
- इसके लिए आप कॉर्न को कद्दूकस कर लें।
- अब आप पल्प को बाउल में निकाल कर आधा हिस्सा प्लेट में रख लें।
- इसमें अब बेसन डालकर थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए गाढ़ा घोल बना लीजिए।
- अब 1/4 छोटी चम्मच नमक, 1 छोटी चम्मच ग्रेटेड अदरक, 2 बारीक कटी हुई हरी मिर्च और 4-5 बड़े चम्मच हरा धनिया डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।
- 2-3 मिनट तक घोल को साइड में रख लें और अब कड़ाही में तेल गर्म कर लें।
- अब आप छोटे-छोटे या अपने मनपसंद आकार में पकोड़े बनाकर तैयार कर लें।

**ग्रेवी को कैसे बनाएं**

- ग्रेवी बनाने के लिए मिक्सर जार में 5 टमाटर, 2 हरी मिर्च और 1 इंच अदरक डालें और इसे बारीक पीस लें।
- इसके बाद पेन में 2-3 बड़े चम्मच तेल डालकर गरम कर 1/2 छोटी चम्मच जीरा और 1 पिंच हींग डालें और इसे भून लीजिए।
- अब टमाटर का पेस्ट डालें और इसे धीरे-धीरे चलाते रहे हैं। अब इसमें 1/2 छोटी चम्मच हल्दी पाउडर, 1 छोटी चम्मच कश्मीरी लाल मिर्च और 1.5 छोटी चम्मच धनिया पाउडर डालकर मिला लें और इसे थोड़ी देर तक चलाते रहे हैं।
- मसाले के आधा पक जाने पर इसमें बचाया हुआ ग्रेट भुट्टा और 1 बड़े चम्मच कसूरी मेथी डालकर अच्छे से मिला दीजिए।
- जब उबाल आए तो इसे थोड़ी देर चलाते हुए 5 मिनट तक और पकाएं। ग्रेवी गाढ़ी होने पर बनाएं हुए पकोड़े डाल दें।
- इसके बाद करी को 5 मिनट तक और पकाएं, इसमें 1 छोटी चम्मच घी डाल कर अच्छा से मिलाकर फ्लेम बंद करें।
- यह लीजिए तैयार है आपकी कॉर्न कोफ्ता करी। इसको आप रोटी या चावल के साथ खा सकते हैं।

कॉर्न कोफ्ता बनाते समय इन बातों का रखें ध्यान

- कॉर्न कोफ्ता करी बनाने के लिए आप बेबी कॉर्न को चूज करें।
- मसाला को लो फ्लेम पर ही बनाएं।
- कोफ्ता के पकोड़े बनाते समय गैस को लो फ्लेम पर पकाए और चलाते हुए जरुर पकाएं।

# सर्दियों में रूखी-बेजान त्वचा से पाएं छुटकारा, रसोई का सरसों तेल करेगा कमाल



, जानें कैसे

खासतौर पर हाथ-पैरों की स्किन रूखी होने लगती है। जिसके कारण न सिर्फ खुजली की समस्या हो सकती है। वहीं स्किन रूखी होने पर हाथ-पैर सफेद नजर आना शुरू हो जाते हैं। बता दें कि रसोई में रखी पीली चीज यानी की सरसों का तेल इस समस्या को दूर कर सकता है।

आजकल मौसम में बदलाव आना शुरू हो गया है। गर्मियां जा रही हैं और धीरे-धीरे सर्दियों का आगमन हो रहा है। ऐसे में स्किन का रूखा हो जाना आम बात है। खासतौर पर हाथ-पैरों की स्किन रूखी होने लगती है। जिसके कारण न सिर्फ खुजली की समस्या हो सकती है। वहीं स्किन रूखी होने पर हाथ-पैर सफेद नजर आना शुरू हो जाते हैं। बता दें कि रसोई में रखी पीली चीज यानी की सरसों का तेल इस समस्या को दूर कर सकता है।

ऐसे में आपके लिए यह जानना जरूरी है कि सरसों के तेल का उपयोग कैसे किया जाए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्किन के रूखेपन को दूर करने के लिए सरसों के तेल का कैसे उपयोग करना चाहिए।

**ऐसे करें सरसों का तेल उपयोग**

सरसों का तेल इस्तेमाल करने के लिए पहले इसको गुनगुना करें। फिर रात में सोने से पहले अपने हाथ-पैरों पर हल्के-हल्के हाथों से मालिश करें। ध्यान रहे कि आपको मालिश तब तक करनी है, जब तक सरसों का तेल स्किन में समा नहीं जाए। फिर प्रभावित स्थान को पानी से नहीं धोना है, बल्कि ऐसे ही सो जाएं। ऐसा करने से आपकी त्वचा सरसों के तेल को सोख लेगी और आपको स्किन के रूखेपन से भी राहत मिल जाएगी।

सरसों के तेल में विटामिन ई पाया जाता है, यह दोनों ही स्किन के लिए बेहद उपयोगी है। ऐसे में आप सरसों के तेल में विटामिन ई कैप्सूल को मिलाकर इससे हाथ-पैर की मालिश करें। इसको रात भर के लिए अपनी त्वचा पर लगा रहने दें। फिर अगले दिन गर्म पानी से साफ कर लें, ऐसा करने से फायदा होगा।

बता दें कि ग्लिसरीन और सरसों का तेल भी त्वचा के लिए उपयोगी है। ऐसे में आप दोनों को बराबर की मात्रा में मिक्स कर लें। अब इस मिश्रण को आधे घंटे बाद गुनगुने पानी से साफ कर लें। ऐसा करने से फायदा होगा।

**जानिए सरसों के तेल के फायदे**

सरसों के तेल में विटामिन ई और एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होता है, यह न सिर्फ स्किन को मुलायम बनाता है, बल्कि स्किन को भी कोमल बनाए रखता है।

अगर आप फंगल इंफेक्शन से खुद का बचाव करना चाहती हैं, तो सरसों के तेल में पाए जाने वाला एंटी फंगल गुण आपका इससे बचाव कर सकता है।

रूखी स्किन की वजह से अक्सर खुजली की समस्या होती है, तो इस समस्या से राहत पाने में भी सरसों का तेल बेहद उपयोगी है।

सरसों का तेल लंबे समय तक स्किन पर नमी बनाए रखता है। साथ ही सरसों का तेल स्किन को पपड़ीदार होने से भी रोकता है।

# वीकेंड पर बनाएं दही बैगन कतरी, मिनटों में तैयार होगा लाजवाब स्वाद

छुट्टी के दौरान अक्सर होता है कि कुछ स्पेशल बनाने की इच्छा जरुर होती है। इस दिन अलग-अलग रेसिपी ट्राई करने का जरुर मन करता है। दाल-चावल के साथ भी आप एक यूनिक डिश जरुर बनाते हैं। जो आपके खाने को स्वाद को जबरदस्त बना देती होगी। रोजाना आप सेम चीज खाकर बोर हो गएं होंगे। तो आप इस वीकेंड पर अपने खाना का स्वाद को डबल करने के लिए कोई खास डिश जरुर बनाएं। आप चाहे तो दही वाले बैंगन कतरी ट्राई करें। इसका आप सब्जी और रायता दोनों का स्वाद मजेदार मिलेगा। आइए आपको बताते हैं कैसे बनाई जाती है बैंगन की कतरी की डिश।

**दही वाले बैंगन कतरी कैसे बनाएं?**

- सबसे पहले आप एक कटोरे में पानी लें और इसमें 1 चम्मच नमक डालें।
- अब बैंगन लें और उसका डंठल काटकर हटा दें। फिर आप 1-1 इंच की स्लाइस काटें।
- इसके बाद बैंगन को पानी में डालकर छोड़ दें। यदि आप उसे बिना पानी के छोड़ दें, तो यह कला हो जाएगा।
- अब आप एक पैन में 3-4 चम्मच तेल डालकर गर्म करें।
- इसमें स्लाइस को रखते हुए गोल्डन ब्राउन होने तक पका लें। जब यह दोनों तरफ से ब्राउन हो जाए, तो इसे एक प्लेट में निकाल लें।
- इसके बाद पैन में 2 चम्मच तेल गर्म होने दें। फिर इसमें साबुत मसाले लौंग और काली मिर्च, आधा चम्मच हल्दी पाउडर,जीरा पाउडर, धनिया पाउडर डालकर भूनें।
- अब इसमें टमाटर, हरी मिर्च और अदरक का पेस्ट और 1 चम्मच लाल मिर्च डालकर मिलाएं।
- जब तक तेल न छोड़ने लगे तब तक इसे भूनें।
- अब आधा चम्मच नमक, आधा चम्मच गरम मसाला डालकर भूनते हैं।
- मसाला भूनने के बाद गैस को बंद कर दें और इसमें 1.5 कप फेंटा और ताजा दही लें।
- अब कटोरे में तैयार हुआ मसाले डालें।
- इसके बाद आप इसमें ऊपर फ्राई किए हुए बैंगन की एक लेयर रखें, अब इसमें ऊपर दही की एक लेयर डालें।
- इस प्रक्रिया को आर 2-3 लेयर तक करें। आखिर में दही वाली लेयर से पूरा करें।
- जब यह स्टेप पूरा हो जाए, तो तड़का लगाने के लिए एक पैन में तेल डालकर गरम करें और इसमें 1 चम्मच जीरा और 2 साबुत लाल मिर्च डालकर भूनें।
- इसके लिए तैयार किया गया थोड़ा सा मसाला डालें और मिलाएं।
- भूनने के बाद इस तड़के को दही के ऊपर डाल दें।
- यह लीजिए तैयार हो गई दही वाले बैंगन कतरी।
- इसको आप रोटी-पराठा या फिर दाल-चावल के साथ सर्व कर सकती है।

# तला-भुना छोड़िए, झटपट बनाएं टेस्टी और हेल्दी बेक्ड चीज पोटैटो

शाम की हल्की भूख के लिए बेक्ड चीज पोटैटो एक परफेक्ट और स्वादिष्ट विकल्प है, जो सिर्फ 15-20 मिनट में तैयार हो जाता है। यह बच्चों और बड़ों दोनों को बेहद पसंद आएगा, क्योंकि यह तला-भुना नहीं बल्कि बेक्ड है और क्रीमी चीज के साथ आलू का बेहतरीन स्वाद देता है। इस आसान रेसिपी को अपनाकर आप हेल्दी और टेस्टी इवनिंग स्नैक्स का आनंद ले सकते हैं। शाम के समय होने वाली क्रेविंग से हम सभी परेशान हो जाते हैं, अब क्या खाएं। शाम को हल्की-फुल्की भूख लगना आम बात है। ऐसे में हम सभी सोचते हैं क्या खाएं और क्या बनाए। अक्सर इस समय कुछ ऐसा खाने की सोचते हैं जो स्वादिष्ट हो, बनाने में आसान हो और जिसे बच्चे और बड़े दोनों ही चाव से खाएं। यदि आप तला-भुना खाने से बचना चाहते हैं, तो आप एक बार बेक्ड चीज पोटैटो को जरुर बनाएं। यह बस 15 से 20 मिनट में तैयार हो जाएंगे। आलू में कार्बोहाइड्रेट होता है, जो आपको एनर्जी प्रदान करेगा। चीज का क्रीमी स्वाद चखकर मजा आ जाएगा। तो चलिए बिना देर किए आपको बताते हैं, इसकी रेसिपी।

**बेक्ड चीज पोटैटो बनाने के लिए सामग्री**

- आलू: 4 से 5
- चीज (मोजरेला या चेडर), कद्दूकस किया हुआ: 1 कप
- प्याज (बारीक कटा हुआ): 2 बड़े चम्मच
- शिमला मिर्च (बारीक कटी हुई): 2 बड़े चम्मच

मसाले और सीजनिंग की सामग्री

- नमक: स्वादानुसार
- काली मिर्च पाउडर: 1/2 छोटा चम्मच
- चिली फ्लेक्स: 1/2 छोटा चम्मच
- ऑरेगैनो: 1/2 छोटा चम्मच

ऑप्शनल सामग्री

- क्रीम या मेयोनीज: 1 बड़ा चम्मच
- बारीक कटी हुई गाजर या स्वीट कॉर्न: 2 बड़े चम्मच



**कैसे बनाएं बेक्ड चीज पोटैटो**

बेक्ड चीज पोटैटो बनाने के लिए सबसे पहले कुछ मीडियम साइज के आलुओं को उबाल लें। इस बात का ध्यान रखे कि आलू पूरी तरह गला न हो, बल्कि हल्के कड़क हो। आलू थोड़े ठंडे हो जाने के बाद , इन्हें बीच से दो हिस्सों में काट लें। अब एक चम्मच की मदद से आलू के बीच के हिस्से को थोड़ा सा निकाल लें, ताकि उसमें भरने के लिए जगह बन सके।

**फिलिंग कैसे तैयार करें**

अब आप आलू के बीच से निकाले गूदे को एक कटोरे में लें। इसमें अपनी पसंद की बारीक कटी हुई सब्जियां जैसे कि-प्याज, शिमला मिर्च और गाजर मिलाएं। अब इसमें मोजरेला चीज, थोड़ा-सा नमक, काली मिर्च, चिली फ्लेक्स और ऑरेगेनों डालकर अच्छे से मिला लें। अगर आप चाहे तो इसमें एक चम्मच क्रीम या मेयोनीज डाल सकते हैं।

**इस तरह से करें बेकिंग**

रैडी की गई फिलिंग को सावधानी से आलू के खाली किए गए हिस्सों में भर दें। अब ऊपर से थोड़ा और चीज डालें, जिससे यह बेक होने के बाद सुनहरा और खिंचाव वाला परत बन सके। इन आलुओं को एक बेकिंग ट्रे पर रख दें और पहले से प्री-हीट किए गए ओवन में 180∞C पर लगभग 10 से 15 मिनट के लिए बेक करें। इन आलुओं को तब तक बेक करें जब तक चीज़ अच्छी तरह से पिघलकर सुनहरा न हो जाए। यह लीजिए तैयार है आपके बेक्ड चीज पोटैटो, इसे आप टोमेटो कैचअप के साथ गरमा-गरम खाएं। इसका स्वाद इतना क्रीमी और टेस्टी है कि, इसे आप बार-बार खाएंगे।

# कुकिंग में दही फटने से परेशान? तो ये आसान ट्रिक अपनाएं



जब आप दही को अपनी कुकिंग में शामिल कर रहे हैं तो पहले इस बात का ध्यान रखें कि उसे डिश में शामिल करने से पहले अच्छी तरह फेंटे। आप उसे इतना फेंटें कि वो पूरी तरह से स्मूद हो जाए। अगर आप चाहें तो उसमें 1-2 चम्मच बेसन या मैदा भी मिला सकते हैं।

किचन में कुकिंग करना इतना भी आसान नहीं होता। अक्सर कुछ छोटी-छोटी गलतियां या अनदेखी आपके खाने के टेस्ट व टेक्सचर दोनों को बिगाड़ सकती हैं। खासतौर से, अगर आप कुकिंग करते हुए करी में दही का इस्तेमाल करते हैं तो आपको अतिरिक्त ध्यान देने की जरूरत होती है। अगर ध्यान ना दिया जाए तो मलाईदार टेक्सचर वाली करी एक ही मिनट में दानेदार और पानी जैसा बन जाती है, क्योंकि दही फट जाती है।

दरअसल, गलती आपकी नहीं है, ये बस थोड़ी-सी केमिस्ट्री की गड़बड़ है। अगर दही को अचानक ज्यादा गर्मी, खटास या ठंड मिलती है तो वह तुरंत फट जाती है। हम सभी के साथ कभी ना कभी ऐसा जरूर हुआ है। हालांकि, ऐसे में आपको परेशान होने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। अगर आप कुछ छोटे-छोटे ट्रिक अपनाते हैं तो ऐसे में आप दही को कुकिंग करते हुए फटने से बचा सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही आसान हैक्स के बारे में बताएंगे, जो आपके बेहद काम आएंगे-

**दही को अच्छी तरह फेंटें**

जब आप दही को अपनी कुकिंग में शामिल कर रहे हैं तो पहले इस बात का ध्यान रखें कि उसे डिश में शामिल करने से पहले अच्छी तरह फेंटे। आप उसे इतना फेंटें कि वो पूरी तरह से स्मूद हो जाए। अगर आप चाहें तो उसमें 1-2 चम्मच बेसन या मैदा भी मिला सकते हैं। दरअसल, जब आप दही को फेंटती हैं तो इससे फैट और प्रोटीन बराबर तरीके से मिल जाते हैं। वहीं, बेसन एक स्टेबलाइज़र की तरह काम करता है, जो पानी और प्रोटीन को बांध कर रखता है ताकि गर्म होने पर दही फटे नहीं।

**रूम टेंपरेचर पर हो दही**

कभी भी सीधे फ्रिज से निकालकर दही को अपनी डिश में शामिल ना करें। ध्यान करें कि आप पहले उसे 15-20 मिनट तक बाहर रख दें। अगर आप ठंडी दही को गरम करी में मिक्स करती हैं तो इससे 'थर्मल शॉक' मिलता है। वहीं, रूम टेंपरेचर वाली दही आसानी से मिक्स हो जाती है और वह फटती नहीं है।

**दही हमेशा धीमी आंच पर डालें**

यह एक छोटा सा टिप है, लेकिन आपके बेहद काम आ सकता है। जब भी आप दही को अपनी डिश में शामिल करें तो पहले गैस की आंच कम कर दें। साथ ही, करी में दही डालते वक्त लगातार उसे चलाते रहें। दरअसल, धीरे-धीरे गर्म करने से दही के फटने की संभावना काफी कम हो जाती है। वहीं, लगातार चलाने से गर्मी बराबर फैलती है और इससे भी दही को फटने से रोका जा सकता है।

# होली भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है: कृपाशंकर

अवधनामा संवाददाता




होली मिलन में उडे गुलाल,फूलों की पंखुड़ियां, बिखरे सौहार्द के रंग ❍ आदर्श तिवारी के फगुआ गीतों का बांधा समां

**जौनपुर।** नगर के सिद्धार्थ उपवन में कृपाशंकर सिंह मित्र मंडली द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अतिथियों का स्वागत पूर्व गृहराज्यमंत्री व पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह ने रंग बिरंगे गुलाल लगाकर किया और होली पर्व की परंपरा के अनुरूप एक-दूसरे पर फूलों की पंखुडियां फेंककर होली की बंधाईयां दी। होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए कृपाशंकर सिंह ने कहा कि होली का पर्व समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करने का अवसर देता है। उन्होंने लोगों से सामाजिक समरसता बनाए रखने और मिलजुलकर त्योहार मनाने की अपील की। होली भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है, जो लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के करीब लाने का काम करता है।

कार्यक्रम में लोकगीत कलाकार आदर्श तिवारी ने होली गीतों को एक से बढ़कर एक गा कर समां बांधे रखा, फगुवा गीतों ने लोगो को झूमने पर विवश कर दिया तो वही पूर्व विधायक सुषमा पटेल विधायक रमेश मिश्र, सुनीता सिंह ने फगुवा गीत होली खेला रघुवीरा गाकर होली मिलन कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। विधायक रमेश मिश्रा ने कहा कि फागुन का महीना में प्रकृति और सामाजिक प्राणी मदमस्त रहते है, सुषमा पटेल ने कहा की होली जीवन को सामूहिक रूप से आनंदित बनाने का उत्सव है। इस मौके पर बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्रा, पूर्व विधायक सुषमा पटेल, डॉ हरेंद्र सिंह, लीना तिवारी, विद्यासागर सोनकर, पूर्व मंत्री जगदीश सोनकर, दिनेश चौधरी, मुकेश सिंह, भाजपा प्रवक्ता ओमप्रकाश सिंह, सुनीता सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति, पुष्पराज सिंह, सुशील मिश्रा, डी सी एफ धनंजय सिंह , शशि मोहन सिंह, रत्नाकर सिंह, विवेक सिंह राजा, कुंवर जय सिंह, दुष्यंत सिंह, वीरेंद्र सिंह, राहुल सिंह, सजल सिंह , धीरू सिंह, अंजना सिंह, अंजना श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, राजेश उपाध्याय, श्याम राज सिंह, मनोज अग्रहरि, विनोद अग्रहरि, रविन्द्र सिंह, बृजेश यादव, समेत हजारों लोग रहे कार्यक्रम का संचालन सलमान शेख ने किया, आभार कृपाशंकर सिंह ने व्यक्त किया।

# सारनाथ महादेव मंदिर में आरती का समय में बदला

❍ नए वर्ष से सुबह 4:30 दोपहर 12:30 और शाम 8 बजे होगी

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** बक्शा थाना क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक सारनाथ महादेव मंदिर में नए वर्ष से आरती के समय में बदलाव किया गया है। अब सुबह दोपहर और शाम की आरती नए निर्धारित समय पर होगी। मंदिर की संरक्षिका पुजारिन माला शुक्ला ने सोमवार को बताया कि नए वर्ष से आरती के समय में यह परिवर्तन किया गया है। सुबह की आरती 4:30 बजे दोपहर की आरती 12:30 बजे और शाम की आरती 8 बजे होगी।यह ऐतिहासिक शक्तिपीठ शिव मंदिर उतरेजपुर शम्भूगंज थाना बक्शा क्षेत्र में स्थित है। इस मन्दिर में प्रतिदिन सुबह , दोपहर और शाम को आरती होती है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।नई समय सारणी के अनुसार अब सभी शिवभक्त आरती में आसानी से शामिल हो सकेंगे। मंदिर में दर्शन और पूजन अपने निर्धारित समय पर जारी रहेगा। सारनाथ महादेव मंदिर में प्रत्येक माह के शनिवार और सोमवार को विशेष भीड़ रहती है।यह परिवर्तन हर वर्ष की तरह इस नए वर्ष में भी पारंपरिक तरीके से किया गया है।

# मुकेश पासी ही बारा विधानसभा अध्यक्ष के पद पर बने रहेंगे

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) जिला इकाई प्रयागराज के जिला महामंत्री उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने बताया है कि विधानसभा 264 बारा (सुरक्षित), प्रयागराज के आसपा के जिला अध्यक्ष भोला नाथ पटेल के द्वारा अभी एक महीना पहले 08 फरवरी को विधानसभा बारा का विधान सभा अध्यक्ष मुकेश पासी निवासी ओठगी तरहार थाना लालापुर प्रयागराज को बनाया गया था।

मुकेश पासी एक महीने में वार्ड संख्या 62 से रवि शंकर पासी को विधानसभा उपाध्यक्ष, वार्ड संख्या 61 से पवन गौतम को विधानसभा उपाध्यक्ष और वार्ड संख्या 57 से कैशलेश कुमार को विधानसभा उपाध्यक्ष बनाया तथा भाई चन्द्रशेखर आजाद के सम्मान में जौनपुर में आयोजित संवैधानिक अधिकार बचाओ भाईचारा बनाओ महारैली को भव्य व सफल बनाने हेतु मुकेश पासी अपने बलबूते 250 लोगों में से 114 लोगों को ट्रेन द्वारा तथा 136 लोगों को बस द्वारा महारैली में ले जाकर सम्मान बढ़ाया बढ़ाया। जिलाध्यक्ष द्वारा आजाद समाज पार्टी जिला इकाई प्रयागराज में गुटबाजी करने की नीयत से पूर्व रणनीति के तहत जसरा गांव में बिना सार्वजनिक सूचना के अपने खास खास लोगों को सूचित करके विना आयोजक और बिना संयोजक के 08 मार्च को दोपहर एक बैठक आहूत किया। बैठक में पांच वर्षों से आसपा को हाशिए पर ले जाने वाले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष लाल महेन्द्र चौधरी को विधानसभा बारा का विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त कर दिया और प्रयागराज जिले से जौनपुर की महारैली में भाई के सम्मान में सबसे अधिक संख्या में लोगों को ले जाने का रिकार्ड कायम करने वाले मुकेश पासी को विधानसभा अध्यक्ष पद से हटा दिया गया।

आसपा जिला महामंत्री उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने पत्र जारी करके बताया कि मुकेश पासी की पार्टी के प्रति समय, सम्मान, समर्पण और कार्य करने की ललक और लगन को देखते हुए मुकेश पासी विधानसभा बारा के विधानसभा अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे और पूर्व की भांति कार्य करते रहेंगे।

# बेहतर उपज लेने वाले किसान पुरस्कार के लिए कराए पंजीकरण

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** भूतपूर्व प्रधानमंत्री व किसान नेता चौधरी चरण सिंह जी की जन्मतिथि 23 दिसंबर को हर वर्ष किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर कृषि व इससे संबंधित क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को राज्य व जनपद स्तर पर सम्मानित किया जाता है। जनपद के किसान इस योजना में शामिल होने के लिए पंजीकरण कराए।

किसानों की फसलों के क्राप कटिंग परिणाम के आधार पर प्रतियोगिता कराई जाती है। खरीफ और रबी फसलों में सर्वोच्च उत्पादकता प्राप्त करने वाले किसानों को जनपद स्तर पर प्रथम पुरस्कार सात हजार रुपए व द्वितीय पुरस्कार पांच हजार रुपए, प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्रम देकर मा0 जनप्रतिनिधि व जिलाधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया जाता है। जनपद में इस वर्ष 36 किसानों को पुरस्कृत किया जाएगा। उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने बताया कि 23 दिसंबर को आत्मा योजना के अंतर्गत आयोजित होने वाले किसान सम्मान दिवस में प्रतियोगिता के लिए रबी फसलों के किसानों का रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है। उन्होंने जनपद के किसानों से प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अपने उपज परिणाम निर्धारित प्रारूप पर तैयार कर कृषि भवन में जमा कर रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की है। सर्वोच्च उत्पादकता प्राप्त करने वाले किसानों की सूची मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति से अनुमोदन होने के पश्चात प्रदेश स्तर पर भी प्रेषित की जाती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तर पर स्थान बनाने वाले कृषकों को राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री द्वारा प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 75 हजार रुपए एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कृषकों को 50 हजार रुपए देकर सम्मानित किया जाता है। प्रदेश स्तर पर कुल 58 कृषकों को सम्मानित किया जाता है।

## तालाब में डूबने से युवक की हुई मौत

**जौनपुर।** मां शीतला चौकियां धाम में सोमवार की सुबह लगभग 11 बजे तालाब में डूबने से युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक कमलदीप 16 वर्ष पुत्र संतोष कश्यप दीवानगंज पट्टी प्रतापगढ़ का निवासी था जो सुबह अपने मित्र अमित कश्यप पुत्र बिहारी लाल पोस्ट सतहरिया थाना मुंगराबादशाहपुर जनपद जौनपुर के साथ दर्शन पूजन करने शीतला चौकियां धाम में आया हुआ था। कमलदीप अपने साथी के साथ मन्दिर के बगल में स्थित तालाब में नहाने चला गया। तालाब के चारों तरफ सुरक्षा रेलिंग लगी होने के बावजूद कमलदीप रेलिंग को पारकर गहरे तालाब में नहाने चला गया। गहराई अधिक होने के कारण वह डूबने लगा। वहीं उसके साथ आये अमित कश्यप ने चीख–पुकार करके हल्ला मचाया। स्थानीय युवक भी पहुंच गये लेकिन तब तक युवक गहरे पानी में डूब गया। इस घटना की जानकारी साथ आये युवक ने अपने परिजनों को दिया। आधे घंटे बाद स्थानीय युवक अक्षय माली सहयोगी युवकों द्वारा लाश को खोजकर गहरे तलाब से बाहर निकाला गया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता रैली व गोष्ठी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मंडलीय चिकित्सालय परिसर में जागरूकता रैली एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी की अनुपस्थिति में कार्यक्रम का नेतृत्व मंडलीय चिकित्सालय के प्रभारी प्रमुख अधीक्षक डा0 राम केवल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एएनएमटीसी सेंटर से जागरूकता रैली निकालकर की गई, जिसमें नर्सिंग छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रैली के माध्यम से महिलाओं को उनके स्वास्थ्य, अधिकारों तथा विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। रैली अपने निर्धारित मार्ग से होते हुए पुनः एएनएमटीसी सेंटर के सभागार में पहुंची, जहां गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रमुख अधीक्षक डा0 राम केवल ने महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण एवं सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ डा0 आलेन्द कुमार, प्रधानाचार्य एएनएमटीसी तथा आयुष्मान भारत के जनपद प्रतिनिधि श्री रंजन मिश्र ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ जनपद के विभिन्न विकास खंडों में भी जागरूकता रैलियां निकाली गईं। इन रैलियों के माध्यम से आमजन को आयुष्मान भारत योजना के प्रति जागरूक किया गया तथा अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही जनपद के समस्त सरकारी चिकित्सालयों एवं आयुष्मान भारत योजना से सूचीबद्ध निजी चिकित्सालयों को भी योजना के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। महिला दिवस के विशेष अवसर पर सरकारी एवं आयुष्मान से संबद्ध निजी चिकित्सालयों में महिलाओं के आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनाए गए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, नर्सिंग छात्राएं तथा आयुष्मान भारत योजना से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मनरेगा कर्मियों के मानदेय बकाये को लेकर अधिकारियों को भेजा गया ज्ञापन



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** सिरकोनी ब्लाक में कार्यरत मनरेगा कर्मियों ने लंबे समय से मानदेय भुगतान न होने को लेकर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व उपायुक्त श्रम एवं रोजगार, खंड विकास अधिकारी सिरकोनी को ज्ञापन देकर जल्द भुगतान की मांग किया। कर्मियों का कहना है कि जुलाई 2025 से अब तक मानदेय व ईपीएफ का भुगतान नहीं हुआ है जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि होली और दीपावली जैसे त्योहार भी बिना वेतन के गुजारने पड़े जिससे कर्मचारियों के परिवार पर गहरा असर पड़ा है। कर्मियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बकाया मानदेय व ईपीएफ का भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन करने को मजबूर होंगे। साथ ही प्रशासन से इस मामले में शीघ्र कार्यवाही कर समस्या का समाधान कराने की मांग की गई। इस अवसर पर रोजगार सेवक अध्यक्ष दिनेश राज, एपीओ नीरज शुक्ला, अकाउंटेंट आशीष सिंह, अजय श्रीवास्तव, दीपक मिश्रा, रामकुमार सिंह, संदीप कुमार यादव, अजय कुमार, रूपा देवी, रीना गौड़, बसंत सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

## राजस्व विभाग से जुड़े विभागों की समीक्षा की गयी

**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी द्वारा निर्गत निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गंभीर सिंह द्वारा ई-ऑफिस के त्वरित क्रियान्वयन व जनपद को बॉटम 10 से ऊपर लाये जाने के संबंध मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), जिला विकास अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी व राजस्व विभाग से जुड़े संबंधित समस्त विभाग व विकास विभाग से जुड़े समस्त विभागों की समीक्षा की गयी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजेश्वर द्वारा ई-ऑफिस से त्वरित लॉगिन, फाईल मूवमेंट की जानकारी दी गयी तथा निर्देश दिये गये कि दो दिवस के भीतर शत-प्रतिशत लॉगिन व फाईल मूवमेंट कराना सुनिश्चित करें। तत्क्रम में समस्त अधिकारीगण द्वारा इस आशय का आश्वासन दिया गया कि दो दिवस के भीतर ई-ऑफिस का संचालन त्वरित गति से करा लेंगे, अन्यथा की स्थिति में किसी भी विपरीत परिस्थिति के लिए संबंधित विभाग स्वंय उत्तरदायी होगा।

# प्रयागराज में 36 हजार से अधिक बेसहारा गोवंश को मिला ठिकाना

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में निराश्रित गोवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए राज्य की योगी सरकार निरंतर प्रयास कर रही है । इसके लिए एक तरफ निराश्रित गोवंश के लिए गो आश्रय स्थल बनाए जा रहे हैं तो वहीं वहां गोवंश के लिए चारा, पानी और बीमारी की स्थिति में उपचार उपलब्ध हो रहा है। हर गोवंश पर सरकार की नजर है इसके लिए 24×7 इनकी निगरानी भी की जा रही है।

सरकार की प्राथमिकता है कि सड़कों और खेतों में घूम रहे गोवंश को सुरक्षित स्थान मिले और उनकी समुचित देखभाल हो। इसी उद्देश्य से प्रत्येक जिले में गो-आश्रय स्थल बनाए गए हैं, जहां पशुओं के लिए चारा, पानी और चिकित्सा की व्यवस्था की गई है। प्रयागराज मंडल के अपर निदेशक पशुधन डॉ अनिल कुमार बताते हैं कि मंडल के 346 गो आश्रय स्थलों में 79,350 बेसहारा गोवंश को आश्रय दिया गया है। इसमें प्रयागराज जनपद में सबसे अधिक 36,673 गोवंश यहां को 130 गो आश्रय स्थलों में संरक्षित हैं।

इसी तरह प्रतापगढ़ में 77, कौशाम्बी में 76 और फतेहपुर 63 गो आश्रय स्थल बनाए गए हैं जहां 42,667 गो वंश को आश्रय मिला है।

इसके अलावा निराश्रित गायों को किसानों और पशुपालकों को सौंपा जा रहा है। सरकार पशुपालकों को प्रति गोवंश लगभग 1500 रुपये प्रति माह की आर्थिक सहायता देती है, जिससे पशुपालन को बढ़ावा मिल रहा है और निराश्रित पशुओं की संख्या कम करने में मदद मिल रही है।

## हर गोवंश पर सरकार की नजर, जिम्मेदाराना देखभाल

**प्रयागराज।** गो आश्रय स्थलों के निर्माण मात्र को ही सुनिश्चित कर देने से गोवंश के संरक्षण और संवर्धन की सरकार की जिम्मेदारी पूरी नहीं हो जाती। सरकार ने इनकी नियमित निगरानी के लिए ऐसी सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित की है जिससे चौबीसों घंटों वह इनमें रह रहे गोवंश पर नजर रख सके। अपर निदेशक, पशुपालन, डॉ अनिल कुमार बताते हैं कि प्रयागराज मंडल में 324 गो आश्रय स्थलों में डिजिटल निगरानी के लिए कंट्रोल रूम चालू कर दिए गए हैं। प्रयागराज में 121, फतेहपुर में 63, प्रतापगढ़ में 64 और कौशाम्बी में 76 गौ आश्रय स्थलों में नाइट विजन वाले सीसीटीवी कैमरे लग चुके हैं। अब इन स्थलों में जिनसे 24 × 7 नजर रखी जा रही है। इस प्रयास से गो आश्रय स्थलों पर गोवंश के लिए शेड, स्वच्छ भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था, खड़ंजा, भूसा भंडार गृह, उपचार कक्ष, प्रकाश और सोलर लाइट जैसी सुविधाओं को सुदृढ़ और व्यवस्थित ढंग से विकसित किया जा रहा है।

## तीसरी मंजिल से गिरने से नगर निगम संविदा कर्मचारी की मौत

**प्रयागराज।** खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के चकिया में रविवार रात नगर निगम में संविदा पर कार्यरत कर्मचारी की तीसरी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। प्राप्त जानकारी के अनुसार कीडगंज थाना क्षेत्र के मधवापुर बैरहरना के निवासी रणजीत सिंह 50 वर्ष पुत्र राधेश्याम नगर निगम में संविदा कर्मी थे। रणजीत सिंह अपनी पत्नी कल्पना सिंह और तीन बेटों के साथ खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के चकिया मोहल्ले में किराए के कमरे में रहते थे। वह नगर निगम में स्ट्रीट लाइट से संबंधित कार्य में संविदा कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे।

रविवार रात वह तीसरी मंजिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिवार और आसपास के लोगों ने उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। वहां से हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# डीएसओ ने पेंशन धारकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जुपिटर ऑडिटोरियम, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ मे आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आज कलेक्ट्रेट सभागार आजमगढ़ में किया गया। इसी क्रम में जनपद स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला विकास अधिकारी श्री संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार आजमगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी ने कहा कि महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक, संस्कृतिक और राजनीतिक योगदान समाज को बढ़ावा दे रहा है। आज का दिन नारी शक्ति के संघर्ष, संकल्प और सफलता का उत्साहवर्धन करने वाला है। इसके साथ ही जिला विकास अधिकारी द्वारा 05 विधवा पेंशन धारक, 05 कोविड सामान्य के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिले के विभागीय योजनाओं से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही अच्छा कार्य करने वाली 150 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।उक्त कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री सुबोध कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री हेमंत सिंह व महिला कल्याण विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीबीएसई शिक्षक कल्याण समिति का होली मिलन आयोजित



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** सीबीएसई. शिक्षण कल्याण समिति उत्तर प्रदेश का होली मिलन समारोह अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मीरापुर में सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रदेश भर के सी.बी.एस.ई. शिक्षक तथा शिक्षिकाएं उपस्थित हुए। समारोह की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव तथा संचालन संध के सचिव अनुराग पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर सभा को प्रदीप गुप्ता तथा सुनील गुप्ता ने सम्बोधित किया। संघ के सचिव अनुराग पाण्डेय ने संध को एकजुट होकर छात्रों के हित के लिए काम करने को प्रेरित किया। इस समारोह में अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में सभी शिक्षकों का आह्वान किया कि आगामी स्नातक निर्वाचन (प्रयागराज झाँसी) के चुनाव में हमें एक होकर मतदान करना है। जिससे कि सीबीएसई शिक्षक संध का भी एक प्रतिनिधि विधान परिषद पहुंच सके। अन्त में प्रयागराज जिला इकाई के उपाध्यक्ष नितिन शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नए यमुना पुल से कूदकर बिजली कर्मी ने दी जान

**प्रयागराज।** सोमवार दोपहर एक बिजली कर्मी ने नए यमुना पुल से कूदकर अपनी जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। पुल पर मौजूद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना घाट पर तैनात जल पुलिस और स्थानीय पुलिस को दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्नलगंज थाना क्षेत्र के बघाड़ा निवासी शुभम शर्मा (28) बिजली विभाग का कर्मचारी था। सोमवार दोपहर वह नए यमुना पुल पर पहुंचा और अचानक पुल से नदी में छलांग लगा दी। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई और लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही घाट पर मौजूद जल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और नदी में युवक की तलाश शुरू की। कुछ देर की मशक्कत के बाद युवक को पानी से बाहर निकाला गया। हालांकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलने पर कीडगंज पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी है।

# महिला आयोग सदस्य ने की जन-सुनवाई

❍ महिला आयोग सदस्य ने किया ट्रांजिट हॉस्टल का दौरा

❍ महिला आयोग सदस्य ने जेल व विद्यालय का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** सदस्य उ.प्र. राज्य महिला आयोग मीना कुमारी ने ट्रांजिट हॉस्टल में घरेलू हिंसा, अन्य अपराधों से पीड़ित महिलाओं की समस्याएं सुनने के दौरान कहा कि केंद्र-प्रदेश सरकार महिलाओं की समस्याओं के त्वरित निदान के लिए कृत-संकल्पित है, महिलाओं-बालिकाओं को परेशान करने वालों के विरुद्ध पुलिस को जीरो टॉलरेंस के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं साथ ही घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने के साथ उन्हें तत्काल न्याय दिलाने की दिशा में तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं-बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वावलंबन के साथ आर्थिक स्थिति सुधार करने के लिए तमाम योजनाएं संचालित की गई हैं, आज बेटियां परिवार पर बोझ नहीं, बेटियों की पैदाइश से लेकर शादी तक की सभी जिम्मेदारियां सरकार ने अपने कंधों पर ले रखी हैं, गर्भावस्था के दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है वहीं बेटी के पैदा होने पर मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत लाभान्वित किया जा रहा है, बेटी के वयस्क होने पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में रू. 01 लाख सरकारी खजाने से व्यय कर भव्य समारोह में उनकी शादियां कराई जा रही हैं, महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए स्वयं सहायता समूह से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया जा रहा है, महिलाओं-बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर भी केंद्र-प्रदेश सरकार सजग है, इस हेतु टोल फ्री नंबर के साथ प्रत्येक थाने में महिला हेल्प-डेस्क की स्थापना की गई है। सदस्य महिला आयोग ने जन-सुनवाई के दौरान कहा कि पति-पत्नी में झगड़ों के प्रकरण में दोनों को परिवार परामर्श केंद्र पर बुलाकर समझौता करने के प्रयास किए जाएं यदि 02-03 बार बुलाने पर भी पति या उसके परिवारिजन न आएं तो उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराकर प्रभावी कार्यवाही की जाए साथ ही पत्नी को भरण-पोषण हेतु धनराशि की व्यवस्था कराई जाए।

उन्होने शिकायतकर्ता नीलम के प्रर्थना पत्र पर क्षेत्राधिकारी, महिला सहायता प्रकोष्ठ प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता के पति को बुलाकर सुलह-समझौता कराया जाये यदि 02-03 तिथियों में पति उपस्थित न हो तो उसके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी जाये। सदस्य महिला आयोग ने राम सिया उर्फ विलमेश, सुनीता देवी के प्रार्थना पत्रों पर भी प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया। सदस्य महिला आयोग ने जिला कारागार में निरूद्ध महिला बंदियों से भी महिला बैरक में जाकर मुलाकात कर उपलब्ध करायी जा रही मूल-भूत सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की, महिला बैरक में 25 बंदी हैं, 02 महिलाओ के साथ 01-01 बच्चा भी बैरक में मौजूद मिला।

## सार्वजनिक सूचना (बेदखली)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि- मैं, मोहम्मद यूनुस पुत्र अब्दुल हददीस उर्फ डुब्बन, निवासी- वार्ड लोहिया नगर, नगर पालिका परिषद बांसी, तहसील - बांसी, जनपद - सिद्धार्थनगर का रहने वाला हूँ।

मेरा पुत्र मो. अरशद एवं मेरी पुत्रवधू आयजा खातून उर्फ रोजी, मेरे कहने सुनने में नहीं हैं और उनका चाल-चलन अत्यंत दोषपूर्ण है। इनके आचरण के कारण मेरा इनसे अब कोई सरोकार या वास्ता नहीं रह गया है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के लेन-देन, कृत्य या व्यवहार के लिए मैं या मेरी संपत्ति किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगी।

## सूचना

मेरे हाईस्कूल प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र अनुक्रमांक-2595144, इंटरमीडिएट प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र अनुक्रमांक-1815178, इंटरमीडिएट स्नातक प्रथम वर्ष अनुक्रमांक-7011270187, स्नातक द्वितीय वर्ष अनुक्रमांक-1510063270130, स्नातक तृतीय वर्ष अनुक्रमांक-1610113270127 के अंकपत्र कहीं रास्ते में खो गए हैं।

अभिषेक त्रिपाठी पुत्र रविन्द्र नाथ त्रिपाठी शिव नगर वार्ड न0-2 न0 पा0 प0 महाराजगंज


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें **सिंगल पैकेट सिस्टम** द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106–सिग / टेंडर / 68 / 2025–26 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के एसएसई / सिग / आरआरआई–एलकेओ के अनुभाग में बिजली आपूर्ति व्यवस्था के प्रावधान के साथ–साथ सीमेंस प्रकार के एलईडी ईसीआर और एलईडी के साथ सीमेंस पारंपरिक ईसीआर और वल्वों का प्रतिस्थापन। |
| अनुमानित लागत | रु. 1,26,91,412.25 / – |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 2,13,500 / – |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 180 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.03.2026, 15:30 बजे। |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.: 106–सिग / टेंडर / 68 / 2025–26 दिनांक: 06.03.2026 790/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 'टोयोटा अर्बन क्रूज हाइराइडर मंथ' का जश्न मनाया



**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज 'टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर मंथ' लॉन्च करने की घोषणा की। यह एक महीने तक चलने वाला कस्टमर-फोकस्ड एक्टिवेशन है जो 'टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर–आज की पहली स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक एसयूवी' की सफलता का जश्न मनाता है।यह कैंपेन 16 फरवरी से मार्च के आखिर तक पूरे उत्तर भारत में चलाया जा रहा है। इस दौरान कस्टमर्स को आकर्षक, एक्सक्लूसिव वैल्यू-लेड बेनिफिट्स के साथ इमर्सिव टेस्ट-ड्राइव एक्सपीरियंस के जरिए टोयोटा की स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड टेक्नोलॉजी के करीब लाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह कैंपेन एनसीआर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, जम्मू और कश्मीर जैसे प्रमुख मार्केट को कवर कर रहा है। 10.94 लाख (एक्स-शोरूम) की शुरुआती कीमत पर, 2022 में लॉन्च हुई टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर ने पूरे भारत में दिल जीत लिया है। कस्टमर्स का उसे अच्छा साथ मिला है। एसयूवी ने हाल ही में 2,00,000 यूनिट की बिक्री का आंकड़ा पार किया है, जो टोयोटा की स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड टेक्नोलॉजी में ग्राहकों के बढ़ते भरोसे और विश्वास को दिखाता है। बी-एसयूवी सेगमेंट में भारत की पहली स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक एसयूवी के तौर पर टोयोटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर एक एडवांस्ड ई-ड्राइव ट्रांसमिशन के साथ सेल्फ-चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक सिस्टम से चलती है। यह इंजन बंद होने पर 40% तक की दूरी और 60% समय इलेक्ट्रिक पावर पर चल सकती है, जिससे 27.97 किमी/लीटर की क्लास-लीडिंग फ्यूल एफिशिएंसी के साथ एक स्मूद, शांत ड्राइव मिलती है।कस्टमर्स को स्टैंडर्ड 3-साल/100,000 किमी की वारंटी मिलती है, जिसे 5 साल/220,000 किमी तक बढ़ाया जा सकता है, साथ ही 5 साल का रोडसाइड असिस्टेंस भी मिलता है, जिससे सड़क पर हर जगह सपोर्ट मिलता है।हाइब्रिड टेक्नोलॉजी में लंबे समय का भरोसा मज़बूत करते हुए, यह एसयूवी इंडस्ट्री में सबसे अच्छी 8-साल/160,000 किमी की हाइब्रिड बैटरी वारंटी के साथ भी आती है। इस मज़बूत भरोसे के साथ कस्टमर्स को 1,00,000 तक के फायदे, आकर्षक एक्सचेंज ऑफर और फ्लेक्सिबल फाइनेंस सॉल्यूशन मिलते हैं–जिसमें अभी खरीदें, बाद में भुगतान करें स्कीम भी शामिल है–जिससे ओनरशिप फायदेमंद और आसान दोनों बनती है।

# केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने छठे लाइनमैन दिवस पर फ्रंटलाइन कार्यबल को किया सम्मानित

## 66 से अधिक डिस्कॉम और ट्रांसमिशन लाइसेंसधारियों के 250 से अधिक लाइनमैन हुए सम्मानित

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के सहयोग से नई दिल्ली में 'लाइनमैन दिवस' का छठा संस्करण मनाया गया। लाइनमैन दिवस मनाने का उद्देश्य लाइनमैनों और ग्राउंड मेंटेनेंस स्टाफ के अथक समर्पण और अमूल्य सेवाओं को मान्यता देना है, जिनका योगदान देश भर में बिजली सेवाओं की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम में भारत के विद्युत तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने शिरकत की। विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल ने मुख्य भाषण दिया और सीईए के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद और सीईए के सदस्यों के साथ बिजली क्षेत्र के वरिष्ठ नेता और गणमान्य हितधारक भी उपस्थित रहे। पूरे भारत की 66 से अधिक सरकारी और निजी बिजली वितरण एवं उत्पादन कंपनियों के साथ-साथ ट्रांसमिशन लाइसेंसधारियों के लगभग 250 लाइनमैनों और पर्यवेक्षकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस सभा ने प्रतिभागियों के बीच सामूहिक सीखने को बढ़ावा देने के साथ-साथ अनुभव साझा करने, निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने में परिचालन चुनौतियों पर चर्चा करने और सुरक्षा प्रथाओं पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत सुरक्षा शपथ दिलाने के साथ हुई और प्रतिभागियों ने सुरक्षा नियमों का पालन करने और खुद को, अपने परिवार और समाज को सुरक्षित रखने के लिए सतर्क रहने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



सभा को संबोधित करते हुए श्री नाइक ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान मनाया जाने वाला लाइनमैन दिवस, बिजली क्षेत्र के उन फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं के समर्पण को मान्यता देता है जो देश भर में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के निरंतर उपयोग, रख–रखाव कार्य शुरू करने से पहले शटडाउन की उचित पुष्टि और नियमित क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यस्थल पर सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने आगे इस बात पर प्रकाश डाला कि स्मार्ट ग्रिड, रियल-टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम, एआई-सक्षम प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस और ड्रोन-आधारित निरीक्षण जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाने से संभावित दोषों की पहले से पहचान करने और फील्ड कर्मियों के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। लाइनमैन दिवस के छठे संस्करण का विषय सेवा, सुरक्षा, स्वाभिमान का उल्लेख करते हुए, उन्होंने कहा कि यह बिजली क्षेत्र के फ्रंटलाइन कार्यबल की सेवा भावना, सुरक्षा और गरिमा को दर्शाता है।

लाइनमैनों को बिजली क्षेत्र के योद्धा बताते हुए विद्युत सचिव श्री अग्रवाल ने कहा कि खराब मौसम या प्राकृतिक आपदाओं के दौरान जब लोग घरों के अंदर रहते हैं, तब लाइनमैन बिजली बहाल करने और आपूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए बाहर निकलते हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि क्षेत्र में बढ़ते स्वचालन के बावजूद, जमीन पर तैनात लाइनमैन ही अंततः प्रणालियों को बहाल करते हैं और नेटवर्क को चालू रखते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी फील्ड कर्मियों को मानकीकृत सुरक्षा किट और उपकरणों से लैस किया जाना चाहिए।

उन्होंने बिजली कंपनियों से सुरक्षा जागरूकता को संस्थागत बनाने का भी आग्रह किया और इसे अनिवार्य बनाने को कहा कि प्रत्येक शिफ्ट की शुरुआत से पहले दैनिक दिनचर्या के हिस्से के रूप में एक छोटा सुरक्षा वीडियो दिखाया जाए और सुरक्षा ड्रिल आयोजित की जाए। कार्यक्रम में सीईए अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एक लचीला और भरोसेमंद बिजली क्षेत्र विकसित राष्ट्र का एक प्रमुख स्तंभ है।

# सैमसंग ने गैलेक्सी एम 17ई 5जी पेश किया

**गुरुग्राम।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने आज अपने गैलेक्सी एम 17ई 5जी की सारी खूबियों की जानकारी दी है। यह फोन 17 मार्च को लॉन्च किया जाएगा। तेजी से बदलती डिजिटल जीवनशैली में युवा यूजर्स को ऐसे डिवाइस की जरूरत होती है जो उनके काम करने, संवाद करने और कंटेंट उपभोग करने के तरीके के साथ तालमेल बिठा सकें। गैलेक्सी एम 17ई 5जी एक शाानदार डिस्प्ले, भरोसेमंद बैटरी, कुशल प्रोसेसिंग, इनेबल्ड कैमरे और इंटेलिजेंट सॉफ्टवेयर को जोड़कर एक संपूर्ण स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करता है। गैलेक्सी एम सीरीज पहले से ही भारत में सैमसंग के सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले स्मार्टफोन लाइन-अप में से एक है। गैलेक्सी एम 17ई 5जी के साथ सैमसंग इस सीरीज को और विस्तार दे रहा है, जिसमें एक ऐसा डिवाइस है जो प्रमुख स्मार्टफोन फीचर्स में विश्वसनीय परफॉर्मेंस और रोजमर्रा की उपयोगिता प्रदान करता है। गैलेक्सी एम 17ई 5जी में 6000mAh की बैटरी दी गई है, जो यूजर्स को लंबे समय तक कंटेंट स्ट्रीमिंग, सोशल मीडिया ब्राउजिंग और जुड़े रहने की सुविधा देती है–इसे बार-बार चार्ज करने की चिंता भी नहीं है।इसका इन-बिल्ट मॉडेम तेज डाउनलोड, स्मूथ स्ट्रीमिंग और भरोसेमंद कनेक्टिविटी देता है। यह भारत के विभिन्न नेटवर्क वातावरणों में कई 5त्न बैंड्स को सपोर्ट करता है, ताकि यूजर्स कहीं भी कनेक्टेड रह सकें।गैलेक्सी एम 17ई 5जी में गूगल जेमिनी ढ्ढ असिस्टेंट भी दिया गया है, जो टेक्स्ट जेनरेट करने, कॉन्सेप्ट्स समझाने, जानकारी समराइज़ करने और टास्क प्लानिंग में सहायता करता है। यह गूगल के सर्कल टु सर्च भी सपोर्ट करता है, जिससे यूजर्स स्क्रीन पर किसी ऑब्जेक्ट, टेक्स्ट या इमेज को सर्कल करके या टैप करके सीधे सर्च कर सकते हैं–बिना ऐप्स स्विच किए।

# टीटीके प्रेस्टीज ने रोज़मर्रा की हेल्दी कुकिंग के लिए पेश की 'फेरोकास्ट फ्लो' स्मूथ फिनिश कास्ट आयरन रेंज

**नई दिल्ली।** किचन इनोवेशन के क्षेत्र में एक भरोसेमंद नाम, टीटीके प्रेस्टीज ने अपनी नई फेरोकास्ट फ्लो स्मूथ फिनिश कास्ट आयरन रेंज लॉन्च करने की घोषणा की है। इस रेंज को पारंपरिक कुकिंग के फायदों और आधुनिक सुविधा को एक साथ लाने के लिए तैयार किया गया है। आज के सेहत के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं के लिए बनी यह रेंज बेहतर हीट रिटेंशन, नेचुरल नॉन-स्टिक परफॉरमेंस और लंबे समय तक चलने वाले टिकाऊपन का वादा करती है, जो इसे आधुनिक भारतीय रसोई के लिए एक ज़रूरी हिस्सा बनाती है।

फेरोकास्ट फ्लो रेंज को स्मूथ फिनिश कास्ट आयरन तकनीक से बनाया गया है, जो पारंपरिक कास्ट आयरन के गुण देने के साथ-साथ इस्तेमाल और रखरखाव को भी आसान बनाती है। यह कुकवेयर खाने के स्वाद को बरकरार रखने और प्राकृतिक रूप से भोजन में



आयरन की मात्रा बढ़ाने के लिए जाना जाता है। इसमें किसी भी तरह की केमिकल कोटिंग का इस्तेमाल नहीं किया गया है, जिससे यह हानिकारक तत्वों से मुक्त और रोज़मर्रा के खाने के लिए पूरी तरह सुरक्षित और पौष्टिक अनुभव प्रदान करता है।

फेरोकास्ट फ्लो कुकवेयर प्राकृतिक रूप से नॉन-स्टिक और प्री-सीज़न्ड है, जो समय के साथ और भी बेहतर होता जाता है। इसकी वजह से कम तेल में भी खाना आसानी से पकता है और बर्तन से चिपकता नहीं है। इसकी मज़बूत बनावट इसे गैस और इंडक्शन, दोनों पर समान रूप से उपयोगी बनाती है। यह रेंज लाइफटाइम वारंटी के साथ आती है, जो गुणवत्ता और टिकाऊपन के प्रति प्रेस्टीज के भरोसे को और मजबूत करती है।

विभिन्न कुकिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए फेरोकास्ट फ्लो स्मूथ फिनिश कास्ट आयरन कलेक्शन में कई विकल्प दिए गए हैं। इस रेंज में फ्राई पैन, कड़ाही, डोसा तवा और पनियारकल/अप्पा पात्र शामिल हैं, जो भारतीय कुकिंग स्टाइल–जैसे हल्की फ्राई और भुनाई से लेकर डोसा और पारंपरिक स्नैक्स बनाने तक–हर ज़रूरत को पूरा करते हैं।

फेरोकास्ट फ्लो रेंज की कीमतें इस तरह तय की गई हैं कि प्रीमियम कास्ट आयरन कुकवेयर किफायती दामों पर उपलब्ध हो सके। फ्राई पैन 20 सेमी और 25 सेमी के साइज में उपलब्ध हैं, जिनकी एमआरपी 1,725 रूपए से शुरू होकर 2,840 रूपए तक है। कड़ाही 20 सेमी और 24 सेमी के साइज में 2,655 रूपए से 2,950 रूपए के बीच उपलब्ध है। 30 सेमी का डोसा तवा 2,065 रूपए में उपलब्ध है, जबकि पनियारकल/अप्पा पात्र 9-पिट और 12-पिट के विकल्पों में क्रमशः 1,815 रूपए और 1,710 रूपए में खरीदा जा सकता है।

# एमजी मोटर इंडिया ने एमजी मैजिस्टर के लिए पेश किया यूनीक 5-5-5 प्रोग्राम



**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी डी प्लस एसयूवीं एमजी मैजिस्टर के लिए यूनीक 5-5-5 ओनरशिप प्रोग्राम लॉन्च कर कस्टमर्स को लॉन्ग-टर्म ओनरशिप का भरोसा दिया है। इस सेग्मेंट में जहां कस्टमर्स परफॉर्मेंस, साइज और एडवांस्ड टेक्नोलॉजी में निवेश किया गया है वहीं 5-5-5 प्रोग्राम को रनिंग कॉस्ट और नेशन वाइड सपोर्ट को ध्यान में रखते हुए एक शानदार ओनरशिप एक्सपीरियंस और लंबे समय तक लागत का सही अनुमान देने के लिए डिजाइन किया गया है। इस विषय में जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के चीफ कमर्शियल ऑफिसर, विनय रैना ने कहा, एमजी मैजिस्टर को एक ऐसी एसयूवीं के रूप में बनाया गया है जो अपनी क्षमता में मजबूत, अपने कम्फर्ट में परिष्कृत और अपनी इंजीनियरिंग में भरोसेमंद है। हमारे लिए एक मजबूत प्रोडक्ट देना कमिटमेंट का सिर्फ एक हिस्सा था साथ ही ओनरशिप में कम्प्लीट पीस ऑफ माइंड सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण था। 5-5-5 प्रोग्राम के साथ, हमने पहले दिन से ही प्रपोजल में स्ट्रक्चर्ड, लॉन्ग-टर्म अश्योरेंस को शामिल कर दिया है। यह हमारी कस्टमर-फर्स्ट फिलॉसफी और इंडियन कंडीशंस और यूसेज पैटर्न के लिए इंजीनियर की गई फुल-साइज एसयूवीं के रूप में मैजिस्टर में हमारे विश्वास का परिचायक है। स्टैंडअलोन वारंटी एक्सटेंशन या ऑप्शनल सर्विस पैकेजेज से अलग, 5-5-5 प्रपोजल मैजिस्टर कस्टमर्स के लिए 5 साल की अनलिमिटेड किलोमीटर वारंटी, 5 साल की फ्री रोडसाइड असिस्टेंस और 5 लेबर-फ्री सर्विसेज को एक यूनिफाइड, स्टैंडर्ड ऑफरिंग के रूप में पेश करता है। कस्टमर्स के लिए इसका मतलब है वारंटी कवरेज पर कोई किलोमीटर कैप नहीं। पूरे पांच साल पूरे देश में ब्रेकडाउन सपोर्ट, और ओनरशिप के शुरुआती सालों में कम सर्विस लागत।

# भारतीय अब अपनी भाषा में यात्रा की खोज करने लगे हैं: मेकमायट्रिप

**लखनऊ।** भारत की प्रमुख ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेकमायट्रिप ने आज अपने जेन-एआई आधारित ट्रिप प्लानिंग असिस्टेंट मायरा से मिले कुछ शुरुआती रुझान साझा किए हैं। ये संकेत देते हैं कि भारतीय यात्री अब वॉइस के माध्यम से किस तरह से इंटरैक्ट करना शुरू कर रहे हैं और इसमें एक नया व्यवहारिक रुझान उभर रहा है। मायरा का यूज़र बेस अभी बढ़ रहा है और इस पर रोज़ाना 50,000 से अधिक बातचीत हो रही है, लेकिन शुरुआती आंकड़े बताते हैं कि वॉइस सर्च लोगों को अपनी बात ज़्यादा खुलकर, संदर्भ के साथ और अपनी पसंदीदा भाषा में रखने का मौका दे रहा है। यह तरीका टेक्स्ट के ज़रिए सर्च करने के पारंपरिक तरीके से काफी अलग और स्वाभाविक है।

मेकमायट्रिप के सह-संस्थापक और ग्रुप सीईओ, राजेश मागो ने कहा मायरा के जरिए हमें जो शुरुआती संकेत मिल रहे हैं, वे काफी उत्साहजनक हैं। वॉइस सर्च अब उन लोगों को यात्रा खोजने और उसकी योजना बनाने का एक अधिक स्वाभाविक तरीका दे रहा है, जो अपनी भाषा में ज़्यादा सहज महसूस करते हैं। कोच्चि या कोयंबटूर जैसे शहरों में रहने वाले लोग अगर मलयालम या तमिल में सोचते हैं, तो अपनी ज़रूरतें सीधे बोलकर बताना (बजाय इसके कि उन्हें अंग्रेज़ी में टाइप करें), उनके अनुभव को पूरी तरह से बदल देता है। अभी तो यह सिर्फ शुरुआत है, लेकिन ये संकेत बताते हैं कि वॉइस सर्च भविष्य में पूरे भारत में यात्रा की योजना बनाने के तरीके को और भी समावेशी और सुलभ बना सकता है।

वॉइस और टेक्स्ट सर्च के बीच बढ़ता अंतर इस्तेमाल के शुरुआती पैटर्न में ही यह साफ दिखने लगा है कि लोग टाइप करते समय और बोलकर अपनी बात रखते समय अलग तरह का व्यवहार करते हैं। ज़्यादातर टेक्स्ट सर्च आमतौर पर 3-4 शब्दों के छोटे, संक्षिप्त और सीधे कीवर्ड वाले होते हैं, जैसे गोवा होटल्स चीप या दिल्ली मुंबई फ्लाइट। वहीं, वॉइस सर्च का तरीका काफी अलग नज़र आ रहा है। लगभग 23 प्रतिशत वॉइस क्वेरी 11 शब्दों से ज़्यादा लंबी होती हैं, जबकि टेक्स्ट सर्च में ऐसा केवल 7प्रतिशत मामलों में होता है। बोलते समय लोग स्वाभाविक रूप से एक ही वाक्य में कई चीज़ें बता देते हैं जैसे जगह की लोकेशन, होटल की सुविधाएँ, बजट, साथ में कितने लोग हैं और यात्रा की तारीखें। उदाहरण के तौर पर लोग इस तरह पूछ रहे हैं: नार्थ गोवा में बीच के पास पूल वाला किफायती होटल दिखाइए या 2 वयस्क और एक बच्चा, 14 जनवरी से 3 रात, बजट 15,000 रुपये प्रति रात से कम।

# हवाई क्षेत्र बंद होने से इंडिगो की दिल्ली-मैनचेस्टर फ्लाइट सात घंटे बाद वापस लौटी, शेयर पड़े कमजोर

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव के कारण कई देशों ने अचानक अपने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। इसी वजह से इंडिगो की दिल्ली से मैनचेस्टर जाने वाली फ्लाइट को करीब सात घंटे उड़ान भरने के बाद वापस दिल्ली लौटना पड़ा। एयरलाइन ने सोमवार को इस घटना की पुष्टि की। प्रवक्ता ने कहा कि पश्चिम एशिया और उसके आसपास की स्थिति तेजी से बदल रही है। ऐसे हालात में कई उड़ानों को लंबा मार्ग लेना पड़ सकता है या उन्हें बीच रास्ते से ही मोड़ना पड़ सकता है। इसी वजह से इस उड़ान को भी अपने शुरुआती स्थान दिल्ली लौटना पड़ा। एयरलाइन ने बताया कि यात्रियों की यात्रा फिर से शुरू कराने के लिए संबंधित अधिकारियों और एयरपोर्ट एजेंसियों के साथ समन्वय किया जा रहा है। कंपनी के अनुसार यात्रियों, क्रू और विमान की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस घटना की जानकारी सबसे पहले फ्लाइट ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म FlightRadar24 ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की थी। ट्रैकिंग डेटा के अनुसार विमान ने इथियोपिया और इरिट्रिया की सीमा के पास यू-टर्न लिया और भारत की ओर लौट गया। यह उड़ान 26 फरवरी के बाद दिल्ली-मैनचेस्टर रूट पर इंडिगो की पहली फ्लाइट थी। फ्लाइट ट्रैकर के एक अन्य अपडेट में बताया गया कि 8 मार्च तक यूएई की प्रमुख एयरलाइनों और कतर एयरवेज के संचालन में भी बदलाव देखा गया। रविवार को एयर अरेबिया, एमिरेट्स और फ्लाईदुबई की उड़ान गतिविधियां बढ़ीं, जबकि एतिहाद एयरवेज और कतर एयरवेज ने पिछले दिन की तुलना में कम उड़ानें संचालित कीं। इस घटनाक्रम का असर शेयर बाजार में भी दिखा। सोमवार को इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो) के शेयरों में दबाव देखा गया। बीएसई पर कंपनी का शेयर करीब 4 प्रतिशत गिरकर 4,236 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 4,035.65 रुपये के निचले स्तर तक पहुंच गया, जो पिछले सप्ताह के बंद स्तर से लगभग 8.37 प्रतिशत कम है।

# विकास पाठक ने पीबीपार्टनर्स के साथ केवल 3 वर्षों में अपनी आय में 25 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की

**लखनऊ।** लखनऊ के विकास पाठक ने पीबीपार्टनर्स के साथ काम करते हुए केवल 3 साल में अपनी आय 25 प्रतिशत बढ़ा ली है। पॉलिसीबाजार के पीओएसपी प्लेटफॉर्म, पीबीपार्टनर्स ने विकास को स्थिरता और अनुशासन के साथ व्यवसायिक जीवन में आगे बढ़ने में समर्थ बनाया। पीबीपार्टनर्स की मदद से वो मोटर इंश्योरेंस पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए लगातार अपने इंश्योरेंस व्यवसाय का विकास करते रहे। उन्होंने अपने 15 सालों के औद्योगिक अनुभव और पीबीपार्टनर्स के साथ 3 साल के जुड़ाव के साथ अपने ऑपरेशंस को मजबूत किया और फाईनेंशियल वृद्धि करते हुए महत्वपूर्ण व्यवसायिक उपलब्धियाँ हासिल कीं। इंश्योरेंस की अपनी गहरी समझ के साथ विकास ने एक संरचनाबद्ध और भरोसेमंद इंश्योरेंस व्यवसाय स्थापित किया। पीबीपार्टनर्स की व्यवस्थित प्रक्रिया और मजबूत परिवेश के साथ उन्होंने अपनी ऑपरेशनल



एफिशियंसी और बिज़नेस परफॉर्मेंस में लगातार सुधार किया। पीबीपार्टनर्स से जुड़ने के बाद वो अपनी आय में 25 प्रतिशत की वृद्धि हासिल कर चुके हैं, जो स्थिर विकास का ठोस संकेत है, साथ ही, उन्होंने महत्वपूर्ण व्यक्तिगत उपलब्धियाँ भी हासिल की हैं और अपने लिए एक कार भी खरीद ली है। विकास के अनुशासन और स्थिर परफॉर्मेंस ने उन्हें पीबीपार्टनर्स के परिवेश में एक विशेष पहचान दी। बिज़नेस के लगातार विस्तार ने उन्हें थाईलैंड की ट्रिप पर जाने का अवसर दिया, जिससे नतीजे देने और विकास की स्थिर गति बनाए रखने की उनकी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।

विकास की सफलता में सबसे मुख्य योगदान पीबीपार्टनर्स की सुगम एप्लीकेशन प्रक्रिया और भरोसेमंद बैकएंड सपोर्ट का है। इस ऑपरेशनल सपोर्ट ने उन्हें वर्कफ्लो को स्ट्रीमलाईन करने, ग्राहक सेवा की क्वालिटी में सुधार लाने और व्यवसाय के विस्तार पर अपना ध्यान केंद्रित करने में समर्थ बनाया।

विकास पाठक का यह सफर प्रदर्शित करता है कि उद्योग की विशेषज्ञता, स्थिर प्रयास और सही डिजिटल प्लेटफॉर्म किस प्रकार मिलकर इंश्योरेंस सेक्टर में दीर्घकालिक व्यवसायिक वृद्धि, फाईनेंशियल स्थिरता और प्रोफेशनल सफलता प्रदान कर सकते हैं।

# पश्चिम एशिया में जारी तनाव के आगे बेबस बाजार, सेंसेक्स 1353 अंक टूटा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है। ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत 120 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचने से वैश्विक बाजारों में गिरावट का माहौल देखने को मिल रहा है। इसके चलते सोमवार को घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में करीब दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा, विदेशी निधियों की निरंतर निकासी और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की कमजोरी ने निवेशकों की भावना पर भारी असर डाला। रुपया 53 पैसे गिरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर 92.35 पर बंद हुआ।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,352.74 अंक या 1.71 प्रतिशत गिरकर 77,566.16 पर बंद हुआ, लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई। दिन भर में, यह सूचकांक 2,494.35 अंक या 3.16 प्रतिशत गिरकर 76,424.55 पर पहुंच गया।

सेंसेक्स पैक में अल्ट्राटेक सीमेंट को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ, इसके शेयरों में 5.23 प्रतिशत की गिरावट आई, इसके बाद मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंटरग्लोब एविएशन और अदानी पोर्ट्स प्रमुख रूप से पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल थे। इसके विपरीत, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मा, इंफोसिस, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक को लाभ हुआ।

ऑनलाइन ट्रेडिंग और वेल्थ टेक फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि कमजोर वैश्विक संकेतों और पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण निवेशकों की भावना पर भारी नकारात्मक प्रभाव पड़ा, जिसके चलते भारतीय शेयर बाजार लगभग 3 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ खुले और सत्र के अंत में तेजी से नीचे बंद हुए।

# एपिस इंडिया लिमिटेड ने मिस्क ब्रांड के तहत पेश किए मसाला डेट्स बीज रहित, सुपरफूड ऑन-द-गो, दमदार भारतीय फ्लेवर के साथ

**लखनऊ।** एपिस इंडिया लिमिटेड के मिस्क ब्रांड ने लखनऊ में अपनी नई पेशकश मसाला डेट्स लॉन्च की है। यह उत्पाद रोज़मर्रा के सुपरफूड-ऑन-द-गो को एक नए स्वादिष्ट अंदाज़ में पेश करता है, जिसमें अचारी, इमली और चिली-लाइम जैसे दमदार भारतीय मसालों का खास तड़का शामिल है। आमतौर पर खजूर को पूरा खाया जाता है, लेकिन अक्सर खाने से पहले उसका बीज निकालना या उसे काटना पड़ता है। इसी असुविधा और उपभोक्ताओं में नए फ्लेवर आज़माने की बढ़ती रुचि को ध्यान में रखते हुए एपिस इंडिया ने मसाला डेट्स को एक वैल्यू-एडेड, मीठा-नमकीन विकल्प के रूप में पेश किया है। यह रेंज तुरंत खाने के लिए तैयार है और फ्लेवर का नया अनुभव देती है, साथ ही चीनी युक्त और तले हुए स्नैक्स का एक बेहतर और अपेक्षाकृत स्वास्थ्यवर्धक विकल्प भी प्रदान करती है। पारंपरिक खजूर उत्पादों के विपरीत, जो सामान्यतः अपनी प्राकृतिक मिठास के लिए जाने जाते हैं, मसाला डेट्स एक अनोखी पेशकश है




जो अलग स्वाद का अनुभव देती है। यह खजूर की प्राकृतिक मिठास को दमदार भारतीय मसालों के साथ मिलाकर ऐसा स्नैक बनाता है जो इस श्रेणी के आम विकल्पों से अलग और खास है। मसाला डेट्स प्राकृतिक ऊर्जा और पोषण को भारतीय मसालों के विशेष मिश्रण के साथ जोड़ता है, जो स्नैकिंग, टॉपिंग और जल्दी बनने वाली रेसिपीज़ के लिए उपयुक्त है। बिना बीज के, पहले से कटे हुए और तुरंत खाने के लिए तैयार ये डेट्स ब्रेकफास्ट बाउल, चाट या सलाद में डाले जा सकते हैं, या फिर सीधे पैक से निकालकर चलते-फिरते मसालेदार और हेल्दी स्नैक के रूप में भी खाए जा सकते हैं। यह लॉन्च एपिस इंडिया लिमिटेड के क्लीन न्यूट्रिशन और मसालेदार हेल्दी स्नैक्स के पोर्टफोलियो का विस्तार है।

इसे खास तौर पर उन उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है जो नए फ्लेवर आज़माना पसंद करते हैं, जिनकी दिनचर्या व्यस्त रहती है, या जो पारंपरिक स्नैक्स के स्वास्थ्यवर्धक विकल्प तलाश रहे हैं। बिना बीज वाले फॉर्मेट के कारण इसे संभालना और उपयोग करना आसान है, जिससे घर पर या चलते-फिरते इसका इस्तेमाल सुविधाजनक हो जाता है। लॉन्च के अवसर पर एपिस इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री अमित आनंद ने कहा, हम इस नए इनोवेशन को उपभोक्ताओं के सामने पेश करके बेहद उत्साहित हैं।

मसाला डेट्स को हमने रोज़मर्रा की सुविधा और स्वास्थ्यवर्धक विकल्पों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया है, साथ ही भारतीय स्वाद की पहचान को भी बरकरार रखा है। यह रेंज उन उपभोक्ताओं के लिए है जो रेडी-टू-यूज़ विकल्प चाहते हैं, जो आधुनिक जीवनशैली में आसानी से फिट हों और उन्हें एक नया स्वाद अनुभव दें। मसाला डेट्स आने वाले हफ्तों में देशभर के रिटेल स्टोर्स, प्रमुख मॉडर्न ट्रेड आउटलेट्स और बड़े ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से उपलब्ध होंगे।कटे हुए खजूर को अचारी, इमली और चिली-लाइम मसालों के साथ तैयार किया गया स्वादिष्ट और तुरंत खाने के लिए तैयार स्नैक, जो रोज़मर्रा की स्नैकिंग आदतों में बदलाव ला सकता हैजल्द ही देशभर के रिटेल स्टोर्स और प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध होगा

# पश्चिम एशिया तनाव का असर, डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर, टूटकर 92.5 तक गिरा

**नई दिल्ली।** भारतीय रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और डॉलर की बढ़ती मांग के कारण रुपये पर दबाव बढ़ गया। शुरुआती कारोबार में रुपया 92.20 प्रति डॉलर पर खुला, लेकिन जल्दी ही गिरकर 92.528 तक पहुंच गया। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 25त्न से ज्यादा उछलकर 118 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया। अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध ने तेल बाजार में अस्थिरता बढ़ा दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि तेल की कीमतें बढ़ने से भारत जैसे आयातक देशों में डॉलर की मांग बढ़ जाती है, जिससे रुपये पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार आयातकों और तेल कंपनियों की ओर से डॉलर की मांग बढ़ने से रुपये पर दबाव बना हुआ है। विश्लेषकों का कहना है कि अगर बाजार में ज्यादा उतार-चढ़ाव होता है तो भारतीय रिजर्व बैंक हस्तक्षेप कर स्थिति को संभाल सकता है।

एनरिच मनी के सीईओ पोनमुदी आर के मुताबिक, डॉलर-रुपया जोड़ी फिलहाल अपने नए ऑल-टाइम हाई के आसपास 92.30-92.32 के दायरे में कारोबार कर रही है। उनका कहना है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण निवेशक सुरक्षित निवेश के रूप में डॉलर की ओर रुख कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत जैसे तेल आयातक देश के लिए महंगा कच्चा तेल और मजबूत डॉलर रुपये पर लगातार दबाव बना रहे हैं। तकनीकी चार्ट के आधार पर फिलहाल ट्रेंड अमेरिकी डॉलर के पक्ष में मजबूत दिखाई दे रहा है। फॉरेक्स ट्रेडर्स के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली और शेयर बाजार में भारी गिरावट ने भी रुपये की कमजोरी को बढ़ाया है।

अवधनामा



# कुशीनगर में फर्जी आईएफएस अधिकारी बनकर नौकरी दिलाने वाला कबूतरबाज गिरफ्तार

**अभियुक्त के कब्जे से दो प्रोटोकाल पेपर, आईडेन्टीटी कार्ड, फर्जी आधार कार्ड व निर्वाचन कार्ड, पांच एटीएम कार्ड, तीन मोहर बरामद**

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जिले फर्जी आईएफएस अधिकारी बनकर ग्रामीणों क्षेत्रों में गरीब लड़कों को नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक कबूतरबाज को रवींद्रनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्त के पास भारी मात्रा में फर्जी सामान बरामद किया है।

जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति के द्वारा फर्जी आईएफएस अधिकारी बनकर धोखाधड़ी व कूटरचित माध्यम से अलग-अलग सरकारी विभागों में फर्जी कार्ड को दिखाकर देहात के लड़को को नौकरी आदि दिलाने का झांसा देते हुए अनुचित लाभ लिया जा रहा है। सूचना का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना रविन्द्रनगर धूस एवं स्वाट की संयुक्त टीमें लगाई गई थी। जिसके क्रम में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियुक्त पवन चौहान पुत्र रामबदन चौहान निवासी अवरवा थाना कोतवाली हाटा जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से एक आईडेन्टीटी कार्ड, दो आधार कार्ड फर्जी व कुटरचित, एक अदद निर्वाचन कार्ड, पांच एटीएम कार्ड, तीन मोहर, एक इंकपैड, एक इलिमिनेट, एक डायरी, 02 अदद मोबाईल रेडमी व लावा बेनको, दो प्रोटोकाल पेपर बरामद किया गया।

### फर्जी आई कार्ड पर खुद प्रोटोकॉल तैयार करता था

अभियुक्त पवन चौहान द्वारा बताया गया कि वह कूट रचित फ्रॉड और धोखाधड़ी के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों से अनुचित लाभ प्राप्त करने का कार्य करता है। उसने खुद को ढ्ढस्नस् अधिकारी बताते हुए एक फर्जी आईडेन्टीटी कार्ड के आधार पर कूट रचित प्रोटोकॉल तैयार करता है तथा उसे ईमेल के माध्यम से विभिन्न सरकारी कार्यालयों में भेजता है, ताकि उसकी धोखाधड़ी को वैधता प्रदान की जा सके। इसी माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के युवकों को नौकरी दिलाने, प्रमोशन या अन्य सरकारी लाभ प्रदान करने का झांसा देकर उनसे पैसे वसूला जाता है। उसके पास बरामद फर्जी आधार कार्ड, वोटर कार्ड, एटीएम कार्ड, मोहरें, इंकपैड तथा अन्य सामग्री इसी प्रकार की धोखाधड़ी एवं जालसाजी के लिए इस्तेमाल की जाती है।

## जिले में एलपीजी गैस रिफिल की पर्याप्त उपलब्धता, अफवाहों से बचें : जिला पूर्ति अधिकारी

**कुशीनगर।** जिलापूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय ने जनपद के समस्त गैस उपभोक्ताओं को अवगत कराया है कि वर्तमान में जनपद की सभी गैस एजेंसियों पर एलपीजी रिफिल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। अतः किसी भी प्रकार की अफवाह में आकर गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न बढ़ाएं।

उपभोक्ता अपने गैस कनेक्शन पर रिफिल प्राप्त करने के लिए संबंधित एजेंसी/कंपनी के माध्यम से गैस की बुकिंग अवश्य कराएं। बुकिंग के उपरान्त नियमानुसार गैस रिफिल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही उन्होंने समस्त गैस एजेंसियों के प्रोपराइटर/संचालकों को निर्देशित किया है कि वे अपने प्रतिष्ठान पर सभी श्रेणियों के एलपीजी रिफिल का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखें। जिला पूर्ति अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी गैस एजेंसी अथवा गोदाम में अनाधिकृत अथवा अवैध भण्डारण पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध प्रचलित नियमों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# आधुनिक पुलिसिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम

**एसपी के द्वारा पुलिस लाइन में नव-निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया**

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर केशव कुमार के निर्देशन में पुलिस लाइन, कुशीनगर में विभिन्न नव-निर्माण कार्यों (टाइप -2, टाइप -3 बिल्डिंग) का विधिवत भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह सोमवार को सम्पन्न हुआ। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा स्वयं मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर पुलिस लाइन के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**कार्यों की मुख्य विशेषताएं :** ये निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश पुलिस की आधुनिकता, कुशलता और जन-केंद्रित पुलिसिंग की प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम हैं।

**इनमें शामिल प्रमुख कार्य हैं :** पुलिसकर्मियों के लिए बेहतर आवासीय सुविधाएं, आधुनिक वाहन पार्किंग एवं रखरखाव क्षेत्र, सुरक्षा एवं निगरानी हेतु उन्नत सीसीटीवी एवं अन्य तकनीकी सुविधाओं का विकास, पर्यावरण अनुकूल एवं ऊर्जा संरक्षण पर आधारित डिजाइन। ये सभी निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश सरकार एवं पुलिस विभाग की योजनाओं के अनुरूप तैयार किए गए हैं, जिनका उद्देश्य पुलिस बल को अधिक प्रभावी, तकनीकी रूप से सक्षम और जनता के प्रति संवेदनशील बनाना है।

**आधुनिक पुलिसिंग की मजबूत नींव : एसपी :** पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने कहा, कि यह भूमि पूजन एवं शिलान्यास केवल ईंट-पत्थर का निर्माण नहीं है, बल्कि यह कुशीनगर पुलिस की आधुनिक पुलिसिंग की मजबूत नींव रखने का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य है कि कुशीनगर जिले में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा, जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण और समुदाय के साथ बेहतर समन्वय को और अधिक मजबूत किया जाए। ये नए भवन एवं सुविधाएं हमारे पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण प्रदान करेंगी, जिससे जनता को अधिक गुणवत्तापूर्ण सेवा मिल सकेगी।

# युद्ध ने बिगाड़े हालात, रसोई गैस सिलेंडर के लिए मचा हाहाकार

अवधनामा संवाददाता



**बोदरवार, कुशीनगर।** युद्ध की विभिषिका का असर दिखने लगा है। एलपीजी गैस एजेंसियों पर सिलेंडर की किल्लत से जहां उपभोक्ताओं में हाहाकार मचा हुआ है वहीं एजेंसी के कर्मचारियों की सांठगांठ से गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करने वालों की चांदी ही चांदी है। एजेंसी कर्मचारियों से तेरह सौ में घरेलू सिलेंडर लेकर सोलह सौ में बेखौफ बेच रहे हैं और विभाग आंख मूंदें हुए है।

बोदरवार बाजार सहित मंसूरगंज, खैरेटवा व आसपास में एचपी, भारत और इंडेन एलपीजी गैस की कई एजेंसियां संचालित हैं। जिसके चलते उपभोक्ताओं को कभी गैस सिलेंडर की किल्लत महसूस नहीं हुई, लेकिन ईरान अमेरिका और इजरायल से हो रहे युद्ध का असर भारत के रुरल एरिया में दिखने लगा है। गैस एजेंसियों पर सिलेंडर के लिए लंबी-लंबी कतारें लगने के बाद भी उपभोक्ताओं को यह कहकर लौटा दिया जा रहा है कि अभी गैस सिलेंडर नहीं है। आजकल में आने वाला है। वहीं सूत्रों की मानें तो कालाबाजारी करने वालों का एजेंसियों के कर्मचारियों से सांठगांठ के चलते 975 का सिलेंडर एजेंसी कर्मचारी कालाबाजारी करने वाले को तेरह सौ में सुलभ करा रहा है और कालाबाजारी करने वाले बेखौफ होकर सोलह सौ से दो हजार रुपए तक वसूल रहे हैं। जिम्मेदार भी अपनी आंखें मूंदे हुए हैं। इस संबंध में कप्तानगंज ईंधन विपणन अधिकारी जितेन्द्र सिन्हा का कहना है कि एचपी एलपीजी गैस सिलेंडर पर थोड़ी सप्लाई चेन में कमी आई है जिसे दूर कराने का प्रयास किया जा रहा है। जबकि इंडेन और भारत एलपीजी गैस सप्लाई में कमी नहीं है। गैस सुलभ है। अगर मेरे क्षेत्र में कहीं भी कालाबाजारी की बात मिलती है तो इसमें संलिप्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# कुशीनगर में मदिरा एवं भांग की दुकानों के व्यवस्थापन हेतु ई-लाटरी प्रक्रिया 10 मार्च से

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिला मजिस्ट्रेट/लाइसेंस प्राधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 की आबकारी नीति के अंतर्गत शासनादेश 12 फरवरी 2026 तथा आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के अर्द्ध शासकीय पत्र एवं कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में कुशीनगर में वर्ष 2026-27 हेतु देशी मदिरा, कम्पोजिट दुकान एवं भांग की फुटकर दुकानों के व्यवस्थापन की प्रक्रिया प्रारम्भ की जा रही है।

उन्होंने बताया कि नवीनीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत अवशेष देशी मदिरा की 21 दुकानें, कम्पोजिट की 04 दुकानें तथा भांग की 12 दुकानें ई-लाटरी के प्रथम चरण के माध्यम से आवंटित की जाएंगी। इसके लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदकों से दिनांक 10 मार्च 2026 (समय 12:00 बजे मध्यान्ह) से दिनांक 17 मार्च 2026 (समय 12:00 बजे मध्यान्ह) तक ई-लाटरी पोर्टल httpsÑ//e&ciseelot-teryup.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में मदिरा एवं भांग की फुटकर बिक्री की दुकानों को ई-लाटरी के माध्यम से प्राप्त करने के इच्छुक आवेदक जनपद की दुकानों की सूची, पात्रता, शर्तें तथा अन्य आवश्यक विवरण जनपद की आधिकारिक वेबसाइट httpsÑ//kushinagar.nic.in एवं ई-लाटरी पोर्टल पर देख सकते हैं। समस्त आवेदक ई-लॉटरी पोर्टल पर ई-लॉटरी के लिए पंजीकरण करते समय अपने नवीनतम पैन कार्ड पर अंकित पैन नंबर, नाम एवं जन्मतिथि से ही पंजीकरण करें। उन्होंने बताया कि उक्त दुकानों के व्यवस्थापन हेतु ई-लाटरी का आयोजन 20 मार्च को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, रविन्द्रनगर धूस, पडरौना में सम्पन्न कराया जाएगा।

# चार्जशीट चाहिए तो पैसे दो, तरयासुजान थाने के दरोगा का कथित ऑडियो वायरल

**जीरो टॉलरेंस की नीति के बीच रिश्वतखोरी के आरोप से मचा हड़कंप, जांच की उठी मांग**

अवधनामा संवाददाता

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** तरयासुजान थाने से जुड़े एक दरोगा का कथित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। वायरल ऑडियो में दरोगा पर चार्जशीट लगाने के नाम पर नगदी रुपए की मांग करने का आरोप लगाया जा रहा है। अवधनामा इस ऑडियो की पुष्टि नहीं करता, जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

उल्लेखनीय हो कि सोमवार को सुबह सोसल मीडिया पर 01:24 मिनट का एक आडियो क्लिप वायरल होने लगा, जिसमें यह आरोप है कि दरोगा ने एक पीड़ित को कार्रवाई का भय दिखाकर उससे रुपये की वसूली कर ली। सोशल मीडिया पर सामने आए इस ऑडियो को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि वायरल ऑडियो की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है और जांच के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई सामने आएगी।

यह मामला ऐसे समय सामने आया है जब जनपद के पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर लगातार सख्ती बरत रहे हैं। उनके नेतृत्व में अवैध कारोबार, पशु तस्करी और भ्रष्टाचार के खिलाफ कई सख्त कार्रवाई की जा चुकी हैं। ऐसे में रिश्वत मांगने का कथित ऑडियो सामने आना पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आरोपों की पुष्टि होती है तो यह जीरो टॉलरेंस नीति की कसौटी पर एक बड़ी परीक्षा होगी। लोगों को उम्मीद है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि पुलिस व्यवस्था में पारदर्शिता और जनता का भरोसा बना रहे।

फिलहाल वायरल ऑडियो को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है और सभी की निगाहें पुलिस प्रशासन की संभावित जांच और कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। बहरहाल वायरल ऑडियो की पुष्टि अवधनामा नहीं करता, जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी। इस संबंध में एडिशनल एसपी से बात करने की कोशिश की गई तो उनके फोन का घंटी बजता रहा लेकिन फोन नहीं उठा।

# दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 12 व 13 मार्च को

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** भाषिक विविधता के बावजूद देश में राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने और देश में एकता के सूत्र को तलाशने के उद्देश्य से भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय के केंद्रीय हिंदी निदेशालय और बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर के संयुक्त तत्वावधान में 12 और 13 मार्च को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हो रहा है। आयोजन को अनेक सत्रों में बांटा गया है।

इस संगोष्ठी का उद्घाटन केंद्रीय हिंदी संस्थान के निदेशक, प्रोफेसर हितेंद्र मिश्र करेंगे। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता शिक्षा मंत्रालय के केंद्रीय हिन्दी शिक्षण मण्डल के उपाध्यक्ष और सिद्धार्थ नगर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर सुरेन्द्र दुबे करेंगे। दिल्ली विश्वविद्यालय के भाषा विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो रमेश चंद्र शर्मा द्वारा संगोष्ठी बीज वक्तव्य दिया जाएगा। उक्त जानकारी संगोष्ठी के संयोजक प्रो गौरव तिवारी ने दी। प्रोफेसर गौरव ने बताया कि में आंध्र प्रदेश से प्रोफेसर आरएस सर्राजू, बंगलुरू से डॉ ऊषा रानी राव, पोर्टब्लेयर अंडमान में हिंदी के पूर्व अध्यक्ष रहे डॉ व्यास मणि त्रिपाठी, गोरखपुर विश्वविद्यालय से प्रो विमलेश मिश्र, प्रो प्रत्यूष दुबे, सिद्धार्थ नगर विश्वविद्यालय से प्रो हरीश शर्मा, डॉ जय सिंह यादव, डॉ रेणु त्रिपाठी, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय से डॉ अचला त्रिपाठी, कानपुर विश्वविद्यालय से डॉ रमाकांत राय, गोरखपुर विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों से डॉ शत्रुघ्न सिंह, डॉ प्रद्योत सिंह, डॉ विजय निषाद साहित्य जनपद के अनेक महाविद्यालयों के साहित्य के आचार्य अपनी सहभागिता देंगे। संगोष्ठी को छः सत्रों में बांटा गया है। इन सत्रों मे भारतीय भाषा परिवार की अवधारणा, वैश्विक स्तर पर भाषा सम्बन्धी अवधारणाएं, बोलियों के अंतर्सम्बन्ध, भाषा और बोली की अवधारणा, भाषा और समाज, भारतीय भाषा परिवार की आवश्यकता आदि विषयों पर विचार मंथन किया जाएगा।

## सामूहिक इफ्तार में दिया समाज सेवा का संदेश

**बस्ती।** स्टूडेन्ट्स इस्लामिक ऑर्गनाइजेशन ऑफ इंडिया (एसआईओ) द्वारा रहमतगंज स्थित एसआईओ कार्यालय में नौजवानों द्वारा इफ्तार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं ने मिलकर इफ्तार किया और दीन व समाज से जुड़ी अहम बातों पर चर्चा की।मुख्य अतिथि आसिफ अकरम जोनल अध्यक्ष, आईडियल यूथ मूवमेंट उत्तर प्रदेश पूर्व ने कहा कि रमजान का महीना इंसान को आत्मसंयम, अच्छाई और समाज सेवा का संदेश देता है। उन्होंने युवाओं से समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने की अपील की।

इस अवसर पर एसआईओ बस्ती ने अंजुमन इस्लामिया के सदर जनाब सुहैल साहब को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें जामा मस्जिद में तालीमी लाइब्रेरी की स्थापना, गरीबों के लिए फ्री मेडिकल कैम्प तथा जरूरतमंद छात्रों के लिए स्कॉलरशिप फंड शुरू करने जैसे सुझाव दिए गए। कार्यक्रम का समापन सामूहिक इफ्तार और दुआ के साथ हुआ।

# सर्विलांस सेल का सराहनीय कार्य, लगभग पंद्रह लाख की गुमशुदा 82 मोबाइले बरामद कर किया सुपुर्द

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती पुलिस ने खोई हुई करीब 700 मोबाइलो को बरामद कर उनके स्वामियों के हवाले किया। पुलिस के इस कार्य की सराहना मोबाइल स्वामियों द्वारा की गई है।

अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत ने पुलिस लाइन सभागार में क्षेत्राधिकारी सदर सत्येंद्र भूषण तिवारी के साथ पत्रकारो को यह जानकारी देते हुए बताया कि थानों पर प्रचलित ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल के माध्यम से प्राप्त सूचना पर जनपदीय पुलिस द्वारा कुल 698 मोबाइल बरामद किया जा चुका है, जिसमें से 616 मोबाइल को थाना स्तर से मोबाइल स्वामियों के सुपुर्द किया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के निर्देशन में गुमशुदा को मोबाइलों की तलाश के लिए जिले के सर्विलांस सेल को लगाया गया था जिसके क्रम में प्रभारी सर्विलांस सेल शेषनाथ यादव मय टीम हे0का0 देवेश यादव, सतेन्द्र सिंह, अंगद मौर्या, का0 दीपक कुमार, विक्रम सिंह, विजय प्रताप यादव के प्रयास से विभिन्न कम्पनियों के गुमशुदा 82 मोबाइलों, जिनकी कीमत लगभग पंद्रह लाख रूपये को बरामद किया गया 7 पुलिस लाइन बस्ती सभागार कक्ष में शेष 82 मोबाइल को उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया 7 अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सर्विलांस सेल की टीम की इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने 25000 का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में उन्होंने मोबाइल उपभोक्ताओं से कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने की सलाह दी है।

## अवैध अपमिश्रित शराब, यूरिया तथा नौशादर के साथ एक गिरफ्तार

**बस्ती।** परशुराम पुलिस नेथानाध्यक्ष विश्व मोहन राय के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के ग्राम अचरवल से गांव निवासी मिथलेश सोनकर उर्फ बच्ची पत्नी रामनरेश को अवैध अपमिश्रित शराब 02 जर्किन एवं 01 किलो यूरिया तथा 500 ग्राम नौशादर के साथ गिरफ्तार कर मुकदमा पंजीकृत है। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष परसरामपुर विश्व मोहन राय के साथ उ0नि0 झारखंडेय पांडे शामिल रहे।

## महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की सुनवाई 13 मार्च को

**कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा तथा महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में महिला जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 13 मार्च 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे जनपद कुशीनगर के सर्किट हाउस/राजकीय अतिथि गृह में महिला जनसुनवाई/समीक्षा बैठक आयोग की सदस्य जनक नंदिनी की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

उक्त कार्यक्रम महिला आयोग के पदाधिकारियों की अध्यक्षता में संपन्न होगा, जिसमें जनपद में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी तथा पीड़ित महिलाओं की शिकायतों को सुनकर उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अथवा उनके द्वारा नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष, संबंधित थानों के क्षेत्राधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों पर विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

## सीडीओ की अध्यक्षता में हुई जिला आयुष समिति की बैठक



**अमेठी।** मुख्य विकास अधिकारी वीरभानु सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन में जिला आयुष समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सर्वप्रथम उपलब्ध धनराशि एवं व्यय धनराशि की समीक्षा की। इसके उपरांत उन्होंने निर्माणाधीन आयुष चिकित्सालयों चिकित्सालयों के उच्चारण एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर की भौतिक प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अब्दुल बारी ने जानकारी दी कि जनपद में वर्तमान समय में 18 आयुर्वेदिक चिकित्सालय 9 यूनानी चिकित्सालय और 22 होम्योपैथी चिकित्सालय संचालित हैं। इसके अतिरिक्त 12 आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर संचालित हैं तथा 6 आयुष सेंटरों में हर्बल गार्डन की स्थापना की गई है जहाँ नियमित रूप से योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास भी कराया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी आयुष चिकित्सालयों में मरीजों को मूलभूत सुविधाएँ एवं आवश्यक दवाएँ समय पर उपलब्ध कराई जाएँ। साथ ही जिन चिकित्सालयों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है उन्हें समिति के समक्ष प्रस्तुत कर शीघ्र हैंडओवर लेने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## भारत बना फिर विश्व चैंपियन, जमकर हुई आतिशबाजी

**अमेठी।** जिले में रविवार रात जमकर आतिशबाजी हुई भारत ने फिर टी 20 विश्व कप का चैंपियन खिताब हासिल किया। जैसे ही न्यूजीलैंड का दसवां विकेट गिरा खुशी की लहर छा गई क्रिकेट प्रेमियों ने जमकर आतिशबाजी की और खूब फुलझड़ियां छोड़ी। रविवार की शाम टी 20 विश्व कप का फाइनल मुकाबला भारत और न्यूजीलैंड के बीच शुरू हुआ। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय न्यूजीलैंड का रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम संजू सैमसन अभिषेक शर्मा और ईशान किशन की धुआंधार बल्लेबाजी और अर्धशतकीय पारी की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 255 रन का विशाल स्कोर रखी।जीत के लिए न्यूजीलैंड को 256 का टारगेट मिला। जवाब में उतरी न्यूजीलैंड की टीम भारतीय गेंदबाजों सामने ताश के पत्तों की तरह बिखरती चली गई और 19 ओवर में महज 159 रन पर सिमट गई। जसप्रीत बुमराह की घातक गेंदबाजी के आगे न्यूजीलैंड का कोई भी बल्लेबाज टिक न सका। भारत ने यह मुकाबला 96 रन से जीत लिया। जनपद के क्रिकेट प्रेमी जश्न में डूब गए और जमकर आतिशबाजी की फुलझड़ियां छोड़ी दीपावली सरीखे यह रात दिखाई दे रही थी।

# सेवरही में सरकारी बस स्टैंड के निर्माण का रास्ता साफ

**पौने तीन करोड़ रुपए की लागत से बनेगा बस स्टैंड, क्षेत्र में खुशी**

अवधनामा संवाददाता



बस स्टैंड के लिए चयनित जमीन का जायजा लेती चेयरमैन सोनिया

**सेवरही, कुशीनगर।** स्थानीय उपनगर में बहुप्रतीक्षित सरकारी बस स्टैंड निर्माण का रास्ता लगभग साफ हो गया है। उक्त महत्वपूर्ण योजना के लिए विभाग द्वारा मंजूरी दिए जाने की घोषणा के साथ ही क्षेत्र के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विभाग के प्रति आभार जताया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत सेवरही के शिव शक्ति नगर वार्ड में परिवहन विभाग द्वारा सरकारी बस स्टैंड बनाए जाने का रास्ता अब साफ हो गया है। परिवहन विभाग द्वारा उक्त महत्वपूर्ण योजना को पूरा कराए जाने की मंजूरी देते हुए धन अवमुक्त किया गया है। लगभग पौने तीन करोड़ की लागत से बनने वाले बस स्टैंड के निर्माण का रास्ता साफ होता दिखाई दे रहा है। सीमावर्ती प्रांत बिहार से सेट कस्बा सेवरही में वर्षों से बहुप्रतीक्षित बस स्टैंड के निर्माण हेतु मंजूरी मिलने पर कस्बा सेवरही सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए परिवहन विभाग सहित क्षेत्रीय विधायक के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

बस स्टैंड के निर्माण हो जाने से न सिर्फ सेवरही व आस पास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग लाभान्वित होगें बल्कि सीमावर्ती प्रांत बिहार के दर्जनों गांव के लोग भी इसका सीधा लाभ उठा सकेंगे। इससे लंबी दूरी के के लिए बसों से यात्रा करना आसान होगा। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सेवरही श्रीमती सोनिया त्रिभुवन जायसवाल द्वारा मौके का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि बिहार से सटे कस्बा सेवरही एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक केंद्र है।

आवागमन का सुलभ साधन नहीं होने से लोगों को तमाम तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वही तमकुही राज विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ असीम कुमार के प्रयास से दो वर्ष पूर्व 04 अप्रैल 2023 प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा अधिग्रहित भूमि पर नए बस स्टैंड की आधारशिला रखी गई। इसके साथ ही यहां से लंबी दूरी के लिए बसों के संचालन की घोषणा की गई। इस दौरान उक्त भूमि पर एक कमरे का भवन तथा शौचालय आदि का निर्माण कराया गया तथा शेष कार्य अधर में लटका पड़ा रहा।

पुनः एक बार फिर क्षेत्रीय विधायक के शत प्रयास से परिवहन विभाग के प्रबंध निदेशक द्वारा बस स्टैंड के निर्माण हेतु धन स्वीकृत किया गया है। जिससे बरसों से प्रतिक्षित सेवरही में बस स्टैंड के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। जिसे लेकर चेयरमैन प्रतिनिधि त्रिभुवन जायसवाल, शाकीर अली, मक्खन जायसवाल, रमेश व्याहुत, कृष्ण मुरारी तिवारी, बैजनाथ वर्मा, हसन अली, आशीष तिवारी, रामनरेश शर्मा, हरीश तिवारी आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बस स्टैंड के बन जाने से नगर सहित क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी।

# रामकोला चीनी मिल ने 27 फरवरी तक 17.6 करोड़ रुपए भुगतान भेजा

अवधनामा संवाददाता

**रामकोला, कुशीनगर।** त्रिवेणी चीनी मिल, रामकोला द्वारा किसानों को समयबद्ध गन्ना मूल्य भुगतान की प्रक्रिया निरंतर जारी है। इसी क्रम में मिल प्रबंधन द्वारा 21 फरवरी से 27 फरवरी तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानों के बैंक खातों में अंतरित कर दिया गया है। जनपद में सर्वप्रथम पेराई कार्य प्रारंभ करने के साथ-साथ समय पर भुगतान कर मिल ने अपनी कार्यकुशलता एवं उत्कृष्ट परंपरा को एक बार फिर सिद्ध किया है।

प्रधान प्रबंधक यशराज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान पेराई सत्र के अंतर्गत उक्त अवधि में खरीदे गए गन्ने के सापेक्ष कुल 17 करोड़ 06 लाख रुपये की धनराशि सीधे किसानों के खातों में भेजी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि किसान हित सर्वोपरि है और मिल प्रबंधन का सतत प्रयास रहता है कि किसानों को समय पर भुगतान प्राप्त हो, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।

प्रधान प्रबंधक ने किसानों से अपील की कि वे मिल को केवल ताजा, स्वच्छ एवं गुणवत्तायुक्त गन्ने की आपूर्ति करें, ताकि पेराई कार्य निर्बाध रूप से संचालित किया जा सके। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसान भाई अपनी संपूर्ण गन्ना आपूर्ति चीनी मिल को ही करें, जिससे उनका बेसिक कोटा बढ़े और भविष्य में उन्हें अधिक लाभ प्राप्त हो सके।

इसके अतिरिक्त उन्होंने किसानों को वसंतकालीन गन्ना बुआई के लिए उन्नत किस्में जैसे CO-0118, CoP-9301, CoLK-14201, CoLK-16202 एवं 18231 अपनाने तथा भूमि की उर्वरता एवं फसल सुरक्षा के लिए ट्राइकोडर्मा का अनिवार्य प्रयोग करने की सलाह दी। प्रेस वार्ता के अवसर पर कारखाना प्रबंधक मानवेंद्र राय एवं गन्ना प्रबंधक इन्द्र कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।

# एस.आई.आर. सुनवाई का कार्य 03 दिवस में पूर्ण करें : एडीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नो मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियों की श्रेणी के मतदाताओं को जारी की जा रही नोटिसों, मतदाताओं की सुनवाई एवं आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन कार्य को गति प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिया कि 03 दिवस में सुनवाई का कार्य पूर्ण कराया जाय।

उल्लेखनीय है कि 80 प्रतिशत से कम सुनवाई वाले 24 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में एडीएम श्री कुमार ने निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में नियुक्त किये गये 74 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से सहयोग प्राप्त कर नो मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियों की श्रेणी के मतदाताओं की सुनाई का कार्य 03 दिवस में पूरा कर लिया जाय। श्री कुमार ने नामित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूर्व से तैनात अधिकारियों, बूथ लेबिल अधिकारियों तथा सुपरवाईज़र्स के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर नो मैपिंग के सम्बन्ध जारी की गई नोटिस की सुनवाई तथा तार्किक विसंगतियों से सम्बन्धित मतदाताओं के सत्यापन का कार्य मासान्त मार्च 2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

एडीएम ने समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा करते रहें। उन्होंने सभी अधिकारियों का आहवान किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रुटि रहित तरीके से प्रगाढ़ पुनरीक्षण अन्तर्गत नोटिस की सुनवाई व तार्किक विसंगतियों के सत्यापन का कार्य समयबद्धता के साथ पूर्ण कराया जाय। इस अवसर पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मौजूद रहे।

## रामसिंह कॉलेज का एनएसएस सात दिवसीय शिविर शुरू

**टूंडला।** राम सिंह महाविद्यालय नगला सिकन्दर फिरोजाबाद की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय शिविर का शुभारम्भ गाँव नगला मुरली में हुआ। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवक सेविकाओं ने गाँव की परिक्रमा मार्ग की साफ-सफाई की गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. बीपी सिंह ने एनएसएस शिविर का शुभारम्भ किया। तथा एनएसएस का लक्ष्य तथा इसके महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने लक्ष्य गीत गाया। कॉलेज प्रबंधक डॉ. डीपी सिंह ने महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को उनकी क्षमता तथा शक्ति का परिचय करवाते हुए उन्हें सामाजिक विकास के बराबर की भागेदारी के लिए प्रेरित किया। प्रोफेसर भारती सिंह ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के कल्याण हेतु सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुभाष चन्द्र ने किया। इस अवसर पर प्रो. रौनक धाकरे, प्रो. दीक्षा शर्मा, संतोष शर्मा, ग्राम प्रधान रमेश चन्द्र तथा अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# संगीतमयी श्रीराम चरितमानस कथा में उमड़ा आस्था का सागर

**अवधनामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** श्री नमो भगवते वासुदेवाय नमः तथा सच्चिदानन्दरूपाय विश्वोत्पत्यादिहेतवे, तापत्रयविनाशाय श्रीकृष्णाय वयं नुमः जैसे मंगलमय मंत्रोच्चार के साथ आरंभ हुई संगीतमयी श्रीराम चरितमानस कथा में इन दिनों भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास का अनुपम वातावरण बना हुआ है। ग्राम सभा बीरईपुर में आयोजक के निवास स्थान पर लकी के जन्मदिन के पावन उपलक्ष्य में आयोजित इस दिव्य कथा में श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र का रसपान कर स्वयं को धन्य अनुभव कर रहे हैं।

तीन दिवसीय इस कथा का शुभारंभ 07 मार्च 2026, शनिवार को हुआ, जबकि 09 मार्च 2026, सोमवार को कथा का विश्राम होगा। प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायं 5 बजे तक चल रही इस कथा में क्षेत्र के



श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ उपस्थित होकर प्रभु श्रीराम की लीलाओं का श्रवण कर रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन प्रबंधक ऊषा मिश्रा (पूर्व प्रधान) एवं रामशिरोमणि मिश्रा (पी डब्लू डी मेट) के सान्निध्य और मार्गदर्शन में किया गया है। कार्यक्रम के संरक्षक के रूप में जे.पी. मिश्रा (एम आर) तथा राम उजागिर मिश्र (कोटेदार) की प्रेरक भूमिका रही। कथा की व्यवस्थाओं का संचालन व्यवस्थापक आलोक मिश्रा द्वारा किया जा रहा है, जबकि कान्हा मिश्रा, कृष्णा मिश्रा, लकी पाण्डेय, आरबी मिश्रा, मनोज मामा, सौरभ मिश्रा सहित समस्त परिवार व मित्रगण सेवा, सहयोग और समर्पण के भाव से इस आयोजन को सफल बनाने में लगे हुए हैं। कथा का अमृतमय वाचन प्रयागराज से पधारे कथा व्यास श्री दण्डी स्वामी विनोद जी महाराज तथा वैभवम बाबा, अयोध्या द्वारा अत्यंत ओजस्वी, भावपूर्ण और विद्वत्तापूर्ण शैली में किया जा रहा है। उनके मुखारविंद से प्रवाहित हो रही रामकथा सुनकर श्रद्धालु भक्ति रस में डूब जाते हैं और पूरा वातावरण ÷जय श्रीराम÷ के उद्घोष से गुंजायमान हो उठता है। इस अवसर पर कादीपुर ब्लॉक प्रमुख श्रवण मिश्र, डॉ. इश्नारायण, आलोक दुबे, प्रेम नारायण पाण्डेय, के.के. तिवारी, राम दौर मिश्र तथा डॉ. राम शिरोमणि सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे और कथा का श्रवण कर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया।

## जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 10 मार्च को

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 10 मार्च 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यो पर चर्चा की जायेगी। सदस्य सचिव ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 10 मार्च को

**बहराइच।** सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 10 मार्च 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यो पर चर्चा की जायेगी। सदस्य सचिव ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

# शाहजहांपुर में काशीराम की जयंती पर सपा मनाएगी पीडीए दिवस



**अवधनामा संवाददाता**

■ तैयारीयों को लेकर कार्यकर्ता बैठक आयोजित

**शाहजहांपुर।** जनपद में समाजवादी 15 मार्च को काशीराम की जयंती पर पीडीए दिवस मनाएगी जिसको लेकर सोमवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर एक कार्यकर्ता बैठक आयोजित की गई जिसमें जनपद की सभी विधानसभा महानगर एवं जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपस्थित हुए बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के शाहजहांपुर जिला अध्यक्ष तनवीर खां ने बताया कि 15 मार्च को पूरे जिले के पार्टी कार्यकर्ता महानगर के कोहिनूर मैरिज लॉन में एकत्र होंगे जहां काशीराम की जयंती पीडीए दिवस के रूप में मनाई जाएगी इसके लिए विधानसभा वार पदाधिकारी को तैयारी के निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, सपा जिला महासचिव रणजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल ,छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया मो. शाहनवाज आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एनएसएस छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाया

**टूंडला।** राम सिंह महाविद्यालय नगला सिकंदर टूंडला एटा रोड फिरोजाबाद द्वारा आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के द्वितीय दिन स्वयं सेवक सेविकाओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। कॉलेज के प्रबन्धक डॉ. डीपी सिंह ने बताया कि स्वच्छता का संबंध व्यक्ति के स्वास्थ्य से जुड़ा है। स्वच्छ वातावरण एक स्वस्थ व्यक्ति का निर्माण करता है। स्वयं सेवक-सेविकाओं ने स्वच्छता के पोस्टर बनाया तथा उनकी सहायता से ग्राम वासियों को स्वच्छता का महत्व समझाया। बौद्धिक सत्र के दौरान प्रो. प्रेमलता ने स्वच्छता ही जीवन की कुंजी पर छात्र छात्राओं को विस्तार को समझाया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुभाष चन्द्र ने किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फिरोजाबाद डा. बब्बू सारंग के कुशल मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है तथा लघु आपराधिक वादों हेतु आयोजित विशेष लोक अदालत 11-03-2026 से 13.03.2026 को सुनिश्चित की गयी हैं। प्राधिकरण की सचिव सुश्री योगेश शिवा द्वारा यह अवगत कराया गया कि लघु आपराधिक वाद (च्मजजल व्ïिमदबम) के निस्तारण हेतु वादकारियों को नोटिस प्रेषित किये गये हैं।

जिसमें वादकारी अपने लघु आपराधिक (च्मजजल व्ïिमदबम) सम्बन्धी वाद को समझौते के आधार पर तत्काल समाप्त करा सकते हैं। प्राधिकरण की सचिव सुश्री योगेश शिवा द्वारा अवगत कराया गया है कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च 2026 एवं लघु आपराधिक वादों के निस्तारण हेतु आयोजित विशेष लोक अदालत 11, 12 व 13 मार्च 2026 में वादकारियों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए सचिव द्वारा इस बात की जानकारी दी गयी कि वह नालसा के टोल फ्री नं0 15100 को बतौर हेल्प लाइन के रूप में प्रयोग कर सकते हैं। प्राधिकरण की सचिव द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व सरकार के समस्त विभागों से सहयोग की अपेक्षा की गयी है। फिरोजाबाद की जनता को अपने मामले उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में समाप्त कराने हेतु प्रेरित किया गया है। 14 मार्च 2026 (दिन शनिवार) को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्व, दीवानी, फौजदारी के सभी न्यायालय उपस्थित होंगे। इनके द्वारा मुख्यतः मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, धारा 138 एन0आई0एक्ट, उत्तराधिकार, वैवाहिक वाद, श्रम, राजस्व, स्टाम्प, चकबंदी, नकल अध्यादेश, बैंक व मोबाइल कम्पनी के बकाया, विद्युत, बांट माप, घरेलु हिंसा, भरण पोषण व अन्य लघु फौजदारी वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौतों के द्वारा किया जायेगा।

# हत्या का प्रयास करने वाला अभियुक्त पुलिस गिरफ्त में

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन मे जनपद मे चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व में थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0स0118/26 धारा 191(2)/191(3)/140(1)/126(2)/109 बीएनएस के वाँछित अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र राजवीर सिंह निवासी ग्राम मुस्तफाबाद थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद को 08/03/2026 जरौली कट थाना क्षेत्र टुण्डला जनपद फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही कर न्यायिक हिरासत मे भेजा जा रहा है।

वादी सुमनेश कुमार पुत्र जोर सिंह निवासी मुस्तफाबाद थाना जसराना जिला फिरोजाबाद द्वारा मनोज कुमार पुत्र राजवीर सिंह, जिसकी वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत की थी जिसकी जाँच विभागीय अधिकारियों द्वारा की जा रही है। इसी बात की रंजिश को लेकर आरोपी मनोज द्वारा वादी सुमनेश उपरोक्त को जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया था जिसमें वादी बाल-बाल बच गया। जिसके सम्बन्ध में 06/03/2026 को थाना जसराना पर मुकदमा बीएनएस कराया गया। थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र राजवीर सिंह निवासी ग्राम मुस्तफाबाद थाना जसराना को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पाण्डेय, व0उ0नि0 भैयालाल, म0उ0नि0 सचिन, है0का0 996 धर्मवीर सिंह थाना जसराना फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

# मिशन शक्ति चौपाल में महिलाओं को सुरक्षा व अधिकारों के प्रति किया गया



**अवधनामा संवाददाता**

**सुलतानपुर।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को अखण्डनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बेहरा भारी में महिला जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। अखण्डनगर थाने की महिला मिशन शक्ति टीम ने गांव की महिलाओं को एकत्रित कर शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

चौपाल के दौरान इंस्पेक्टर क्राइम राघवेंद्र यादव और सब इंस्पेक्टर श्री कृष्णा शुक्ला ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज की शक्ति भी है। ऐसे में उन्हें अपने अधिकारों, कानूनों और सुरक्षा से जुड़े साधनों की जानकारी होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न या आपात स्थिति में महिलाएं बिना किसी भय के पुलिस से संपर्क करें। इस अवसर पर महिलाओं को शासन द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090 (वुमेन पावर लाइन), 112 (आपातकालीन सेवा) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा उन्हें इन नंबरों को अपने मोबाइल में सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित किया गया। महिला आरक्षी लक्ष्मी ने उपस्थित महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी समस्या की जानकारी तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं। चौपाल के माध्यम से महिलाओं में सुरक्षा, जागरूकता और आत्मविश्वास का संदेश प्रसारित हुआ, जिससे मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य को नई मजबूती मिली।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**बल्दीराय/सुलतानपुर।** तहसील बल्दीराय क्षेत्र के सुख बड़ेरी के पूरे पंचम शुक्ल गांव स्थित काली माता के स्थान पर श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन से पूर्व रविवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बन गया। पीले वस्त्र धारण किए महिलाएं सिर पर कलश रखकर मंगल गीत गाती हुई चल रही थीं। श्रद्धालुओं की सहभागिता से निकली यह शोभायात्रा पूरे गांव में आकर्षण का केंद्र बनी रही और जगह-जगह लोगों ने श्रद्धा भाव से स्वागत किया। कलश यात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर हनुमान मंदिर, काली माता मंदिर, दुर्गा माता स्थान और सुखदेव बाबा मंदिर तक पहुंची। यात्रा के दौरान विभिन्न मंदिरों पर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की गई। इस अवसर पर दिनेश शुक्ला, राजकरन शुक्ला, सुधाकर, प्रहलाद सिंह, अभिनव वैभव, अंतिम, विवेक शुक्ला, नंदू मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# एटा कासगंज नई रेल लाइन हेतु रेलवे ने आमंत्रित की निविदाए : श्रीकृष्ण गौतम

**अवधनामा संवाददाता**



**टूंडला।** क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि एटा कासगंज नई रेल लाइन हेतु पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर द्वारा निविदाएं आमंत्रित की गई हैं जिसमें सिंगल लाइन के सिविल कार्यों ट्रैक बिछाने विद्युतीकरण टेलीकॉम और सिग्नल संबंधी कार्यो के लिए संयुक्त रूप से निविदाएं आमंत्रित की गई है। इन सभी कार्यो के लिए संबंधित कार्य एजेंसियां 27 अप्रैल से 11 मई तक विड प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद 26 मई को सभी निविदाएं खोली जायेंगी।इस प्रक्रिया के पूर्ण होते ही निर्माण एजेंसी का चयन कर धरातल पर रेल लाइन निर्माण संबंधी कार्य शुरू कर दिए जाएंगे। रेलवे ने इस पूरी रेल लाइन परियोजना को पूर्ण करने के लिए 2027 तक की समय सीमा निर्धारित की है। श्री गौतम ने बताया कि उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र के द्वारा इस परियोजना को विधानसभा चुनाव 2027 से पहले पूर्ण कराए जाने हेतु लिखा था तथा उन्होंने फर्रुखाबाद के सांसद मुकेश राजपूत के द्वारा भी पहल कराई थी। परियोजना 27.284 किलोमीटर लंबाई में होगी जिस पर निर्माण की कुल लागत लगभग 429 करोड़ बजट खर्च किया जाएगा। इस नई रेल लाइन के निर्मित होने के बाद यह देश के सबसे हाई स्पीड दिल्ली हावड़ा रेलवे ट्रैक से लिंक हो जाएगा। कासगंज से जुड़ने के बाद टूंडला, फिरोजाबाद एवं शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन सीधे बरेली होते हुए उत्तराखंड के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से सीधे जुड़ जाएंगे। यह रेलखंड मथुरा हाथरस बरेली और फर्रुखाबाद के कानपुर सेंट्रल रेल खंड से भी जुड़ जाएगा। इसके अलावा फर्रुखाबाद मैनपुरी होते हुए फिर शिकोहाबाद में दिल्ली हावड़ा रेल ट्रैक से लिंक हो जाएगा। लाइन को डेडीकेटेड फ्रॉड कॉरिडोर से भी लिंक करने का भी युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। रेलवे की इस योजना से एटा सीधे देश के माल ढुलाई वाले मुख्य नेटवर्क से जुड़ जाएगा। इससे क्षेत्र में औद्योगिक विकास और लॉजिस्टिक हब बनने की संभावना प्रबल हो गई है। ईस्ट कॉरिडोर से लिंक होने के बाद कृषि उत्पाद और स्थानीय सामान बेहद कम समय में देश के महानगरों और बंदरगाहों तक पहुंच सकेगा। बरहन एटा रेल लाइन को शिवालय टेहू स्टेशन से दिल्ली हावड़ा रेल लाइन स्थित चमरौला स्टेशन के पास से गुजर रहे डीएफसी से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

## 16 मार्च को लगेगा वृहद रोजगार मेला, 100 से अधिक कंपनियां करेंगी भर्ती

**सुल्तानपुर।** जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्री विश्वनाथ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस कलान और जिला सेवायोजन कार्यालय सुल्तानपुर के संयुक्त तत्वावधान में 16 मार्च को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला श्री विश्वनाथ पीजी कॉलेज कलान परिसर में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि मेले में 100 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी और करीब 5000 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में रोजगार मेले में पहुंचकर अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। रोजगार मेले में 8वीं, 10वीं, 12वीं पास, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक और परास्नातक तक की शैक्षिक योग्यता वाले अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के समापन एवं सम्मान समारोह का आयोजन सैलई रोड स्थित ओसियन गार्डन में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नव भारतीय नारी विकास समिति द्वारा किया गया, जिसमें समाज में बाल विवाह जैसी कुरीति को समाप्त करने के लिए कार्य कर रहे आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, समूह सखी, पंचायत सहायक, एएनएम, शिक्षक एवं ग्राम प्रधानों व समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। संस्था द्वारा पिछले कई महीनों से जनपद के लगभग 50 गांवों में लगातार जागरूकता अभियान चलाये जा रहा हैं। इस अभियान के तहत गांवों में चौपाल, स्कूलों, पंचायत भवनों और सामुदायिक स्थलों पर बैठकों व संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया हो, जिनमें ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्परिणाम, उससे संबंधित कानून और बेटियों की शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड की मेंबर श्रीमती संगीता पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का हनन है और इससे लड़कियों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर गहरा असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनते हैं और बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशिष्ट अतिथि आलम मुस्तफा याकूबी (सचिव, इस्लामिक सेंटर) ने कहा कि हर धर्म और समाज बेटियों की इज्जत और शिक्षा पर जोर देता है। बाल विवाह जैसी कुरीतियां समाज के विकास में बाधा बनती हैं। उन्होंने संस्था द्वारा 50 गांवों में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज को सही दिशा देने का काम करते हैं। अपर्णा कुलश्रेष्ठ (प्रोटेक्शन ऑफिसर) ने कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए सरकार द्वारा कड़े कानून बनाए गए हैं, लेकिन इसके साथ-साथ समाज की जागरूकता भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब समुदाय खुद आगे बढ़कर ऐसी कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाता है तो बदलाव तेजी से आता है और यह अभियान उसी दिशा में एक सराहनीय पहल है। ज्ञानी करनैल सिंह (प्रबंधक, गुरुद्वारा) ने अपने विचार रखते हुए कहा कि बेटियां समाज की ताकत हैं और उन्हें शिक्षा तथा आगे बढ़ने के समान अवसर मिलने चाहिए। बाल विवाह से बच्चों का भविष्य प्रभावित होता है, इसलिए इसे रोकना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने संस्था के इस अभियान को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। विपिन कुमार (प्रभारी, एएचटी थाना फिरोजाबाद) ने कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और इसकी जानकारी मिलने पर प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाती है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिले तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते उसे रोका जा सके। इस अवसर पर संस्था की ओर से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पंचायत सहायकों, शिक्षकों, ग्राम प्रधानों एवं अन्य समाजसेवियों को मोमेंटो और पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया गया।

# काछा भिटौरा (बहरिया) गांव में निःशुल्क मोस्ट पाठशाला का हुआ उद्घाटन

**अवधनामा संवाददाता**



**सुलतानपुर।** आज दिनाँक 09-03-2026 को विकास खण्ड मोतिगरपुर के बहरिया, काछा भिटौरा गांव में निःशुल्क मोस्ट पाठशाला का उद्घाटन किया गया। उक्त पाठशाला का संचालन सुदेशा सतीश निषाद एवं जगपाल निषाद के संरक्षण में किया जाएगा। इस अवसर पर गांव के उपस्थित लोगों ने एक स्वर में हर सम्भव निःशुल्क मोस्ट कोचिंग सेंटर की देख-रेख और आवश्यक सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिया। मोस्ट कल्याण संस्थान के निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद गुरुजी ने कहा कि शिक्षा अनमोल है बच्चे सही दिशा में परिश्रम से बुलंदियों को छू सकते हैं लेकिन गाँव-गाँव बच्चों के पठन-पाठन का माहौल बनाने की जिम्मेदारी सभी सामाजिक लोगों को निभानी होगी। उक्त अवसर पर प्रमिला निषाद एवं कंचन निषाद को सचिव मोस्ट महिला विंग तथा कमलावती, मालती एवं शीला निषाद को सदस्य मोस्ट महिला विंग एवं गणेश कुमार निषाद को संयोजक मोतिगरपुर चयनित किया गया। मोस्ट जनरल सेक्रेटरी ने कहा कि मोस्ट कल्याण संस्थान गाँव-गाँव निःशुल्क मोस्ट पाठशालाओं की स्थापना के लिए प्रतिबद्ध है उक्त अनुक्रम में मोस्ट महिला विंग की पदाधिकारी ज्यादा सक्रिय हैं। कार्यक्रम में मोस्ट प्रमुख जीशान अहमद, संयोजक जयसिंहपुर विवेक निषाद, प्रमुख महिला विंग नंदिनी बौद्ध, सह-संयोजक राधा निषाद, सचिव महिला विंग गायत्री निषाद, अंजू निषाद, अनीता, प्रभावती, संगीता, कुसुम, दिलीप बौद्ध सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# हमारे देश के प्रधानमंत्री ने महिलाओं को आरक्षण दिया

**अंतराष्ट्रीय महिला दिवस**

**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर अधिवक्ता परिषद की ओर से महिला अधिवक्ताओं का कार्यक्रम रविवार को सिंचाई विभाग के डाक बंगले स्थित सभागार में आयोजित किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती शारदा पांडे राष्ट्र सेविका समिति अखिल भारतीय अधिकारी एवं मुख्य अतिथि सीमा समृद्धि कुशवाहा एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट एवं विशिष्ट अतिथि राधा रानी प्रशासनिक अधिकारी न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी तथा सरकार का प्रतिनिधित्व जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीमती संध्या रानी बघेल रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजीव कुशवाहा ने की। मुख्य वक्ता शारदा पांडेय ने परिवार प्रबोधन व महिलाओं के संस्कार और प्रगति पथ पर चलने के लिए प्रेरित किया। सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता सीमा समृद्धि कुशवाहा ने अपने विचारों से राष्ट्र में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित किया तथा कुछ रोचक कथाओं से महिलाओं का देश में योगदान बताया। उन्होंने यह भी बताया कि भारत देश की पहली अधिवक्ता कॉर्नेलिया सोराबजी तथा पहली महिला मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश सुचेता कृपलानी थीं और पहली राज्यपाल सरोजिनी नायडू रही थी। जल आकाश और पृथ्वी पर देश की रक्षा के लिए महिलाओं का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने अंत में कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री ने महिलाओं को आरक्षण दिया। विशिष्ट अतिथि राधा रानी ने अधिवक्ताओं को इंश्योरेंस के बारे में बताया तथा महिलाओं के विकास में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे को साकार करने के लिए सरकार का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीमती संध्या रानी ने सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला। महिला अधिवक्ता मंजू शाक्य, संध्या वर्मा, सुरभि उर्फ़ गोपा शुक्ला, ममता यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष अधिवक्ता परिषद् संजीव कुशवाहा एडवोकेट सभी का आभार व्यक्त किया।



### इन महिला अधिवक्ताओं को किया गया सम्मानित

एडवोकेट निधि पाल, नेहा सिंह, साक्षी शर्मा, अर्चना शाक्य, श्वेता शर्मा, काशिफ़ा नाज़, दिशा वाजपेयी, स्वेच्छा शुक्ला, स्नेहलता सिंह, सुधा चौहान, विशाखा पाठक, अनुराधा, ए पी ओ नीरा रानी, प्रीती दुबे, मधु तोमर आदि को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दीक्षा ऐड, ख़ुशबू उपाध्याय, पूजा वोहान, रोज़ी त्रिपाठी, काजल रावत, रुचि यादव, रश्मि टंडन, प्रियंका शर्मा, किरण राज, शिखा दुबे, वंदना शुक्ला, पुष्पारानी, रेखा भदौरिया, रोशनी कुशवाहा आदि महिला उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन ज्योतिराव दूबे, विधि पाल एडवोकेट ने किया।

# विधायक व डीएम ने किया सम्मानित

**अंतराष्ट्रीय महिला दिवस**

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** विधायक सदर श्रीमती सरिता भदौरिया एवं जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में दीप प्रज्वलन व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। प्रदेश स्तर पर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, विभूति खण्ड, गोमतीनगर लखनऊ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री उ0प्र0सरकार की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसका सजीव प्रसारण भी लाभार्थियों द्वारा देखा



गया। सदर विधायक एंव जिलाधिकारी के करकमलों द्वारा जनपद की मेधावी छात्राओं, खेल-कूद एंव अन्य क्षेत्रो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं/महिलाओं को पुरस्कृत एव सम्मानित किया गया जिसमें पुलिस विभाग से सुश्री आयुषी सिंह क्षेत्राधिकारी जसवन्तनगर, सुश्री निर्मला सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना, सुश्री आकाक्षा, साधना सिंह, प्रियंका सिंह, हीरेश चौधरी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, साफिया अकबर, ललितेश, निशा, सुमन, ज्योति शर्मा, राजकुमारी माध्यमिक शिक्षा विभाग, सौम्या तिवारी, कनक, प्रतिभा यादव, शिल्पी रूहम सिंह, नीतू सिंह, प्रीती, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से गीता देवी, माधुरी देवी, सनोज, रश्मि सिंह, संध्या तथा पंचायतीराज विभाग से माडवी मिश्रा. बाल विकास एव पुष्टाहार विभाग से पूजा राजपूत, आरती वर्मा, रजनी प्रभा, कीडा विभाग से संस्कृति वर्मा, टिवकल यादव, मुस्कान, बानी वर्मा, तनिष्का यादव व नगर पालिका परिषद से नीतू, आरती आदि को महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह दिया गया। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थी अनुष्का, काजल बाथम, आयुषी, प्रतिभा सिंह को रू0 5000/-की धनराशि की स्वीकृत प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## एनटीपीसी सिंगरौली में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर परिसर स्थित मनोरंजन केंद्र, शक्तिनगर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संदीप नायक, परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक (एनटीपीसी सिंगरौली) उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रज्ञा नायक, अध्यक्षा (वनिता समाज) ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका, उनके योगदान और सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि संदीप नायक ने महिलाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि आज की महिला हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

# बेसिक विद्यालयों की जनपदीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** भारत स्काउट एवं गाइड के तत्वावधान में राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में परिषदीय विद्यालयों की जिला स्तरीय स्काउट गाइड रैली का आयोजन किया गया। रैली में जनपद के सभी विकास खण्डों से चयनित स्काउट एवं गाइड की एक-एक टीम ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा एवं कौशल का प्रदर्शन किया। रैली के अंतर्गत स्काउटिंग से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई, जिनमें मार्च पास्ट, कलर पार्टी, गाँठें एवं बंधन, प्राथमिक चिकित्सा, कैम्पिंग(टेंट पिचिंग), कुकिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी एवं कैम्प फायर प्रमुख रहीं। प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागियों ने अनुशासन, सेवा भावना, टीम वर्क तथा नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्काउट वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय अहेरीपुर महेवा प्रथम, उच्च प्राथमिक नगला छत्ते जसवंत नगर द्वितीय, उच्च प्राथमिक ताखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया गाइड वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला छत्ते जसवंत नगर ने प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय लुहन्ना बढ़पुरा द्वितीय, उच्च प्राथमिक विद्यालय ताखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैंड प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय बाहुरी बढ़पुरा ने प्रथम एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय बौराइन सैफई ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समस्त विजेता टीमों को समस्त अधिकारियों द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ.राजेश कुमार ने अपने संदेश में कहा कि स्काउट एवं गाइड गतिविधियाँ विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा और नेतृत्व की भावना विकसित करती हैं तथा उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करती हैं।

राजकीय इंटर कॉलेज इटावा के प्रधानाचार्य दीपक सक्सेना ने कहा कि स्काउटिंग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त कानपुर मण्डल मयंक शर्मा द्वारा ने अपने संदेश में कहा कि स्काउट एवं गाइड संगठन युवाओं को सेवा, अनुशासन और समर्पण का मार्ग दिखाता है।

## महिला दिवस पर इनर व्हील क्लब ऑफ हरदोई DOD द्वारा नेत्रदान संकल्प कार्यक्रम



**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** महिला दिवस के अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ हरदोई DOD द्वारा महिला दिवस को प्रेरणादायक स्वरूप देते हुए नेत्रदान संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्लब की कई सदस्याओं ने नेत्रदान का संकल्प लेकर समाज के लिए मिसाल पेश की। कार्यक्रम में समाजसेवी डॉ. सुरेश अग्निहोत्री तथा नेत्र सर्जन डॉ. रमेश अग्रवाल ने नेत्रदान के महत्व, इसकी प्रक्रिया और इससे होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नेत्रदान एक ऐसा महान कार्य है जिससे मरणोपरांत भी किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन में रोशनी लाई जा सकती है। नेत्रदान का संकल्प लेने वाली सदस्याओं में पारुल तिवारी, इंदु शुक्ला, विभा सिंह, अनीता मिश्रा, एडवोकेट हरप्रीत कौर, पूनम त्रिवेदी, रेनू शुक्ला और गीता त्रिवेदी प्रमुख रहीं। क्लब की ओर से सभी को सम्मानित भी किया गया। इसके अलावा सोहिनी दीक्षित, रीना गुप्ता, उमा पाठक, साधना पाठक, कामना पांडे और शिल्पी पांडे ने भी संकल्प पत्र भरकर इस अभियान से जुड़ने का निर्णय लिया। क्लब की प्रेसिडेंट पारुल तिवारी ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ऐसे में नेत्रदान जैसे महान सामाजिक कार्यों में भी उनकी सक्रिय भागीदारी समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति मरणोपरांत दो लोगों की आंखों की रोशनी वापस ला सकता है। इस अवसर पर चार्टर प्रेसिडेंट चित्रा बाजपेयी, सीजीआर अनुराधा मिश्रा, वाइस प्रेसिडेंट इंदु शुक्ला, कोषाध्यक्ष प्रीति तिवारी, शिल्पी रस्तोगी, सीमा गोड़, मंजू वर्मा, निरमा देवी, नीलम सिंह, सोहिनी दीक्षित, अंजू पांडे सहित क्लब की अनेक सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का हरदोई आगमन

**गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की उठाई मांग**



**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का सोमवार को हरदोई जिले के माधौगंज में आगमन हुआ। वह ÷गो प्रतिष्ठार्थ-धर्मयुद्ध शंखनाद÷ अभियान के तहत बनारस से लखनऊ तक यात्रा कर रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य गौमाता को राज्यमाता व राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर समाज को जागरूक करना है।

माधौगंज में पत्रकारों से बातचीत करते हुए शंकराचार्य ने कहा कि यदि गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा नहीं दिया गया तो 11 मार्च को लखनऊ में धर्मयुद्ध शंखनाद किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह संघर्ष पूरी तरह वैचारिक होगा। अपने संबोधन में उन्होंने भारत को ज्ञान और धर्म की भूमि बताते हुए कहा कि यहां व्यक्ति अपने कर्मों से पुण्य और पाप अर्जित करता है। उन्होंने हरदोई को पौराणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह क्षेत्र हिरण्यकश्यप की भूमि के रूप में जाना जाता है, जिसका उल्लेख भागवत कथा में भी मिलता है। गौसंरक्षण के मुद्दे पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि पिछली पशुधन गणना के अनुसार देश में गायों की संख्या में करीब 15 से 20 लाख तक की कमी आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर गायों की संख्या घट रही है, वहीं दूसरी ओर गौहत्या से जुड़ी कंपनियों से इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए राजनीतिक चंदा लेने की बातें सामने आ रही हैं।

शंकराचार्य ने कहा कि यदि गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा नहीं दिया गया तो 11 मार्च के बाद वैचारिक स्तर पर बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस धर्मयुद्ध में कोई तीर, बाण या मिसाइल नहीं चलेगी, बल्कि असली और नकली हिंदुओं के बीच वैचारिक संघर्ष होगा।

उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल धर्म का कार्य करना है, उन्हें राजनीति की आवश्यकता नहीं है। जो भी गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देगा, वह उसका समर्थन करेंगे।

इस दौरान उन्होंने बिहार के एक मौलाना द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां पर दिए गए विवादित बयान की भी निंदा की। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति की मां के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करना गलत है। योगी आदित्यनाथ की मां भी हमारी मां के समान हैं और किसी भी मां के लिए अपमानजनक शब्द कहना उचित नहीं है।

## हिंडाल्को रेणुकूट में सुरक्षा सप्ताह के दौरान व्यावहारीक सुरक्षा बीबीएसओ प्रतियोगिता आयोजित



**सोनभद्र/रेणुकूट (अवधनामा संवाददाता)** सुरक्षा सप्ताह के दौरान व्यावहारिक सुरक्षा बीबीएओ प्रतियोगिता संविदाकार श्रमिकों के लिए ट्रेनिंग सेन्टर में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में संविदाकार श्रमिकों की कुल 4 टीमों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का संचालन सैफुल्ला खालिद ने किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक प्रदीप्ता मिश्रा, बनोज पन्डा, तपन पाल, सुरेश शुक्ला, सुनील मिश्रा रहे। इस प्रतियोगिता में मेसर्स अनीता स्क्रैप के सुरेश शर्मा ने प्रथम स्थान, मेसर्स अनीता स्क्रैप के सुनील कमार शाह ने द्वितीय स्थान व मेसर्स चन्द्रा इलेक्ट्रिकल के सुनील यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में बनोज पन्डा ने विजेता टीम की घोषणा की एवं राजेन्द्र प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन किया। प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों एवं संविदा श्रमिकों ने प्रतियोगियों का उत्साहवर्धन किया।

# सर्व समाज मुसाफिर खाने में हुआ रोज़ा इफ्तार



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** शहर के पक्का तालाब स्थित सर्व समाज मुसाफिर खाने में अठारह रमज़ान मुबारक को व्यापार मंडल के ज़िला उपाध्यक्ष हाजी हन्नान चाँद मंसूरी की ओर से रोज़ा इफ्तार का आयोजन किया गया जिसमे शहर के उलमाए इकराम, मस्जिदों के पेश इमाम साहिबान व काफी संख्या में रोज़ेदारों ने इफ्तार में भाग लिया। इफ्तार से पूर्व रोज़ेदारों ने मुल्क की सलामती के वास्ते खुदा तआला की बारगाह में हाथ उठाकर दुआये की। इफ्तार के बाद मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी ने रोज़ा इफ्तार में मौजूद सभी लोगों को नमाज़ पढ़ाई और सभी के हक़ में दुआये की। इस मौके पर हाजी नईम उद्दीन मंसूरी, फारुख अंसारी, हाजी फईमुद्दीन मंसूरी गुड्डू वारसी, रौनक इटावी, हाजी अज़ीम वारसी, आलोक दीक्षित, गुफरान अहमद, एडवोकेट ज़ियाउल हक़, नूरुद्दीन मंसूरी, डॉ.शहाबुद्दीन, कामिल कुरैशी, अख्तर मंसूरी, तस्लीम मंसूरी एडवोकेट, फरहान शकील, कासिम फारूकी, दिलशाद चिश्ती, उमर वारसी, शेख आफताब, रियाज़ अहमद, शेख नबाव आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/डाला।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड डाला सीमेंट वर्क्स के सी एस आर कार्यक्रमों के अंतर्गत स्किल ट्रेनिंग सेंटर में मनाया गया विश्व महिला दिवस साथ ही वितरित किए गए ब्यूटीशियन प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र इकाई प्रमुख संदीप हिवरेकर के दिशा निर्देशन में महिला दिवस एवं त्रैमासिक ब्यूटीशियन प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विंध्या लेडिज क्लब की अध्यक्षा श्रीमती प्रिया हिवरेकर, प्राची जैन, एडमीन प्रमुख पियुश शुक्ला, एच आर प्रमुख विजया लक्ष्मी शुक्ला, डॉ0 आयुशी, पूनम जी एवं अन्य गणमान्य थे। प्रिया हिवरेकर ने महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामना दी। उन्होंने बताया की अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड डाला द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों जैसे सिलाई, ब्यूटीशियन, कंप्यूटर आदि जैसे प्रशिक्षण का लाभ डाला एवं आस पास के क्षेत्र के ग्रामीण युवाओं को दिया जा रहा है। वही ब्यूटीशियन प्रशिक्षण प्राप्त करनेवाली प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए उन्होंने शुभकामना दी एवं भविष्य मे प्रशिक्षण का लाभ लेकर कार्य करने की सलाह दी। प्राची जैन, पीयूष शुक्ला, विजया लक्ष्मी शुक्ला, डॉक्टर आयुषी, पूनम जी ने महिलाओं को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामना दी एवं महिला सशक्तिकरण की बधाई देते हुए आर्थिक स्वावलंबन की बात कही।

## मारपीट कर युवक पर चाकू से हमला, तीन नामजद

**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांचा में दुकान पर बैठे एक युवक पर तीन लोगों ने हमला कर मारपीट कर दी। आरोप है कि हमलावरों में से एक ने चाकू से वार कर युवक को घायल कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम मांचा निवासी जावेद अली पुत्र रहमत अली ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि बीती शाम वह गांव में गंगा की दुकान पर बैठा था। तभी गांव के कुददूस अली, मजहर अली और असगर अली वहां पहुंचे और उस पर हमला कर मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान असगर अली ने चाकू से उसकी पीठ पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बिवांर में होली मिलन समारोह, फाग गायन और फूलों की होली ने मोहा मन



**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** कस्बा बिवांर में होली मिलन समारोह के अवसर पर संस्कार धाम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय कलाकारों ने बुंदेलखंड की प्रसिद्ध फाग गायन प्रस्तुत कर वातावरण को होली के रंग में रंग दिया। वहीं फूलों की होली ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेता राजदीप सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार हमारी संस्कृति की रीढ़ है और यह पर्व हमें अनेकता में एकता का संदेश देता है। समारोह में मुस्करा ब्लॉक प्रमुख वीर नारायण राजपूत, अजयपाल राजपूत, भाजपा मंडल अध्यक्ष शक्ति चौरसिया, सचिन सिंह, पंकज शिवहरे, सिद्धार्थ मिश्रा, अभिनंदन सिंह भदौरिया, कामता सिंह जादौन, मृदुलकांत पाठक, सर्वर खान, भरत विश्वकर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) ने ब्लॉक कार्यालय का किया निरीक्षण



**भरुआ सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) सुरेश चंद्र यादव ने सोमवार को ब्लॉक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय के विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर अभिलेखों की स्थिति की जांच की। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि सभी अभिलेखों को सुव्यवस्थित और सुरक्षित ढंग से रखा जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें आसानी से देखा जा सके। उन्होंने कार्यालय की साफ-सफाई और कार्यप्रणाली को बेहतर बनाए रखने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख जयनारायण सिंह यादव, खंड विकास अधिकारी आशीष कटियार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप, ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से जांच की मांग की

**हमीरपुर/अवधनामा संवाददाता।** कुरारा विकासखंड के टोडरपुर गांव जाने वाली सड़क के निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि लगभग तीन किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण कार्यदाई संस्था द्वारा मानकों के विपरीत किया जा रहा है। आरोप है कि पुरानी सड़क के मलबे को जेसीबी से खोदकर नीचे की परत में बिछाया जा रहा है और ऊपर से लेबलिंग की जा रही है। साथ ही गिट्टी की मात्रा भी कम डाली जा रही है, जिससे सड़क की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इसी प्रकार निर्माण कार्य जारी रहा तो बरसात में सड़क ध्वस्त हो सकती है। उन्होंने मजबूत सड़क निर्माण कराने की मांग की है। शिकायती पत्र पर ग्राम प्रधान शकुंतला देवी सहित कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

# महिलाएं समाज की शक्ति और प्रगति की आधारशिला हैं: आशीष




**अवधनामा संवाददाता**

**अनपरा,/सोनभद्र।** हिन्डाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुपावर डिवीजन रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह के मार्गदर्शन में ग्रामीण विकास विभाग रेनुसागर के तत्वावधान में दिशिता महिला मंडल रेनुसागर के कार्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्रामीण महिलाओं के सम्मान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेड एचआर आशीष पांडेय ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के सम्मान में अपने सम्बोधन में कहा कि महिलाएं समाज की शक्ति और प्रगति की आधारशिला हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समानता के प्रति समाज की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। श्री पांडेय ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति का सही आकलन वहां की महिलाओं की स्थिति से किया जा सकता है। इसलिए महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहें। विशिष्ट अतिथि ईआर हेड मृदुल भारद्वाज ने हिन्डाल्को रेनुसागर सीएसआर द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के उत्थान, कौशल विकास और सामाजिक जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल से महिलाओं को सशक्त बनने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं परिवार ही नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास की भी मजबूत आधारशिला हैं। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, शिक्षा एवं कौशल विकास को अपनाने तथा समाज में अपनी सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।

## 14 मार्च को होने वाली लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा

**हमीरपुर।** आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत के सफल संचालन को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा लोक अदालत में निस्तारण के लिए चिन्हित वादों की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ विभागों ने लोक अदालत में निस्तारण के लिए पर्याप्त संख्या में वाद चिन्हित किए हैं, जबकि कुछ विभागों द्वारा अपेक्षाकृत कम वाद चिन्हित किए गए हैं। इस पर अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए बड़ी संख्या में वाद चिन्हित किए जाएं। बैठक में यह भी कहा गया कि जिला मुख्यालय एवं विभिन्न तहसीलों में ऐसे स्थानों पर लोक अदालत के प्रचार-प्रसार की व्यवस्था की जाए जहां आम लोगों की अधिक आवाजाही रहती है, जैसे न्यायालय परिसर, कलेक्ट्रेट, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, हाट-बाजार, तहसील मुख्यालय और बैंक आदि। बैठक में उपजिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता, टेलीकॉम विभाग से एओ अमर महरोत्रा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# एनटीपीसी विंध्याचल में 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल में 7 मार्च 2026 को उमंग भवन में 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस ÷इंगेज, एजुकेट एवं इंपॉवर पीपल टू इन्हेंस सेफ्टी÷ थीम के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक ( प्रचालन एवं अनुरक्षण) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एम. सुरेश, महाप्रबंधक (मेंटेनेंस एवं एडीएम), सतेंद्र कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), देवब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएं), रूमा डे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) तथा ज्ञान सिंह भाटी, उप कमांडेंट (सीआईएसएफ) सहित वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं संविदा कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद एनटीपीसी गीत एवं सुरक्षा शपथ दिलाई गई, जिससे सभी ने कार्यस्थल पर सुरक्षा के सर्वोच्च मानकों का पालन करने का संकल्प लिया। अपने संबोधन में ए. जे. राजकुमार ने स्टेशन की सुरक्षा उपलब्धियों एवं सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ करने के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करने के लिए निरंतर सुधार और सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व पर भी जोर दिया। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर कर्मचारियों, उनके परिवारजनों एवं संविदा कर्मियों के लिए सुरक्षा क्विज, स्टोरी राइटिंग, सुरक्षा गीत और सुरक्षा वीडियो निर्माण जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर सुरक्षा के प्रति जागरूकता और सहभागिता को बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान स्टेशन में उत्कृष्ट सुरक्षा कार्यों को भी सम्मानित किया गया। हाउसकीपिंग एक्सीलेंस, सेफ जोन प्रतियोगिता, विभागीय हाइरा समीक्षा, सुरक्षा सुझाव तथा सुरक्षा के प्रति सजग एजेंसियों एवं संविदा कर्मियों सहित विभिन्न श्रेणियों में लगभग 250 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल परिवार की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जिसने संगठन की प्रत्येक कार्यप्रणाली में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया।

# फरवरी में यूपी का राजस्व 415 करोड़ बढ़ा: सुरेश खन्ना

- जीएसटी समेत कर राजस्व में बढ़ोतरी
- राजस्व प्राप्ति में पिछले साल से बढ़त

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के फरवरी माह में कुल रू. 18412.25 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के फरवरी माह में रू. 17997.07 करोड़ राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में वर्तमान वित्तीय वर्ष के माह फरवरी में रू. 415.18 करोड़ राजस्व अधिक प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि कर राजस्व वाली मदों के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह फरवरी तक रू. 196653.27 करोड़ की प्राप्ति हुई है। जो वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह फरवरी तक निर्धारित लक्ष्य का 73.2 प्रतिशत है।

वित्त मंत्री ने बताया कि जी.एस.टी. के अन्तर्गत माह फरवरी, 2026 में कुल रू. 7202.36 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष फरवरी, 2025 के माह में प्राप्ति रू. 6847.67 करोड़ रही थी। वैट के अन्तर्गत माह फरवरी, 2026 में रू. 2525.87 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह फरवरी, 2025 में प्राप्ति रू. 2530.76 करोड़ रही थी। आबकारी के अन्तर्गत माह फरवरी, 2026 में कुल रू. 4503.68 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह फरवरी, 2025 में प्राप्ति रू. 4928.72 करोड़ रही थी। स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत माह फरवरी, 2026 की राजस्व प्राप्ति रू. 2731.95 करोड़ है जबकि गत वर्ष माह फरवरी, 2025 में प्राप्ति रू. 2305.25 करोड़ रही थी। परिवहन के अन्तर्गत माह फरवरी, 2026 की राजस्व प्राप्ति रू. 1076.38 करोड़ है जबकि गत वर्ष माह फरवरी, 2025 में प्राप्ति रू. 923.40 करोड़ रही थी। करेत्तर राजस्व की प्रमुख मद भू-तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत माह फरवरी, 2026 में प्राप्ति रू. 372.01 करोड़ है जबकि गत वर्ष माह फरवरी, 2025 में प्राप्ति रू. 461.27 करोड़ रही थी। सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह फरवरी तक कर राजस्व के अंतर्गत कुल रू. 196653.27 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। जो माह फरवरी 2026 तक निर्धारित लक्ष्य रू. 268575.78 करोड़ के सापेक्ष 73.2 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि राज्यकर के अंतर्गत माह फरवरी तक राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य रू. 159695.88 करोड़ के सापेक्ष रू. 103767.62 करोड़ की प्राप्ति हुई है, जो इस अवधि तक निर्धारित लक्ष्य का 65 प्रतिशत है। आबकारी मद के अंतर्गत इस अवधि तक निर्धारित लक्ष्य रू. 57500.00 करोड़ के सापेक्ष रू. 48452.85 करोड़ की प्राप्ति हुई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 84.3 प्रतिशत है। स्टाम्प तथा निबंधन के अंतर्गत फरवरी माह तक राजस्व प्राप्ति निर्धारित लक्ष्य रू. 34753.00 करोड़ के सापेक्ष रू. 29869.75 करोड़ की प्राप्ति हुई है, जो लक्ष्य का 85.9 प्रतिशत है। परिवहन मद में निर्धारित लक्ष्य रू. 12664.40 करोड़ के सापेक्ष रू. 11139.77 करोड़ की प्राप्ति हुई है जो 88 प्रतिशत है।

## 'प्रोजेक्ट गंगा' से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर, गांव-गांव पहुंचेगा हाई-स्पीड इंटरनेट

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार डिजिटल कनेक्टिविटी के साथ रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल कर रही है। इसी क्रम में 'प्रोजेक्ट गंगा' के तहत प्रदेश में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन और हिंदुजा ग्रुप की सहायक कंपनी वनओटीटी एंटरटेनमेंट लिमिटेड के बीच एमओयू साइन किया गया। इस परियोजना के तहत अगले 2-3 वर्षों में 20 लाख से अधिक घरों तक हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि न्याय पंचायत स्तर पर 8,000 से 10,000 स्थानीय युवाओं को डिजिटल सेवा प्रदाता के रूप में विकसित किया जाएगा। इनमें लगभग 50 प्रतिशत भागीदारी महिलाओं की सुनिश्चित करने की योजना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं का विस्तार होने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर भी सृजित होंगे। इसके साथ ही परियोजना के माध्यम से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से एक लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## ए.के. शर्मा ने की जनसुनवाई

- जनसुनवाई में समस्याओं के निस्तारण के निर्देश
- मंत्री शर्मा ने अधिकारियों को दिए निर्देश

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने लखनऊ स्थित अपने आवास पर जनसुनवाई कर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी व्यक्तिगत एवं क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर पहुंचे। मंत्री शर्मा ने सभी की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक मामले का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान विद्युत कनेक्शन, विद्युत बिल सुधार, साफ-सफाई की व्यवस्था, सड़क निर्माण, जलनिकासी तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े कई मामले सामने आए। मंत्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आमजन को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार और प्रशासन से उम्मीद रखती है, इसलिए अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे पूरी संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से इधर-उधर भटकना न पड़े। मंत्री शर्मा ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका प्रभावी समाधान करना है। इससे प्रशासन और जनता के बीच संवाद मजबूत होता है और समस्याओं का समाधान भी तेजी से हो पाता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित प्रकरणों की नियमित समीक्षा भी की जाए।इस अवसर पर मंत्री शर्मा ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े कार्यों में तेजी लाई जाए।

## हजरत अली की शहादत की याद में मजलिस आयोजित

**लखनऊ।** ऐनुल हयात ट्रस्ट की ओर से माहे मुबारक रमजान में आयोजित की जा रही दीन और हम क्लासेज में हजरत अली की शहादत की याद में मजलिस आयोजित की गयी। मजलिस में उलमा ने हजरत अली की सीरत, फजीलत और अजमत का जिक्र करते हुए शहादत का मंजर बयान किया। मजलिस का आगाज तिलावते कलामे पाक से हुआ, जिसके बाद हजरत अली की याद में नौहे पेश किये गये। सआदतगंज स्थित मिलन मैरिज हॉल में मौलाना यासिर हुसैन, एन.के. पैलेस में मौलाना अकील अब्बास मारूफी, नैपियर रोड स्थित अलमास मैरिज हॉल में मौलाना मुशाहिद आलम और मौलाना अली हादी, विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित गोल्डन पैलेस में मौलाना अली अब्बास खान ने मजलिस को खिताब करते हुए हजरत अली की सीरत, शिक्षाओं और आदर्शों का जिक्र किया। उलमा ने कहा कि हजरत अली रमजान की मुबारक रातों में खुद लोगों को इफ्तार और भोजन कराते थे और उपदेश देते थे। इतिहास में मिलता है कि वे खुद साधारण भोजन करते थे, लेकिन दूसरों को भरपूर खिलाते थे और उनके मार्गदर्शन के लिए उपदेश दिया करते थे।

# अकीदत के साथ निकला गिलीम के ताबूत का जुलूस

- हैदर मौला-या अली मौला की गूंजीं सदाएं
- ताबूत देखते ही हर आंख थी अश्कबार

अवधनामा ब्यूरो



### इमामबाड़ा अबुतालिब में ताबूत की जियारत आज

इमामबाड़ा अख्तर हुसैन हसन पुरिया में मंगलवार को रात 9 बजे मजलिस होगी। मजलिस के बाद ताबूत की जियारत होगी। अंजुमन गुंचाए मजलूमियां की ओर से इस साल भी इमामबाड़ा अबुतालिब हसन पुरिया में मंगलवार मजलिस होगी। अंजमुन के सचिव इमरान अख्तर ने बताया कि मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद रात 11 बजे खिताब करेंगे। मजलिस के बाद ताबूत की जियारत होगी व अंजुमन नौहाख्वानी करेंगी।

**लखनऊ।** अमीर-उल-मोमेनीन हजरत अली (अ.स.) को जरबत (तलवार) मारे जाने की याद में सोमवार को तड़के बड़ी अकीदत के साथ गिलीम में ताबूत का जुलूस निकाला गया। जिसमें में हजारों पुरूषों के अलवा पर्दानशीन महिलाओं व बच्चों ने काले लिबास पहने शिरकत की। मस्जिदे कूफा काजमैन से निकाला गया यह ताबूत इमामबाड़ा हकीम सैयद मोहम्मद तकी ले जाया गया। जुलूस को निकलवाने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किया गये थे। जुलूस से पूर्व सुबह 5.07 बजे मस्जिद में कारी ताहिर जाफरी ने फज्र की अजान दी। अजान होते ही मस्जिद परिसर नमाजियों से खचा-खच भर गया। मौलाना जहीर अहमद ने नमाजे जमाअत पढ़ायी। इसके बाद मौलाना मुत्तकी जैदी ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने जब 19वीं रमजान को हजरत अली (अ.स.) पर सुबह की नमाज के दौरान अब्दुर्रहमान इब्ने मुल्जिम ने जहर से बुझी तलवार से वार करने का मंजर बयान किया तो अजादार रोने लगे। मजलिस के बाद जैसे ही कंबल में लिपटा ताबूत बाहर आया तो अजादार ताबूत का बोसा लेने लगे। अब यह ताबूत अपनी मंजिल के लिए बढ़ने लगा। जुलूस के आगे जुलूसे शबीह ताबूत का काला बैनर चल रहा था और मर्सियाख्वानी हो रही थी। मर्सियाख्वानी और आंसुओं के साथ यह जुलूस मंसूर नगर, गिरधारी सिंह इंटर कालेज, संजीवनी अस्पताल बिल्लौचपुरा होते हुए नक्खास होते हुए पाटानाला के पास पहुंचा। जहां पुरुषों ने ताबूत महिलाओं को सौंप दिया जिसे वह इमामबाड़ा हकीम सैयद मोहम्मद तकी में ले गयी। जुलूस के साथ हजरत अब्बास (अ.स.) के अलम भी थे। रास्ते के दोनों ओर ताबूत की जियारत करने वालों का हुजूम था। ताबूत देख हर आंख से आंसू जारी हो जाते थे। इसके बाद अलविदायी मजलिस हुई। जिसे मौलाना मीसम जैदी ने खिताब किया। मजलिस खत्म होते ही सीनाजनी के साथ हैदर मौला-या अली मौला की आवाजे गूंजने लगी।

## ...आलमे शबे जरबत ऐ मोमिनों आयी है

### कल सुबह निकलेगा 21वीं रमजान का जुलूस

हजरत अली (अ.स.) की शहादत की याद में बुधवार को सुबह 3 बजे रौजाए शबीह नजफ़ रुस्तम नगर में 21वीं रमजान के जुलूस की अलविदायी मजलिस को मौलाना यासूब अब्बास खिताब करेंगे। मजलिस के बाद महिलाएं ताबूत को रौजे से उठाकर पुरूषों को सौंप देंगी। जुलूस यहां से निकल कर छोटे साहब आलम रोड, कर्बला दियानुतदौला, काजमैन, मंसूर नगर तिराहा, गिरधारी सिंह इंटर कालेज, संजीवनी अस्पताल से दाहिने मुड़कर हैदरगंज, बुलाकी अड्डा होते हुए कर्बला तालकटोरा पहुंचेगा जहां ताबूत को दफ्न किया जायेगा। अजादार दिन भर कर्बला पहुंच कर हजरत अली (अ.स.) की तुरबत पर फातेहा पढ़ेंगे।

लखनऊ । हजरत इमाम अली (अ.स.) की शहादत के गम में शहर में हैदर मौला-या अली मौला की सदाएं गूंजती रहीं। इमाम का गम मनाने के लिए शियों ने काले लिबास पहन लिए। जगह-जगह मजलिसों व मातम का आयोजन करके उनकी शहादत का गम मनाया जा रहा है। जहां आज सुबह से ही पुरूषों व बच्चे ने विभिन्न कर्बलाओं व इमामबाड़ों में होने वाली मजलिसों में शिरकत की,वहीं महिलाओं ने घरों में नौहाख्वानी की। हर एक घर में यह नौहा पढ़ा गया। आलमे शबे जरबत ऐ मोमिनों आयी है, तारीक सी दुनिया पर हर सिम्त को छायी है,19वीं रमजान को शब भर मेरे मौला ने तकिये पर सर न रखा और नींद न आयी है। अजाखाने अख्तर हुसैन हसनपुरिया में महिलाओं की मजलिस को जाकिरा फिज्जा फातिमा ने खिताब किया। इसके बाद ताबूत की जियारत करायी गयी। ताबूत की आयोजक शीबा जैदी ने ताबूत में आयी सभी का शुक्रिया अदा किया। आज सुबह नजफ में हजरत अली (अ.स.) का ताबूत सजा दिया गया। जिसे हसन मिर्जा के ताबूत के नाम से जाना जाता है। आज यहां मौलाना अम्मार काजिम जरवली व मीसम जैदी ने मजलिस को खिताब किया। सुबह से देर रात तक पुरूषों ने ताबूत की जियारत की और अंजुमन गुंचाए मजलूमिया, काजमिया आबिदया, रौनके दीने इस्लाम और फिरदौसिया आदि ने नौहाख्वानी व मातम किया। इमामबाड़ा लाडो खानम नक्खास व काजमैन में मौलाना मीसम जैदी, हसन पुरिया स्थित अजाखाना जफर रजा और अजाखाना कमर हुसैन में मौलाना सैफ अब्बास ने मजलिस को खिताब करते हुए हजरत अली को नमाज़ पढ़ने के दौरान मारी गई तलवार का मंजर बयान किया तो अजादार रोने लगे।

## 52 मार्गों के चालू कार्यों हेतु 11 करोड़ 74 लाख अवमुक्त

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** उ0प्र0 सरकार द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत मीरजापुर मण्डल के विभिन्न जनपदों के कुल 52 मार्गों के स्वीकृत एवं चालू कार्यों हेतु 11 करोड़ 74 लाख 35 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च 2026 तक कर लिया जाय एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को 30 अप्रैल 2026 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि कार्यों की वित्तीय/भौतिक प्रगति का सक्षम स्तर पर सम्यक निरीक्षण/सत्यापन कर प्रगति रिपोर्ट हर माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

## यौमे अली जलसे का आयोजन

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** मरकजी जमीयतुल हुफ्फाज की ओर से अकबरी गेट स्थित मस्जिद एक मीनारा में यौमे अली जलसे का आयोजन हाफिज अब्दुर्रशीद की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जलसे का आगाज तिलावते कलामे पाक से कारी मोहम्मद नोमान ने किया। जलसे को खिताब करते हुए हाजी कारी मोहम्मद सिद्दीक ने कहा कि शेरे खुदा फातहे खैबर साहिबे जुल्फिकार, अमीरुलमोमिनीन हजरत अली मुर्तजा जलीलुलकद्र और साहिबे फजाएल सहाबिए रसूल हैं। कारी सिद्दीक ने कहा कि हजरत अली गरीबों, मिस्कीनों और यतीमों का बहुत ख्याल करते थे। हजरत अली हमेशा अहले दीं की ताजीम करते थे और सहाबए कराम के मरातिब का बड़ा ख्याल रखते थे। हजरत अली फैसले बहुत उम्दा करते थे। कोई कमजोर आपके फैसले से मायूस नहीं होता था। हजरत अली फरमाते थे कि ईमान की अलामत यह है कि जहां सच बोलने से नुकसान हो वहां भी सच बोला और कभी किसी का ऐब मत बयान करो, खुद को सबसे कमतर समझो। यही इस्लाम की तालीम है। उन्होंने हजरत अली की शहादत बयान की।

## डॉ. अंबेडकर क्रीड़ा संकुल में बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता शुरू

**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** प्रभु राम की जन्मस्थली अयोध्या की पावन धरा पर बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 36वीं राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने डाभासेमर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं गुब्बारे उड़ाकर किया। इस अवसर पर मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि खेल बच्चों के जीवन में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास तक सीमित नहीं हैं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा की

- लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश
- विश्वविद्यालयों की प्रगति पर मंत्री कश्यप की समीक्षा
- पात्र लाभार्थियों तक योजनाएं पहुंचाने पर जोर

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** योगी सरकार दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग के सर्वांगीण सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योजनाबद्ध और परिणामोन्मुखी ढंग से कार्य कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को सचिवालय स्थित नवीन भवन में प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, वित्तीय उपलब्धियां तथा लाभार्थियों तक पहुंच की स्थिति का विस्तृत आकलन किया गया।

बैठक में मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शी, समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचे। इस प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक के दौरान डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि ये दोनों विश्वविद्यालय दिव्यांगजन के लिए उच्च शिक्षा के महत्वपूर्ण केंद्र हैं और इन्हें और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडल स्तर पर कार्यशालाएं, जागरूकता कार्यक्रम और प्रचार-प्रसार अभियान चलाकर इन विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक सुविधाओं, पाठ्यक्रमों और अवसरों की जानकारी दिव्यांग छात्रों तक पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा से जुड़ सकें। इसके साथ ही उन्होंने दोनों विश्वविद्यालयों में रिक्त शिक्षकीय पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

## ब्रिक ऑन एज सोलिंग परियोजना कार्य लिए 05 करोड़ मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने जनपद हरदोई के अन्तर्गत हरदोई शाखा के किमी0 170.100 से किमी0 200.000 के मध्य दायी पटरी पर ब्रिक ऑन एज सोलिंग परियोजना कार्य लिए 05 करोड़ 45 लाख 19 हजार रुपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी हैं। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

## कृषि योजनाओं के लिए 108 करोड़ मंजूर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में कृषि क्षेत्र के विकास और कृषकों की समृद्धि के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कुल 108.39 करोड़ रुपये (10839.17 लाख रुपये) की महत्वपूर्ण वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की गई हैं। यह धनराशि विभिन्न केंद्रीय और राज्य प्रायोजित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवंटित की गई है, जिससे प्रदेश में उन्नत कृषि तकनीकों और सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा मिलेगा। सरकार द्वारा जारी की गई वित्तीय स्वीकृतियों में नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलॉजी योजना के अंतर्गत संचालित श्सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन मैकेनाइजेशन हेतु सर्वाधिक 40.89 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी क्रम में, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेड्यूज योजना के मानक मद-27 (सब्सिडी) हेतु 35.75 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

# एमएसएमई के लिए डिजिटल मार्केटिंग प्रबंधन विकास कार्यक्रम का उद्घाटन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के उद्यमिता विकास केंद्र ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए डिजिटल मार्केटिंग पर एक सप्ताहीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम (MDP) का आज भव्य उद्घाटन भाषा विश्वविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से आगंतुक अथितियों ने दीप प्रवलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष प्रो हैदर अली ने कहा, आज के दौर में डिजिटल मार्केटिंग एमएसएमई के लिए अनिवार्य है। विश्वविद्यालय उद्यमिता माइंडसेट विकसित करने के लिए निरंतर कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा. प्रो हैदर ने कहा कि विश्वविद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम नौकरी से उद्यमिता की ओर माइंडसेट बदलाव को गति देगा। मुख्य अतिथि एमएसई के राजन यादव ने एमएसएमई के पांच स्तंभों-क्रेडिट गारंटी, वेंडर डेवलपमेंट, तकनीकी उन्नयन, उद्यमिता एवं कौशल विकास का उल्लेख करते हुए जोर दिया कि जो दिखता है, वही बिकता है। प्रख्यात जूट उद्यमी एवं जूट फॉर लाइफ की संस्थापक श्रीमती अंजली सिंह विशेष अतिथि रहीं, जिनकी प्रेरक यात्रा ने उपस्थित प्रतिभागियों को प्रभावित किया।अंजली सिंह ने जूट के व्यवसाय को डिजिटल मार्केटिंग के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. नीरज शुक्ला ने की। जबकि धन्यवाद डॉ जैबुन निशा ने दिया, आयोजन समिति में डॉ मनीष कुमार और आफरीन फातिमा सहित प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# रमज़ानः सवालों के जवाब

## मौलाना सैफ अब्बास नकवी की अध्यक्षता में सवालों के जवाब



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से हेल्पलाइन पर सुबह 10 से 12 बजे तक सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9415580936. 9839097407 तथा महिलाओं के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सम्पर्क किया जा सकता है। हेल्पलाइन पर मौलाना सैफ अब्बास नकवी की अध्यक्षता में उलमा का पैनल सवालों के जवाब देता है।

**सवाल-** जो शहर में रहता है और मवेशियों की जगह गाड़ी से चलता है तो क्या गाड़ी की जकात दी जाएगी?

**जवाब-** गाड़ी पर जकात वाजिब नहीं है।

**सवाल-** कोई रोजे की हालत में इन्हेलर कैप्सूल डाल कर इस्तेमाल करता है तो क्या रोजा टूट जाएगा?

**जवाब-** अगर दवा सांस की नली में जा रही है तो रोजा नहीं टूटेगा लेकिन खाने की नली में जाने से रोजा टूट जाएगा।

**सवाल-** क्या ऐतिकाफ रमजान के महीने के अलावा दूसरे महीनों में भी हो सकता है?

**जवाब-** ऐतिकाफ रमजान के अलावा दूसरे महीनों में भी हो सकता है।

सवाल- क्या शबे-कद्र में सौ रकअत नमाज पढ़ना जरूरी है?

**जवाब-** शबे-कद्र में सौ रकअत नमाज पढ़ना बहुत सवाब का काम है चाहे कजा नमाज ही इसमें पढ़ें।

### मैं नमाज के दौरान कुनूत भूल गया क्या नमाज सही है ?

मजलिस उलमा-ए-हिन्द की ओर से रमजान हेल्पलाइन पर पुरुष मोबाइल नम्बर 9833028596 तथा महिलाएं मोबाइल नम्बर 7390026883 पर व्हाट्सएप के जरिए सवाल पूछ सकते हैं।

**सवाल-** क्या शबे-कद्र में छह दिन की नमाज एक साल की कजा नमाजों को पूरा कर देती है?

**जवाब-** नहीं, छह दिन की कजा नमाज सिर्फ छह दिन की ही अदायगी करेगी।

**सवाल-** मैं नमाज के दौरान कुनूत भूल गया क्या नमाज सही है?

**जवाब-** कुनूत मुस्तहब है, उसके छूटने से नमाज बातिल नहीं होगी।

**सवाल-** नमाज के दौरान कुछ ऐसा हुआ कि बेअख्तियार हंसी निकल गयी तो क्या हुक्म है?

**जवाब-** हंसी के साथ आवाज हो तो नमाज बातिल होगी भले बेअख्यितार हो लेकिन अगर हंसी में कोई आवाज न हो तो नमाज सही होगी।

**सवाल-** सफर के दौरान कस्र नमाज अदा करने का इरादा था, नमाज में ख्याल आया कि 10

## इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से हेल्पलाइन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित हेल्पलाइन पर मोबाइल नम्बर 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774 तथा ई-मेल ramzanhelpline@gmail.com पर सवाल पूछ सकते हैं। हेल्पलाइन पर इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद की अध्यक्षता में उलमा पैनल सवालों के जवाब देता है।

**सवाल-** ऐतिकाफ की शरई हैसियत क्या है और किन लोगों पर है?

**जवाब-** ऐतिकाफ सुन्नते मोअक्किदा है और मोहल्ले के लोगों की जिम्मेदारी है, लेकिन एक आदमी भी कर ले तो काफी होगा।

**सवाल-** शबे-कद्र में कौन सी इबादत करना चाहिए?

**जवाब-** नफल पढ़ी जाएं, तिलावते कलामे पाक, बेहतर है कजा-ए-उमरी अदा करें और ज्यादा से ज्यादा दुआ मांगें।

**सवाल-** सोने-चांदी के जेवर की जकात किस रेट से निकाली जाएगी?

**जवाब-** सोने-चांदी के जेवर की जकात बाजार में जेवर की कीमत के हिसाब से निकाली जाएगी।

**सवाल-** रोजे के फिदये की मात्रा क्या है?

**जवाब-** एक किलो छह सौ बानवे ग्राम गेहूं, अगर किसी गरीब को खाना खिलाना है तो दो वक्त भर पेट खाना खिलाएं।